seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 श्रीगंगानगर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

दशहरा की शुभकामनाएं

1951 में स्थापित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

www.seemasandesh.in

■ वर्ष : 55 ■ अंक : 287 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12

न्यूज इन ब्रीफ

जियो आईपीओ की बम्पर डिमांड

नई दिल्ली। जियो प्लेटफॉर्म्स के प्रस्तावित आईपीओ से पहले बड़े निवेशकों ने जबरदस्त रुचि दिखाई है। रिपोर्ट के अनुसार, 8,110 करोड़ रुपये की एंकर बुक के मुकाबले 25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बोलियां मिली हैं। इसमें ब्लैक रॉक, कैपिटल ग्रुप, फिडेलिटी समेत कई वैश्विक संस्थानों के साथ देश के प्रमुख म्यूचुअल फंड और बीमा कंपनियां शामिल हैं। आईपीओ के जरिए निवेशकों को कंपनी के डिजिटल और दूरसंचार कारोबार में सीधे निवेश का अवसर मिलेगा।

ट्रेन से ढाई करोड़ की चांदी बरामद

झांसी। त्योहारों के मद्देनजर चलाए जा रहे जांच अभियान में रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की संयुक्त टीम ने एपी एक्सप्रेस से 133 किलोग्राम चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। बरामद चांदी की कीमत करीब ढाई करोड़ रुपये बताई गई है। पुलिस ने चार बोरों के साथ डिलीवरी बॉय नारद तोमर को गिरफ्तार किया।

सलमान को धमकी

मुंबई। टाइगर श्रॉफ की कार पर हुई फायरिंग मामले में एक गैंग ने जिम्मेदारी लेते हुए सलमान खान को धमकी दी है। सोशल मीडिया पोस्ट और ऑडियो में गैंग प्रतिनिधि अनिल पंडित ने सलमान से जेल में बंद गैंगस्टर से माफी मांगने की बात कही। मुंबई क्राइम ब्रांच मामले की जांच कर रही है। टाइगर श्रॉफ फायरिंग के मामले में राजस्थान के कोटा से तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।

कमजोर वैश्विक संकेतों का असर: पश्चिम एशिया तनाव, कच्चे तेल की कीमत और विदेशी बिकवाली से बाजार पर दबाव, सेंसेक्स 876 अंक टूटा, निफ्टी में भी गिरावट

शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, निवेशकों के लगभग पांच लाख करोड़ रुपये डूबे

नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और कमजोर वैश्विक संकेतों के चलते भारतीय शेयर बाजार में सोमवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गई। कारोबार के दौरान सेंसेक्स करीब 1000 अंक तक गिर गया। हालांकि बाद में बाजार ने संभलने की कोशिश की, लेकिन गिरावट का दौर जारी रहा। बाजार बंद होने तक निवेशकों की संपत्ति में करीब 5 लाख करोड़ रुपये की कमी आई। शेयर बाजार में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार मूल्य घटकर 468 लाख करोड़ रुपये से नीचे आ गया। दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 876.37 अंक यानी 1.17 प्रतिशत गिरकर 73,852.90 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला निफ्टी 257.20 अंक यानी 1.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,888.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 74,849.30 और निफ्टी 23,150.85 अंक पर खुले थे।

विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी : विदेशी निवेशक अक्टूबर में लगातार भारतीय शेयरों से पैसा निकाल रहे हैं। हालांकि एक कारोबारी सत्र में उन्होंने 1166 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे, लेकिन महीनेभर की भारी निकासी के मुकाबले यह बहुत कम है। विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक अनिश्चितताओं और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच आने वाले दिनों में बाजार में सतर्कता बनी रह सकती है।



गिरावट के प्रमुख कारण

विशेषज्ञों के अनुसार, बाजार में गिरावट के पीछे कई कारण रहे। पश्चिम एशिया में तनाव के कारण कच्चे तेल की आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ी है। ब्रेंट कच्चा तेल 107 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बना हुआ है। इसके अलावा निजी बैंकों के कमजोर प्रदर्शन, निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली, विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली और कमजोर वैश्विक बाजारों ने भी भारतीय बाजार पर दबाव बनाया।

इन बड़ी कंपनियों और बैंकों के शेयरों में गिरावट दर्ज

सेंसेक्स में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, अडानी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो और इंडिगो के शेयरों में बढ़त रही। वहीं एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और ट्रेंट के शेयरों में गिरावट रही। निफ्टी में स्टील, ओएनजीसी, एसबीआई और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर बढ़त में रहे, जबकि एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स यात्री वाहन, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस और अपोलो हॉस्पिटल्स के शेयरों में गिरावट आई।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दी विजयादशमी की शुभकामनाएं



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विजयादशमी (20 अक्टूबर) के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और लोककल्याण के आदर्शों का संदेश देता है। विजयादशमी का पर्व बुराई, अहंकार और अधर्म पर धर्म एवं न्याय की विजय का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दिन भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर असत्य पर सत्य की जीत स्थापित की थी। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे बुराइयों का त्याग कर समाज में सद्भाव और समरसता को मजबूत करने का संकल्प लें। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महानवमी पर कंजक पूजन भी किया।

अमेरिका के बच्चों को मिल सकता है स्पेसएक्स का शेयर

वाशिंगटन। स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क एक बार फिर से पूरी दुनिया में चर्चा में हैं। उन्होंने नई घोषणा में कहा है कि अगले साल अमेरिका के हर बच्चे को कंपनी का एक शेयर देने की योजना है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इसकी जानकारी दी। हालांकि, शेयर वितरण की प्रक्रिया, पात्रता और समयसीमा स्पष्ट नहीं की गई है। मस्क का यह बयान एआई कंपनी एंथ्रोपिक के जनहित फंड से जुड़े ऐलान के बाद आया है। स्पेसएक्स रॉकेट, अंतरिक्ष मिशन और उपग्रह इंटरनेट सेवाओं के क्षेत्र में काम करती है।

भारत में वोट के जरिये बदलती है सरकार : शहनवाज हुसैन

अजमेर। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने एसआईआर के विरोध और क्रॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में जियारत के बाद उन्होंने कहा, कुछ लोग विदेशी ताकतों के इशारे पर केंद्र सरकार के खिलाफ माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। भारत में सत्ता परिवर्तन वोट के माध्यम से होता है। उन्होंने एसआईआर का विरोध करने वालों पर कहा कि कुछ लोग रिजीम चेंज की बात कर रहे हैं, लेकिन भारत में बांग्लादेश जैसे हालात पैदा कर सरकार नहीं बदली जा सकती।



आज फिर जलेगा 'अहंकार'

श्रीगंगानगर। विजय दशमी महोत्सव 20 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। रामलीला मैदान में 70 फीट के रावण का अद्भुत दहन होगा। इसके साथ ही 65-65 फुट के मेघनाथ व कुंभकरण के पुतले जलाये जायेंगे। इससे पहले शोभायात्रा निकलेगी।



Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st Aug. 2026. #The Cashback of 5% upto ₹5000 is applicable on the transaction between ₹30 000 to ₹1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. ~Ex-showroom price of HF Deluxe Canvas Self start variant applicable in Rajasthan. *Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलर: श्रीगंगानगर: सूर्या ऑटोमोबाईल्स प्रा.लि., 9289922194, बीकानेर: राजाराम धारणिया हीरो, गोगा गेट सर्किल के पास, 9289922708 करण हीरो, म्यूजियम सर्किल के पास, 9289922528, एक्सटेंशन काउंटर : राजाराम धारणिया ऑटोमोबाईल्स, अनाज मण्डी गेट के सामने 7229822929, 8048243279, कालू रोड, लूणकरणसर, 8000294880, श्री गंगानगर रोड, 7428598938, चुरू: महालक्ष्मी हीरो, 9289922872, एसोशिएट डीलर: सूरतगढ़: बंसल ऑटो एवं रिपेयरिंग सेंटर, 9414092085, अनूपगढ़: बी.एस. मोटर्स, 9982725676, रायसिंहनगर: राजू ऑटो स्पेयर्स, 9414480981, करणपुर: जगदम्बा ऑटोमोबाईल्स, 9828297920, विजयनगर: राजू ऑटो एजेंसी, 9549228881, गजसिंहपुर: रामदेव ऑटोमोबाईल्स, 9772727008, घड़साना: संधु मोटर्स, 9782712236, पदमपुर: गिल ऑटो, 9414506065, बींझबायला: खालसा ऑटोमोबाईल्स, 9460602222, रिड़मलसर: सिद्धू ऑटोज, 9928296984, हनुमानगढ़: माँ भगवती मोटर्स, 8875901000, 8875907000, रावतसर: एस.बी. मोटर्स, 9414636600, 9166066604, भादरा: बंसल ऑटोमोबाईल्स, 8302473860, 9664487183, नोहर: कृष्णा मोटर्स, 9414503107, पीलीबंगा: आर.एल. मोटर्स, 7426835220, संगरिया: एस.एम. ऑटोमोबाईल्स, 9784490100, जैतसर: गजरा ऑटोमोबाईल्स, 9667761860, पल्लू: जय भवानी मोटर्स, 9672000078, टिब्बी: आर एण्ड आर ऑटोमोबाईल्स, 9588736600, हनुमानगढ़ जंक्शन: श्री महेश मोटर्स, 9079429111, गोलूवाला: प्रगति मोटर्स, 8696162229, रावलामंडी: ओम गणपति मोटर्स, 9887256445.

दशहरा-दीपावली को लेकर तैयारियां जोरों पर

बाजार मेन और नमकीन की महक



बजरंग शर्मा

श्रीगंगानगर। नवरात्र पर्व के श्रीगणेश होने के साथ ही बाजार में त्योहारी सीजन का शानदार आगाज हो चुका है। शहर के बाजार में हर छोटा बड़ा व्यापारी व दुकानदार अपने-अपने हिसाब से ना केवल माल की खरीददारी कर रहा है बल्कि अपनी अपनी दुकानों को सजाने में जुटा है। मिष्ठान विक्रेताओं और नमकीन प्रतिष्ठानों पर विशेष चहल-पहल देखी जा रही है। इसी तरह बाजार में मिठाई व नमकीन आयटमों को छोटे-बड़े प्रतिष्ठानों के मालिक अच्छे हलवाईयों व कारीगरों की तलाश में हैं। दशहरा व दीपावली पर्व को लेकर मिठाईयों को बनाने का काम बड़ी तेजी से चल रहा है। शहर में हर छोटा-बड़ा मिठाई विक्रेता इन त्योहारों को अतिरिक्त मिठाई व नमकीन तैयार करवा रहा है। बाजार में दशहरा पर्व भी हर प्रकार की मिठाईयों की खरीददारी लोगबाग अपने घर परिवार में लेकर जाते हैं।

ड्राई फ्रूट के दामों में अभूतपूर्व वृद्धि

राजस्थान ड्राई फ्रूट संस्थान के संचालक अनिल गुप्ता ने बताया कि इस बार ड्राई फ्रूट्स के दामों में बढ़ोतरी होने से आगामी त्योहारी सीजन के की जानी खरीदारी को लेकर चिंतित है। त्योहार पर बड़ी-बड़ी कंपनियों व संस्थानों सहित परिवारों के द्वारा गिफ्ट हैम्पर के रूप में ड्राई फ्रूट देने की परम्परा रही है।

गुणवत्ता से समझौता ना हो

शहर सबसे पुरानी मिठाई की दुकान के मालिक हुक्मीचंद शर्मा ने बताया कि त्योहार हो चाहे घर में कोई अन्य उत्सव या फंक्शन मिठाई व नमकीन की गुणवत्ता पूर्ण ही खरीदनी चाहिए। मात्रा में कम खा लो लेकिन कभी गुणवत्ता से समझौता नहीं करना चाहिए। पूरे सोशल मीडिया पर मिलावट को लेकर ना जाने कितना ज्ञान दिया जा रहा है। दूध, घी, मक्खन, तेल सब में मिलावट की कहानियां सामने आ रही है। इसलिए अच्छा हो कि हम विश्वसनीय संस्थान से मिठाई आदि की खरीददारी करें। उन्होंने बताया कि देशी घी से निर्मित मिठाईयों के दामों में गत वर्ष की बजाय कुछ वृद्धि हुई है लेकिन दीपावली 12 महीने बाद आने वाला त्योहार है, ऐसे में हमें अपने बच्चों-बुजुर्गों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सही गुणवत्ता की मिठाईयां ही खरीदनी चाहिए। हुक्मीचंद शर्मा ने बताया कि उनके यहां मिठाईया व नमकीन बनाने के दौरान शुद्धता व शुचिता का पूरा ध्यान रखा जाता है। विशेष तौर पर सवामणी आदि या विवाह शादियों के लिए मिठाईयों का ज्यादा काम रहता है। इसके अलावा काउंटर सैल भी ठीकठाक है।



खरीददारी सदाबहार

रवीन्द्र पथ स्थित शर्मा मिष्ठान के मालिक राकेश गुरावा ने बताया कि मिठाई और नमकीन की बिक्री तो हमारे शहर में सदाबहार रहती है। नवरात्रा, दशहरा व दीपावली के त्योहारी सीजन पर इनकी बिक्री ज्यादा होती है। क्योंकि त्योहार पर हर परिवार इनकी खरीददारी करते है। उनके यहां नमकीन आयटम व मिठाई बनाने में स्वच्छता के साथ साथ गुणवत्ता का भी पूरा ध्यान रखा जाता है। प्रतिष्ठान पर मांग व खपत के साथ-साथ ग्राहकों के ऑर्डर के अनुसार माल तैयार किया जाता है। उनके यहां परंपरागत राजस्थानी नमकीन मोटा भुजिया, पापड़ी, छोटा समोसा व कचौरी, गांठिया, सेळ, इमरती, बर्फी, सोन पापड़ी, चंद्रकला सहित हर प्रकार की मिठाईयां वे स्वयं अपने सान्निध्य में तैयार करवाते हैं।



भाविप ने आयोजित की राष्ट्रीय समूहगान प्रति.

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। भारत विकास परिषद, प्रताप शाखा द्वारा नई धानमण्डी स्थित दी गंगानगर ट्रेडर्स एसोसिएशन भवन में शाखा स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया गया। अध्यक्ष तरसेम तायल के अनुसार, कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ, जबकि सुशील जैन (बांठिया) ने वंदे मातरम् का गायन करवाया।



इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की सात टीमों ने हिंदी व संस्कृत के देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिता में नोजगे पब्लिक स्कूल ने प्रथम, नॉलेज हाइट्स पब्लिक स्कूल ने द्वितीय तथा श्री गुरु नानक बाउमावि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा महात्मा गांधी उमावि इंदिरा चौक, श्री सनातन धर्म बा.उ.मा.वि., बिरला पब्लिक स्कूल और सरस्वती पब्लिक स्कूल की टीमों ने भी भाग लिया। सभी विजेता टीमों को सम्मानित किया गया।

श्रीगंगानगर में कैरेटलेन के शोरूम का शुभारंभ

डायमंड ज्वैलरी पर मिल रही है फ्लैट 20% की विशेष छूट

CARATLANE
A TATA PRODUCT

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। टाटा समूह के देश के सबसे भरोसेमंद ज्वैलरी ब्रांड्स में से एक "कैरेटलेन" का नया और भव्य शोरूम अब श्रीगंगानगर में शुरू हो चुका है। आज आयोजित हुए इस उद्घाटन समारोह में श्रीगंगानगर के विधायक जयदीप बिहानी, टांटिया यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर मोहित टांटिया और सभापति लक्की दावड़ा, कांग्रेस के युवा नेता भूपेन्द्र चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शोरूम का भव्य शुभारंभ किया।

50-51, एन-ब्लॉक, गौशाला रोड, श्रीगंगानगर स्थित इस नए शोरूम के संचालक सन्नी सेठी ने बताया कि इस स्टोर के माध्यम से ग्राहकों को आधुनिक शैली, बेहतरीन फिनिशिंग और सदाबहार डिजाइनों वाली उत्कृष्ट ज्वैलरी उपलब्ध कराई जा रही है। टाटा समूह की विश्वसनीयता के साथ इस शोरूम में लाइट-वेट डेली वेयर से लेकर शादियों और खास अवसरों के लिए उपयुक्त एक से बढ़कर एक मनमोहक डायमंड और गोल्ड ज्वैलरी का विशाल कलेक्शन उपलब्ध है।



लॉन्च का आकर्षक ऑफर

शोरूम के इस भव्य लॉन्च अवसर को शहरवासियों और आभूषण प्रेमियों के लिए और अधिक यादगार बनाने के लिए ब्रांड की ओर से एक शानदार स्पेशल लॉन्च ऑफर पेश किया गया है। इसके तहत स्टोर के लॉन्च के अवसर पर सभी डायमंड ज्वैलरी पर फ्लैट 20% की भारी छूट दी जा रही है। कंपनी प्रबंधन, स्टोर टीम और गणमान्य अतिथियों ने शहर के समस्त नागरिकों और ज्वैलरी प्रेमियों से इस नए शोरूम पर आकर इस आकर्षक छूट और बेहतरीन डिजाइनों का लाभ उठाने की अपील की है। इस मौके पर अनेक गन्यमान्य नागरिक उपस्थित थे।

बिल में इंजन-चेसिस नंबर मिलाएं, आरसी में मालिकाना विवरण जांचें

ट्रैक्टर की चाबी ही नहीं, कागज भी जरूरी! आरसी से लेकर फाइनेंस और बीमा तक, एक चूक पड़ेगी भारी

हर किस्त व रजिस्ट्रेशन फीस की रसीद संभालें; एक्सचेंज में पुराने ट्रैक्टर के नामांतरण की पुष्टि किए बिना न मानें सौदा पूरा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

ट्रैक्टर खरीदने के बाद किसान अक्सर उसकी कीमत, हॉर्सपावर और फीचर्स पर तो ध्यान देते हैं, लेकिन रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (आरसी), फाइनेंस और बीमा से जुड़े कागजात की जांच को उतनी प्राथमिकता नहीं देते। जबकि यही दस्तावेज भविष्य में किसी विवाद, अतिरिक्त वसूली या ट्रैक्टर के मालिकाना हक से जुड़ी परेशानी से बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। कई बार किसान के पास ट्रैक्टर की चाबी तो होती है, लेकिन खरीद से जुड़े जरूरी कागजात अधूरे होते हैं। इसलिए ट्रैक्टर की डिलीवरी लेते समय पूरी फाइल तैयार करना उतना ही जरूरी है, जितना ट्रैक्टर की जांच करना।

खरीद के कागज: सबसे पहले बिल की जांच

: ट्रैक्टर खरीदते समय टैक्स इनवॉइस यानी पक्का बिल जरूर लें। इसमें ट्रैक्टर का सही मॉडल, वेरिएंट, हॉर्सपावर (एचपी), इंजन नंबर, चेसिस नंबर, कीमत और लागू जीएसटी का विवरण स्पष्ट होना चाहिए। बिल में दर्ज इंजन और चेसिस नंबर को ट्रैक्टर पर अंकित नंबरों से मिलाना भी जरूरी है। यदि ट्रैक्टर के साथ टूल किट, हुक, ड्रॉबार, बंपर या अन्य एक्सेसरीज देने का वादा किया गया है, तो उनकी सूची भी लिखित में लें। एक्सचेंज ऑफर के तहत पुराना ट्रैक्टर दिया है, तो उसकी तय कीमत और फ्ठ ट्रांसफर से जुड़े दस्तावेजों की पावती संभालकर रखें। इससे बाद में पुराने ट्रैक्टर के नामांतरण या भुगतान को लेकर विवाद होने पर रिकॉर्ड उपलब्ध रहेगा।

RC में गलती, तो भविष्य में परेशानी:

रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट ट्रैक्टर के पंजीकरण और उसमें दर्ज वाहन संबंधी विवरण का महत्वपूर्ण प्रमाण है। किसान को फ्ठ में दर्ज अपना नाम, इंजन नंबर, चेसिस नंबर और अन्य विवरण बिल तथा ट्रैक्टर के वास्तविक नंबरों से मिलाने चाहिए। यदि ट्रैक्टर फाइनेंस पर खरीदा गया है, तो फ्ठ में दर्ज हाइपोथिकेशन यानी फाइनेंस कंपनी के हित से संबंधित विवरण भी जांचें। फाइनेंस पूरा होने के बाद कंपनी से आवश्यक दस्तावेज लेकर फ्ठ से हाइपोथिकेशन हटवाने की प्रक्रिया पूरी करें। आरसी में कोई गलती हो तो संबंधित परिवहन विभाग या अधिकृत माध्यम से उसे ठीक करवाएं। रजिस्ट्रेशन की फीस के नाम पर भुगतान करते समय उसकी आधिकारिक रसीद जरूर लें। इससे यह स्पष्ट रहेगा कि कितना शुल्क जमा हुआ और किस मद में भुगतान किया गया। केवल मौखिक जानकारी या डीलर के आश्वासन पर निर्भर न रहें।

फाइनेंस का हिसाब: हर किस्त की रसीद जरूरी

ट्रैक्टर लोन लेते समय किसान को केवल मासिक किस्त जानकर संतुष्ट नहीं होना चाहिए। फाइनेंस कंपनी से लोन की कुल राशि, ब्याज दर, किस्तों की संख्या, भुगतान का शेड्यूल और अन्य शुल्कों की जानकारी लिखित में लें।

लोन से संबंधित KFS (की-फैक्ट स्टेटमेंट), स्वीकृति पत्र, रिपेमेंट शेड्यूल और हर किस्त के भुगतान की रसीद संभालकर रखें। फाइनेंस कंपनी की ओर से लगाए गए किसी अतिरिक्त शुल्क की जानकारी भी जांचें। लोन की राशि, डाउन पेमेंट और ट्रैक्टर के बिल में दर्ज कीमत का मिलान करना जरूरी है, ताकि किसान को पता रहे कि उसने कितना भुगतान किया और कितना कर्ज बाकी है।

बीमा और सर्विस के दस्तावेज भी संभालें:

ट्रैक्टर की बीमा पॉलिसी की कॉपी लें और उसमें मालिक का नाम, वाहन का विवरण, बीमा की अवधि तथा लागू कवरेज की जांच करें। बीमा समाप्त होने से पहले उसका नवीनीकरण करवाएं। इसके साथ ही वारंटी कार्ड और सर्विस बुक भी जरूर लें। डिलीवरी की तारीख, डीलर की मुहर और सर्विस से जुड़ी प्रविष्टियां भविष्य में वारंटी या मरम्मत संबंधी दावे के समय उपयोगी हो सकती हैं।

एक्सचेंज में पुराना ट्रैक्टर दिया है? यह गलती न करें

यदि नया ट्रैक्टर खरीदते समय पुराना ट्रैक्टर एक्सचेंज में दिया गया है, तो किसान यह सुनिश्चित करें कि उसके नाम से पुराने वाहन का हस्तांतरण निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पूरा हो। केवल ट्रैक्टर सौंप देना पर्याप्त नहीं है। पुराने वाहन की बिक्री या हस्तांतरण की लिखित पावती रखें और संबंधित परिवहन विभाग के रिकॉर्ड में नामांतरण की स्थिति की पुष्टि करें।

जब तक हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी न हो, तब तक पुराने ट्रैक्टर से जुड़े दस्तावेज सुरक्षित रखें। इससे भविष्य में किसी चालान, दुर्घटना या मालिकाना हक से जुड़े विवाद की स्थिति में रिकॉर्ड काम आ सकता है।

आरसी की अच्छी तरह से जांच कर लें



नये ट्रैक्टर की खरीद पर कंपनियां ही नंबर देती है। यदि ग्राहक ऐच्छिक नम्बर लेना चाहे तो जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय में 11 हजार का डीडी लगाना पड़ता है। पुराने ट्रैक्टर की खरीद के लिए विक्रेता और खरीददार दोनों का आधार कार्ड, सेल लैटर, 29 नंबर फार्म(2) व 30 नंबर फार्म(1) पूरा विवरण भरकर, बीमा, प्रदूषण क्लीयर आदि के दस्तावेज जरूरी होते हैं। लोन आदि के मामले में खरीददार को चाहिए कि वो पिछली पार्टी से लोन अदा की एनओसी, 35 नंबर फॉर्म आदि लेने चाहिए। पुराना ट्रेक्टर खरीदते समय यह विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है कि ट्रैक्टर की चिपवाली आरसी में लोन आदि की किस्तों का पता नहीं चलता। ऐसे खरीदार को चाहिए कि वह उस ट्रैक्टर की आरसी (चिपवाली) को जिला परिवहन कार्यालय में ले जाकर लोन आदि की किश्तों के चुकता होने की तस्दीक कर लेवें।

-प्रवीण कुमार, एजेंट जिला परिवहन कार्यालय , श्रीगंगानगर

सीमा संदेश की सलाह: एक फाइल बनाएं, हर कागज संभालकर रखें

ट्रैक्टर खरीदते समय बिल, फ्ठ, बीमा पॉलिसी, फाइनेंस के दस्तावेज, भुगतान की रसीदें, वारंटी कार्ड, सर्विस बुक और एक्सेसरीज की सूची एक ही फाइल में रखें। इन सभी कागजात की तस्वीरें मोबाइल में भी सुरक्षित कर लें। डिजिटल कॉपी उपयोगी है, लेकिन जहां मूल दस्तावेज या आधिकारिक प्रमाण जरूरी हों, वहां उनकी आवश्यकता का ध्यान रखें। याद रखें, ट्रैक्टर की चाबी आपको वाहन चलाने की सुविधा देती है, लेकिन सही दस्तावेज आपके अधिकारों और आर्थिक हितों की रक्षा करने में मदद करते हैं। खरीदारी तभी पूरी मानें, जब ट्रैक्टर के साथ उससे जुड़े कागजात का हिसाब भी पूरा हो।

अगली कड़ी में पढ़ें: फाइनेंस का फंदा – ट्रैक्टर की किस्त और कुल कीमत का पूरा हिसाब।

जागो किसान जागो अभियान के तहत जानिए जीएसटी कटौती का पूरा हिसाब

अगली कड़ी · 21 अक्टूबर
"फाइनेंस का फंदा"

आपके साथ धोखा हुआ? हमें बताएं
बिल, लोन या रसीद की फोटो के साथ WhatsApp पर लिखें या वॉइस नोट भेजें। आपकी पहचान आपकी अनुमति के बिना नहीं छापी जाएगी।

स्कैन करें या संदेश भेजें
93528 93528

किसान की बात, किसान के साथ – यही है सीमा सन्देश की पहचान 1951 से

आस्था : अन्नक्षेत्र श्रीराम मंदिर में अखंड राम नाम संकीर्तन की पूर्णाहुति आज

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। सूरतगढ़ रोड स्थित अन्नक्षेत्र श्रीराम मंदिर में वार्षिकोत्सव एवं शारदीय नवरात्रों के उपलक्ष्य में चल रहे संगीतमय अखंड राम नाम संकीर्तन की पूर्णाहुति मंगलवार को विजयादशमी के पावन अवसर पर होगी। इस अवसर पर सुबह 12:15 बजे सियाराम जय-जय सियाराम के अखंड संकीर्तन को विराम दिया जाएगा। इसके पश्चात श्री बालाजी मानस मंडल की ओर से भजन-कीर्तन के माध्यम से प्रभु श्रीराम एवं बालाजी महाराज का गुणगान किया जाएगा। प्रभु श्रीराम को महाभोग अर्पित करने के बाद महाआरती होगी तथा श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया जाएगा। साथ ही माता अन्नपूर्णा का अटूट भंडारा भी लगाया जाएगा। सोमवार शाम श्री धर्मसंघ संस्कृत महाविद्यालय, श्रीगंगानगर के संचालक ब्रह्मचारी कल्याण स्वरूप जी महाराज अन्नक्षेत्र श्रीराम मंदिर पहुंचे। उन्होंने अखंड राम नाम संकीर्तन में सहभागिता कर प्रभु श्रीराम के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।? इस दौरान श्रीगंगानगर सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर प्रभु के दर्शन करते हैं, मन्नतें मांगते हैं और माता अन्नपूर्णा के भंडारे में प्रसादी ग्रहण की। इस बार अखंड संकीर्तन में छह बच्चियों की टीम सहित 40 सेवादारों ने विशेष भागीदारी निभाई। वहीं, भंडारा में 150 से अधिक सेवादारों ने सेवा कार्य संभाला।

श्रीगंगानगर में मारुति सुजुकी एरेना के नए सर्विस आउटलेट का भव्य उद्घाटन आज

श्रीगंगानगर : डूडी ऑटोमोबाइल्स ने दी ग्राहकों को बड़ी सौगात

श्रीगंगानगर। वाहन चालकों और मारुति सुजुकी के प्रेमियों के लिए श्रीगंगानगर में एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। शहर के प्रतिष्ठित डूडी ऑटोमोबाइल्स द्वारा मारुति सुजुकी एरेना के एक अत्याधुनिक और नए सर्विस आउटलेट का भव्य शुभारंभ डूडी ऑटोमोबाइल्स, एसएमएल हनुमानगढ़-सूरतगढ़ बाईपास, नियर रिद्धि सिद्धि एन्क्लेव 5, श्रीगंगानगर का 20 अक्टूबर मंगलवार को सुबह 10:00 बजे से ऑनवर्ड्स होने जा रहा है। यह नया आउटलेट ग्राहकों को बेहतरीन और उच्च स्तर की ऑटोमोटिव सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार है।



ग्राहकों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

डूडी ऑटोमोबाइल्स के संचालक सुरेश डूडी ने बताया कि डूडी ऑटोमोबाइल्स हमेशा से अपनी बेहतरीन ग्राहक सेवाओं के लिए जाना जाता है। इस नए एरेना सर्विस आउटलेट के खुलने से श्रीगंगानगर और आसपास के क्षेत्रों के ग्राहकों को अपनी कारों की सर्विसिंग, मेंटेनेंस और अन्य सपोर्ट के लिए और अधिक आधुनिक व सुविधाजनक विकल्प मिल सकेगा। इस आउटलेट पर मारुति सुजुकी की लोकप्रिय गाड़ियां जैसे विक्टोरिस, नई ब्रेजा , एर्टिगा, डिजायर और स्विफ्ट जैसी शानदार रेंज के साथ-साथ उत्कृष्ट सर्विस का अनुभव मिलेगा। शहर के सभी गणमान्य नागरिकों और ग्राहकों को इस उद्घाटन समारोह में सादर आमंत्रित किया है।

सुबह साढ़े छह बजे हुआ कटाव, पांच-सात सौ फीट के दायरे में दो बार टूटने का आरोप

जेड माइनर नहर फिर टूटी, किसानों की सिंचाई की बारी प्रभावित

श्रीगंगानगर। जेड माइनर नहर सोमवार सुबह करीब साढ़े छह बजे टूट गई, जिससे आसपास के खेतों में पानी फैल गया और किसानों को नुकसान उठाना पड़ा। नहर में करीब 25 फीट का कटाव आने की जानकारी सामने आई है। सूचना मिलने पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों और किसानों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। नहर में पीछे से पानी बंद करवाकर टूटे हिस्से को दुरुस्त करने की तैयारी शुरू की गई। जेड नहर के चेयरमैन एवं किसान नेता मंगा सिंह ने बताया कि उन्हें सुबह करीब सवा सात बजे नहर टूटने की सूचना मिली। इसके बाद उन्होंने सहायक अभियंता (एईएन) को फोन कर पानी कम करवाने के लिए कहा। मौके पर पहुंचने के बाद नहर में पानी का प्रवाह पूरी तरह बंद करवाया गया। उन्होंने बताया कि नहर के नीचे से गुजरने वाली पाइपों में बार-बार रुकावट आने के कारण पानी का स्तर बढ़ जाता है और नहर के ओवरफ्लो होने की समस्या पैदा होती है। इस बार भी पाइपों में एक चारपाई फंसने से पानी का बहाव बाधित हुआ और पीछे पानी जमा होने के कारण नहर टूट गई।



किसानों का कहना है कि जेड माइनर नहर पांच-सात सौ फीट के दायरे में दो बार टूट चुकी है। इससे सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है और किसानों की पानी की निर्धारित बारी निकल जाती है। किसान अंग्रेज सिंह ने बताया कि नहर टूटने की सूचना मिलने के बाद पानी कम करवाने के प्रयास किए गए, लेकिन उनके अनुसार समय रहते पानी का प्रवाह पर्याप्त रूप से कम नहीं होने से कटाव बढ़ गया। किसानों ने कहा कि नहर की मरम्मत मजबूत तरीके से की जानी चाहिए, ताकि दोबारा ऐसी स्थिति पैदा न हो। किसानों ने बताया कि नहर टूटने से सोमवार की सिंचाई की बारी प्रभावित हुई है। उनका कहना है कि नहर की मरम्मत और पानी दोबारा चालू होने में लगने वाले समय के कारण मंगलवार की बारी पर भी असर पड़ सकता है। किसानों ने मांग की कि नहर को अच्छी तरह दुरुस्त करने के बाद ही पानी छोड़ा जाए, ताकि अगली बारी में खेतों तक पर्याप्त पानी पहुंच सके। वर्तमान में सरसों की बुवाई का सीजन चल रहा है। ऐसे समय में सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलना किसानों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। किसानों के अनुसार, पानी की बारी निकलने से बुवाई का काम प्रभावित हो सकता है और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने प्रशासन और सिंचाई विभाग से नहर की स्थायी मरम्मत करवाने तथा निर्धारित क्षमता के अनुसार पानी चलाने की मांग की है।

दशहरा पर्व की हार्दिक बधाई



खुशवंत सिंह संधू

संधू ट्रेडिंग कंपनी, दुकान नं.75, पदमपुर
जौ बीज लेने के लिए संपर्क करें : मो.90019-30004

मौसम

अधिकतम 33.8° | न्यूनतम 19.5°

आर्द्रता

सुबह 80% | शाम 49%

विंड स्पीड

4-10KM/h

आज का सूर्यास्त

05:59PM

कल का सूर्योदय

06:40AM

मुख्यतः आसमान साफ रहेगा।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,47,180

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,36,120

चांदी (प्रति किलो) ₹2,12,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

देरी से चली बीकानेर-सराय रोहिल्ला रेलसेवा

श्रीगंगानगर। लिंक रेक देरी से उपलब्ध होने के कारण बीकानेर से दिल्ली सराय रोहिल्ला जाने वाली रेलसेवा को रीशड्यूल किया गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार, गाड़ी संख्या 12456 बीकानेर-दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलसेवा सोमवार को अपने निर्धारित समय से दो घंटे की देरी से रवाना हुई। इस ट्रेन का बीकानेर से प्रस्थान समय शाम 4:45 बजे निर्धारित है, लेकिन लिंक रेक समय पर उपलब्ध नहीं होने के कारण इसके संचालन में बदलाव करना पड़ा। रेलवे प्रशासन ने परिचालन संबंधी कारणों के चलते रेलसेवा को पुनर्निर्धारित समय पर संचालित किया। इसके चलते यात्रियों को ट्रेन के प्रस्थान के लिए निर्धारित समय से अधिक इंतजार करना पड़ा।

श्रीगंगानगर में जिला परिषद चुनाव के लिए नामांकन शुरू: पहले दिन 50 नामांकन फॉर्म लिए, 39 वार्डों के लिए तीन काउंटरों पर जोनवाइज व्यवस्था

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर जिले में पंचायतीराज चुनाव के तीसरे चरण के तहत जिला परिषद सदस्य पदों के लिए सोमवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन तीनों काउंटरों पर करीब 50 नामांकन फॉर्म लिए गए। जिला परिषद के 39 वार्डों के लिए 23 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। इसके लिए प्रशासन ने वार्डों को तीन जोन में बांटकर अलग-अलग काउंटर बनाए हैं।



किस जोन के लिए कहां जमा होंगे नामांकन?

जिला परिषद के 39 वार्डों के लिए तीन काउंटर बनाए गए हैं। इन पर जोन के अनुसार नामांकन पत्र लिए जा रहे हैं।
पहला काउंटर: जोन नंबर 1 से 13 तक, **दूसरा काउंटर:** जोन नंबर 14 से 26 तक, **तीसरा काउंटर:** जोन नंबर 27 से 39 तक

39 वार्डों के लिए तीन काउंटरों पर नामांकन

प्रशासनिक अधिकारी नीरज शर्मा ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के लिए जोन के अनुसार तीन काउंटर बनाए गए हैं। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन), अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सतर्कता) और राजस्व अपीलीय अधिकारी के निर्देशन में नामांकन से जुड़ी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। प्रत्येक काउंटर पर तय जोन के उम्मीदवारों के नामांकन पत्र लेने की व्यवस्था की गई है। उम्मीदवार अपने वार्ड के अनुसार निर्धारित काउंटर पर नामांकन पत्र जमा करवा सकेंगे।

23 अक्टूबर तक दाखिल कर सकेंगे पर्चे

जिला परिषद सदस्य पद के लिए 19 से 23 अक्टूबर तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। उम्मीदवारों को नामांकन प्रक्रिया पूरी करने के लिए पांच दिन का समय दिया गया है। अंतिम दिन काउंटरों पर उम्मीदवारों और उनके समर्थकों की आवाजाही बढ़ने की संभावना है। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की स्थिति स्पष्ट होने लगेगी। जिला परिषद के 39 वार्डों में आरक्षण के अनुसार उम्मीदवार चुनाव लड़ सकेंगे।

सरसों तेल, घी सहित अन्य पदार्थों के सैम्पल लिये

मिठाई की दुकानों से लेकर मार्ट तक पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

राज्य सरकार के शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सोमवार को जिले में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि एक जागरूक नागरिक की विभागीय व्हाट्सएप नंबर पर की गई शिकायत के आधार पर गोल बाजार स्थित जैन कुल्फा से रस मलाई का सैंपल लिया। वहीं जवाहरनगर स्थित आदिश्री मार्ट से सरसों के तेल का नमूना लेने के साथ ही अवधिपार खाद्य सामग्री नष्ट करवाई गई। इसी प्रकार गोदारा मावा भंडार से मीठे मावे का सैंपल लिया गया। कार्रवाई एफएसओ मंजूबाला, कंवरपाल सिंह एवं नित्या शर्मा ने की। इसी क्रम में एफएसओ हेतराम खुड़िया ने रायसिंहनगर के मुख्य बाजार स्थित अग्रवाल इंडस्ट्रीज से ऊंट ब्रांड सरसों के तेल एवं खुले सरसों के तेल के सैंपल लिए। जगदीश राय योगेश कुमार प्रतिष्ठान से पंजाब फ्रेश ब्रांड घी एवं खुले बेसन का सैंपल लिया गया। रायसिंहनगर के ही मुख्य बाजार स्थित लक्ष्मी जोधपुर भंडार से गुलाब जामुन का सैंपल लिया गया। वहीं जिला मुख्यालय पर वृद्ध आश्रम मार्ग स्थित शंकर स्वीट एंड नमकीन कॉर्नर से बेसन बर्फी, चहल चौक स्थित सुपर मैक्स सुपर स्टोर से हल्दी पाउडर एवं धनिया पाउडर और 6 ई छोटी स्थित चौधरी डेयरी फार्म से गाय के दूध का सैंपल लिया गया। यह कार्रवाई एफएसओ हंसराज गोदारा, रेणु चौधरी एवं उर्मिला भादू ने की।



पुरी-श्रीगंगानगर-पुरी रेलसेवा की आंशिक रद्दीकरण अवधि बढ़ाई

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। रेलवे द्वारा खुर्दा रोड मंडल के पुरी स्टेशन पर प्लेटफॉर्म उन्नयन कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के कारण पुरी-श्रीगंगानगर-पुरी एक्सप्रेस रेलसेवा के आंशिक रद्दीकरण की अवधि में विस्तार किया जा रहा है। रेलवे से मिली जानकारी अनुसार गाड़ी संख्या 20471, श्रीगंगानगर-पुरी एक्सप्रेस 25 अक्टूबर, 1, 08, 15, 22 एवं 29 नवंबर तथा 06, 13, 20 एवं 27 दिसंबर और 3 एवं 10 जनवरी को श्रीगंगानगर से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा मालतीपाटपुर स्टेशन पर 09.40 बजे तक ही संचालित होगी। मालतीपाटपुर-पुरी स्टेशनों के मध्य यह रेलसेवा आंशिक रूप से रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 20472, पुरी-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस 21 एवं 28 अक्टूबर तथा 04, 11, 18 एवं 25 नवंबर और 02, 09, 16, 23 एवं 30 दिसंबर 2026 तथा 06 जनवरी को पुरी के स्थान पर मालतीपाटपुर स्टेशन से 07.45 बजे प्रस्थान करेगी। अर्थात पुरी-मालतीपाटपुर स्टेशनों के मध्य यह रेलसेवा आंशिक रूप से रद्द रहेगी।

व्यापारिक संगठनों को साथ लेकर सीएम एवं वित्त मंत्री से मिलने का दिया सुझाव

चाय पत्ती पर कृषक कल्याण शुल्क को लेकर व्यापारियों ने जताई नाराजगी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

राजस्थान में चाय पत्ती पर लगाए जा रहे कृषक कल्याण शुल्क को लेकर चाय व्यापारियों ने चिंता जताई है। चाय व्यापार संघ की ओर से इस संबंध में विरोध पत्र भी दिया गया है। व्यापारियों का कहना है कि चाय राजस्थान की मूल कृषि उपज नहीं है, बल्कि इसे अन्य राज्यों से प्रदेश में बिक्री, प्रसंस्करण और उपभोग के लिए लाया जाता है। ऐसे में इस पर शुल्क लगाए जाने से व्यापारियों के साथ-साथ आम उपभोक्ताओं पर भी आर्थिक भार पड़ सकता है। इस मुद्दे पर विधायक जयदीप बिहाणी ने व्यापारियों को सुझाव दिया कि जयपुर, कोटा, उदयपुर और जोधपुर सहित प्रदेश के प्रमुख जिलों के व्यापारिक संगठनों को साथ लेकर एक प्रतिनिधिमंडल गठित किया जाए। यह प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री से मुलाकात कर शुल्क से जुड़ी समस्याओं और इसके संभावित प्रभावों को तथ्यों के साथ प्रस्तुत करे।



चाय की कीमतों में वृद्धि की आशंका: विधायक बिहाणी ने कहा कि चाय आम जनजीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है और समाज के हर वर्ग में इसका उपयोग होता है। ऐसे में कृषक कल्याण शुल्क के कारण चाय की कीमतों में वृद्धि की आशंका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसलिए सरकार के समक्ष व्यापारियों का पक्ष मजबूती से रखा जाना चाहिए, ताकि इस विषय पर उचित समाधान निकल सके। विधायक ने व्यापारियों से धैर्य बनाए रखने और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी समस्याएं सरकार तक पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से समझते हुए इस विषय पर सकारात्मक रुख अपनाएंगे और समाधान निकालने का प्रयास करेंगे।विधायक बिहाणी को ज्ञापन पत्र देने वालों मे संघ के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल, महामंत्री रतनलाल सिंगल, उपाध्यक्ष संदीप शेरेवाला, जसवंत गोयल, रमेश गर्ग, मोहन गर्ग, विनोद गर्ग आदि शामिल थे।

MARUTI SUZUKI ARENA

शानदार दशहरा ऑफ़र्स के साथ जीत का जश्न।



EFFECTIVE PRICE ₹3 20 299*

EFFECTIVE PRICE ₹4 15 299*

EFFECTIVE PRICE ₹4 34 300*

Booking Bonanza UP TO ₹11 000**

SCAN TO CONNECT TO SHOWROOM NEAR YOU

E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM

Contact us at 1800-102-1800

The effective price for Alto K10 STD of ₹ 3.20 Lakh has been calculated after deducting the applicable consumer offer of ₹15 000, exchange/ scrappage bonus of ₹15 000, Smart Exchange Plan Offer of ₹10 000, Booking offer* of ₹7 100 and ISL offer of ₹2 500 from the ex-showroom price of ₹3.69 Lakh. The effective price for Celerio LXI of ₹4.15 Lakh has been calculated after deducting the applicable consumer offer of ₹20 000, exchange/ scrappage bonus of ₹15 000, Smart Exchange Plan Offer of ₹10 000, Booking offer* of ₹7 100 and ISL offer of ₹2 500 from the ex-showroom price of ₹4.69 Lakh. The effective price for WagonR LXI of ₹4.34 Lakh has been calculated after deducting the applicable consumer offer of ₹35 000, exchange/ scrappage bonus of ₹15 000, Smart Exchange Plan Offer of ₹10 000, Booking offer* of ₹2 100 and ISL offer of ₹2 500 from the ex-showroom price of ₹4.98 Lakh. The Smart Exchange Plan Offer is applicable only in respect of cars that are up to (and including) six years old and may be availed only in the event of an exchange in combination with the applicable exchange bonus. The Smart Exchange Plan Offer cannot be combined with the scrappage bonus. The Booking offer discount is applicable only on bookings made between 1st-20th October 2026 (both days inclusive) and for invoicing completed by 21st October 2026. The actual effective price mentioned may vary based on the customers' eligibility, profile, and applicable offers at the time of purchase. Offers and prices may also differ by variant, model, location, and city and are subject to change or withdrawal without notice. Offer valid for a limited period. Applicable T&C available at the nearest Maruti Suzuki Arena Dealership. Creative visualization. Images are for illustrative purposes only. Accessories and features displayed on vehicle here may not form part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect.

जिसे कोई बतानेवाला नहीं होता, वह सब काम खुद ही सीख लेता है - सीखना पड़ता है। - कमलेश्वर

संपादकीय

वंतारा की सराहनीय भूमिका, वन्यजीवों की घर वापसी

भारत में वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक पहल सामने आई है। इंडोनेशिया के सुमात्रा के जंगलों से तस्करी कर महाराष्ट्र लाए गए एक संकटग्रस्त ओरंगउटान को उसके मूल देश वापस भेज दिया गया है। यह केवल एक वन्यजीव की वापसी नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग, जैव विविधता संरक्षण और वन्यजीवों के प्राकृतिक अधिकारों के प्रति गंभीर प्रतिबद्धता का उदाहरण भी है। माना जा रहा है कि भारत के इतिहास में पहली बार तस्करों से मुक्त कराए गए किसी विदेशी वन्यजीव को उसके प्राकृतिक आवास में लौटाया गया है। यह ओरंगउटान वर्ष 2024 में महाराष्ट्र के थाणे जिले के डोंबिवली क्षेत्र में एक परिसर के बाथरूम में पिंजरे में बंद अवस्था में बरामद हुआ था। उस समय इसकी आयु लगभग तीन वर्ष थी। वन विभाग की कार्रवाई के बाद इसे पहले नागपुर भेजा गया और बाद में सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति के निर्देश पर मार्च 2025 से गुजरात स्थित वंतारा पुनर्वास केंद्र में रखा गया। 19 अक्टूबर को इसे विशेष प्रबंधों के साथ इंडोनेशिया भेज दिया गया, जहां भारतीय और इंडोनेशियाई अधिकारियों की उपस्थिति में इसे संबंधित एजेंसियों को सौंपा गया। पूरी प्रक्रिया में भारत सरकार, इंडोनेशिया सरकार, वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो तथा वंतारा की टीम ने समन्वित भूमिका निभाई।

यह घटना केवल कानूनी प्रक्रिया का पालन भर नहीं है, बल्कि यह उस मूल सिद्धांत को भी स्थापित करती है कि प्रत्येक वन्यजीव का सबसे सुरक्षित और स्वाभाविक स्थान उसका प्राकृतिक आवास ही होता है। ओरंगउटान भारत का मूल निवासी जीव नहीं है। ऐसे में उसे यहां किसी जंगल में छोड़ना न तो वैज्ञानिक दृष्टि से उचित होता और न ही संरक्षण की दृष्टि से सुरक्षित। यदि उसे किसी चिड़ियाघर या सीमित परिसर में रखा भी जाता, तो वह अपने प्राकृतिक सामाजिक समूह, भोजन, जलवायु और पारिस्थितिकी तंत्र से पूरी तरह कट जाता। ऐसी स्थिति में उसके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना स्वाभाविक था। वन्यजीव विशेषज्ञ लंबे समय से मानते रहे हैं कि अधिकांश सामाजिक जीव अपनी प्रजाति के समूह के साथ ही बेहतर ढंग से विकसित होते हैं। ओरंगउटान भी ऐसा ही जीव है, जिसकी जीवनशैली, व्यवहार और अस्तित्व उसके प्राकृतिक पर्यावरण से गहराई से जुड़ा है। अपने मूल जंगलों में लौटने के बाद उसके पुनर्वास और सामान्य जीवन की संभावनाएं कहीं अधिक बढ़ जाती हैं। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण में उनके प्राकृतिक आवास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है।

यह मामला वन्यजीव तस्करी की गंभीर चुनौती की ओर भी ध्यान आकर्षित करता है। संकटग्रस्त प्रजातियों का अवैध व्यापार केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि वैश्विक जैव विविधता के लिए भी गंभीर खतरा है। अंतरराष्ट्रीय समझौतों के तहत ऐसे जीवों के व्यापार पर प्रतिबंध है और उन्हें केवल अनुसंधान या मान्यता प्राप्त संस्थानों के बीच निर्धारित नियमों के अनुसार ही स्थानांतरित किया जा सकता है। इसके बावजूद तस्करी की घटनाएं यह संकेत देती हैं कि निगरानी और प्रवर्तन को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। इस पूरे प्रकरण में वंतारा पुनर्वास केंद्र ने जिस प्रकार विशेषज्ञ देखभाल उपलब्ध कराई और भारत तथा इंडोनेशिया की एजेंसियों ने समन्वय के साथ इस जीव की सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित की, वह सराहनीय है। यह पहल भविष्य के लिए भी एक सकारात्मक मिसाल प्रस्तुत करती है कि वन्यजीव संरक्षण का वास्तविक उद्देश्य उन्हें कैद में रखना नहीं, बल्कि सुरक्षित रूप से उनके प्राकृतिक आवास तक पहुंचाना होना चाहिए। यदि इसी सोच के साथ संरक्षण प्रयास आगे बढ़ते हैं, तो यह न केवल संकटग्रस्त प्रजातियों के अस्तित्व की रक्षा करेगा, बल्कि वैश्विक जैव विविधता संरक्षण के प्रति मानव समाज की जिम्मेदारी को भी सार्थक रूप से सिद्ध करेगा।

हाथ उठाने, कपड़े पहनने या बाल संवारने में परेशानी हो तो न करें नजरअंदाज; फिजियोथेरेपी और व्यायाम देगा राहत

फ्रोजन शोल्डर : कंधे का दर्द नहीं, जकड़न की समस्या है



स्वास्थ्य

डॉ. राहुल ताखर
(एमपीटी-स्पोर्ट्स) वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट, एस. एन. सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, श्रीगंगानगर)

क्या रोजमर्रा के काम करते समय कंधे में दर्द महसूस होता है? क्या हाथ ऊपर उठाने, बालों में कंघी करने, शर्ट या कोट पहनने अथवा हाथ को पीठ के पीछे ले जाने में परेशानी हो रही है? क्या रात में कंधे का दर्द आपकी नींद खराब कर रहा है? यदि इन सवालों के जवाब हां हैं, तो इसे सामान्य दर्द समझकर नजरअंदाज न करें। यह फ्रोजन शोल्डर के लक्षण हो सकते हैं।

क्या है फ्रोजन शोल्डर?

फ्रोजन शोल्डर यानी कंधे का धीरे-धीरे जकड़ जाना। इसमें कंधे के जोड़ के आसपास मौजूद कैप्सूल परत में सूजन और कठोरता आ जाती है। शुरूआत में तेज दर्द महसूस होता है और समय के साथ कंधे की गति सीमित होने लगती है। स्थिति बढ़ने पर चाय का कप उठाना, कपड़े बदलना या सामान्य दैनिक कार्य करना भी कठिन लग सकता है। फ्रोजन शोल्डर में केवल दर्द ही समस्या नहीं होती, बल्कि कंधे की लगातार कम होती हरकत को समय पर पहचानना भी जरूरी है।



किन लोगों में है खतरा?

फ्रोजन शोल्डर कई बार बिना किसी स्पष्ट कारण के भी हो सकता है, लेकिन कुछ स्थितियों में इसका खतरा अधिक रहता है।

- डायबिटीज से पीड़ित लोगों में इसकी संभावना अधिक होती है।
- थायरॉइड संबंधी समस्याओं में जोखिम बढ़ सकता है।
- कंधे की पुरानी चोट या फ्रैक्चर के बाद भी यह समस्या हो सकती है।
- कंधे की सर्जरी के बाद लंबे समय तक हाथ को स्थिर रखने से भी परेशानी बढ़ सकती है।

फिजियोथेरेपी की भूमिका

फ्रोजन शोल्डर के उपचार में फिजियोथेरेपी की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। इसका उद्देश्य केवल दर्द कम करना नहीं, बल्कि कंधे की ताकत, लचीलेपन और सामान्य कार्यक्षमता को वापस लाना होता है। उपचार में शामिल हो सकते हैं–

- हल्के और नियंत्रित व्यायाम
- विशेष स्ट्रेचिंग तकनीकें
- मैनुअल थेरेपी
- जॉइंट मोबिलाइजेशन
- कंधे और स्कैपुला की गति में सुधार के अभ्यास

आधुनिक तकनीकें भी हो सकती हैं सहायक

आजकल फिजियोथेरेपी में कुछ आधुनिक तकनीकों का भी उपयोग किया जाता है। सुपर इंडक्टिव सिस्टम, मैट्रिक्स रिदम थेरेपी और मैग्नेटोथेरेपी जैसी तकनीकें कुछ मरीजों में दर्द नियंत्रण और ऊतकों की कार्यक्षमता सुधारने में सहायक हो सकती हैं। हालांकि, इनका उपयोग मरीज की स्थिति और विशेषज्ञ की सलाह के अनुसार ही किया जाना चाहिए। ये तकनीकें व्यायाम और पुनर्वास का विकल्प नहीं, बल्कि सहायक माध्यम हैं।

क्या करें और क्या न करें

कई लोग कंधे को जल्दी ठीक करने के लिए जोर लगाकर खींचने या घुमाने लगते हैं, लेकिन इससे सूजन और दर्द बढ़ सकता है।

- विशेषज्ञ द्वारा बताए गए व्यायाम नियमित करें।
- तेज दर्द होने पर जबरदस्ती स्ट्रेचिंग न करें।
- कंधे को पूरी तरह स्थिर रखने से बचें।
- बिना सलाह के भारी वजन न उठाएं।
- इंटरनेट देखकर कठिन व्यायाम शुरू न करें।

कैसे बढ़ती है समस्या?

फ्रोजन शोल्डर आमतौर पर धीरे-धीरे विकसित होता है। शुरूआत में कंधे में दर्द बढ़ता है, खासकर रात के समय दर्द अधिक परेशान कर सकता है। इसके बाद कंधे की जकड़न बढ़ने लगती है और हाथ को ऊपर या पीछे ले जाना मुश्किल हो जाता है। अंतिम चरण में धीरे-धीरे कंधे की प्राकृतिक गति वापस आने लगती है, लेकिन पूरी तरह ठीक होने में समय और धैर्य की आवश्यकता होती है।

समय पर उपचार देगा राहत

हर व्यक्ति में फ्रोजन शोल्डर की गंभीरता अलग होती है, इसलिए उपचार भी व्यक्तिगत होना चाहिए। यदि कंधे का दर्द लगातार बना हुआ है, रात की नींद प्रभावित हो रही है या हाथ की कार्यक्षमता कम हो रही है, तो विशेषज्ञ से सलाह लेना जरूरी है। फ्रोजन शोल्डर का मतलब यह नहीं है कि कंधा हमेशा के लिए जाम हो गया। समय पर जांच, उचित फिजियोथेरेपी, नियमित व्यायाम और धैर्य के साथ कंधे की सामान्य गति और कार्यक्षमता को वापस पाया जा सकता है। कंधे के दर्द को सहते रहने के बजाय उसकी वास्तविक वजह पहचानकर सही उपचार की दिशा में कदम बढ़ाना बेहतर है।

मोबाइल छोड़कर खाना सीखें बच्चे; अपनाएं ये तरीके!

'बच्चा खाना नहीं खा रहा है' यह आजकल कई माता-पिता की आम चिंता बन गई है। बच्चों को खाना खिलाने के लिए कई घरों में मोबाइल या टीवी का सहारा लिया जाता है। कार्टून या वीडियो देखते हुए बच्चा खाना तो खा लेता है, लेकिन धीरे-धीरे स्क्रीन के साथ खाने की आदत विकसित हो सकती है। इससे बच्चे का ध्यान भोजन, स्वाद और खाने की आदतों के विकास से हट जाता है। इसलिए जरूरी है कि बच्चों को धीरे-धीरे बिना स्क्रीन के खाना खाने के लिए प्रेरित किया जाए।

खाने को बनाएं आकर्षक

बच्चों के लिए भोजन केवल स्वादिष्ट ही नहीं, बल्कि देखने में भी आकर्षक होना चाहिए। फल, सब्जियां, रोटी या सैंडविच को अलग-अलग आकार में सजाकर परोसा जा सकता है। स्टार, हार्ट या फूल जैसी छोटी-छोटी शेप बच्चों को आकर्षित करती हैं। खाने में गाजर, खीरा, पनीर, केला और स्ट्रॉबेरी जैसे रंग-बिरंगे खाद्य पदार्थ शामिल करें। बच्चे की पसंद की प्लेट, कटोरी या चम्मच भी खाने के अनुभव को बेहतर बना सकते हैं। हालांकि शुरूआत में प्लेट में बहुत ज्यादा खाना न परोसें। कम मात्रा से शुरूआत करें और जरूरत के अनुसार दोबारा दें।



बच्चे को भोजन से जोड़ें

बच्चे को उम्र के अनुसार भोजन से जुड़ी छोटी जिम्मेदारियां दें। जैसे फल-सब्जियां धोना, प्लेट लगाना, नैपकिन रखना या दो पौष्टिक विकल्पों में से पसंद चुनना। इससे बच्चे में आत्मनिर्भरता बढ़ती है और भोजन के प्रति रुचि भी विकसित होती है। ध्यान रखें कि छोटे बच्चों को गैस, चाकू और गर्म बर्तनों से दूर रखें।

परिवार संग बैठकर खाएं खाना

बच्चे परिवार के सदस्यों को देखकर बहुत कुछ सीखते हैं। इसलिए कोशिश करें कि भोजन के समय पूरा परिवार साथ बैठे और मोबाइल, टीवी जैसी स्क्रीन से दूरी बनाए रखे। इस दौरान बच्चे से उसके दिन, स्कूल, खेल और दोस्तों से जुड़ी बातें करें। इससे उसका ध्यान स्क्रीन की बजाय भोजन और बातचीत पर केंद्रित होगा।

नियमित रूटीन और धैर्य जरूरी

बच्चा खाना न खाए तो उसके पीछे भागने या बार-बार अलग भोजन देने से बचें। उसे सीमित और पौष्टिक विकल्प दें, जैसे 'सेब खाओगे या केला?' इससे उसे अपनी पसंद बताने का अवसर मिलेगा। जबरदस्ती खिलाने या डांटने के बजाय धैर्य रखें।

शैडो बीमारी के क्रम में ...

बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल, थायरॉयड समस्या का संकेत भी हो सकता है



बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल हमेशा खराब खान-पान, शारीरिक निष्क्रियता, मोटापे या आनुवांशिक कारणों से ही नहीं होता। कई बार इसके पीछे ऐसी बीमारी छिपी होती है, जिसके लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते। थायरॉयड ग्रंथि की कम सक्रियता यानी हाइपोथायरायडिज्म भी कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का एक महत्वपूर्ण कारण हो सकती है। थायरॉयड शरीर की मेटाबॉलिज्म नियंत्रित करने वाली प्रमुख ग्रंथि है। जब यह पर्याप्त मात्रा में हार्मोन का निर्माण नहीं कर पाती, तो शरीर की कई प्रक्रियाएं प्रभावित होने लगती हैं। थकान, वजन बढ़ना, सुस्ती, कब्ज, अधिक ठंड लगना, त्वचा का रूखा होना और महिलाओं में माहवारी से जुड़ी समस्याएं इसके संभावित लक्षण हो सकते हैं। हालांकि, कई लोगों में ये लक्षण इतने हल्के होते हैं कि बीमारी लंबे समय तक पहचान में नहीं आ पाती।

थायरॉयड और कोलेस्ट्रॉल का संबंध

थायरॉयड हार्मोन लिवर में कोलेस्ट्रॉल के मेटाबॉलिज्म और रक्त से खराब कोलेस्ट्रॉल को हटाने की प्रक्रिया को नियंत्रित करता है। जब शरीर में थायरॉयड हार्मोन की कमी होती है, तो लिवर की यह क्षमता प्रभावित हो जाती है और रक्त में कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ सकता है। यदि किसी व्यक्ति की लिपिड प्रोफाइल रिपोर्ट खराब आती है और जीवनशैली में बदलाव के बावजूद अपेक्षित सुधार नहीं होता, तो चिकित्सक अन्य कारणों के साथ थायरॉयड की जांच की सलाह दे सकते हैं।

समय पर जांच जरूरी

बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल अक्सर कोई स्पष्ट संकेत नहीं देता, लेकिन लंबे समय तक इसका स्तर बढ़ा रहना हृदय और रक्त वाहिनियों से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ा सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, स्वस्थ व्यक्ति को भी नियमित अंतराल पर थायरॉयड की जांच करवानी चाहिए।

गर्भावस्था के दौरान थायरॉयड हार्मोन का संतुलित रहना भी बेहद जरूरी है। इसकी कमी से गर्भपात या शिशु के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए गर्भधारण से पहले भी थायरॉयड जांच कराना लाभकारी है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता ही बचाव का पहला कदम है। कई बार जिस बीमारी का उपचार किया जा रहा होता है, उसके पीछे कोई दूसरी बीमारी छिपी हो सकती है। समय पर पहचान और उपचार बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



डॉ. दीपिका मोंगा
वरिष्ठ चिकित्सक, श्रीगंगानगर

क्रिकेट के माध्यम से दिया जाएगा अंगदान का संदेश, 70 से अधिक ट्रांसप्लांट खिलाड़ी और अंगदाता होंगे शामिल

अंग प्रत्यारोपण प्राप्तकर्ता और अंगदाता खेलेंगे 'चैंपियंस ऑफ लाइफ क्रिकेट कप

अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अंग प्रत्यारोपण के बाद स्वस्थ, सक्रिय एवं प्रेरणादायक जीवन जीने का संदेश देने के उद्देश्य से राजस्थान में पहली बार अंग प्रत्यारोपण प्रा र्ताओं और जीवित अंगदाताओं के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सोसाइटी फॉर ट्रांसप्लांट एथलीट्स ऑफ राजस्थान (स्टार) की ओर से रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3056 के विशेष सहयोग से रविवार, 25 अक्टूबर 2026 को जयपुर के रेलवे क्रिकेट ग्राउंड में 'चैंपियंस ऑफ लाइफ क्रिकेट कप-2026' आयोजित होगा।

70 से अधिक खिलाड़ी लेंगे भाग : आयोजकों के अनुसार, इस अनूठे आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से करीब 70 अंग प्रत्यारोपण प्रा र्ता और जीवित अंगदाता भाग लेंगे। आयोजन को



ऑर्गन इंडिया, सीके बिड़ला हॉस्पिटल्स, एमएफजेसीएफ और जयपुर डिवीजन स्पोर्ट्स एसोसिएशन (इंडियन रेलवे) का सहयोग प्राप्त है। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3056 अंगदान जागरूकता और सामाजिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत इस पहल को सहयोग प्रदान कर रहा है। इसका उद्देश्य समाज में अंगदान को लेकर सकारात्मक सोच विकसित करना और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना है।

अंग प्रत्यारोपण के बाद भी संभव है सक्रिय जीवन

आयोजकों ने बताया कि यह केवल क्रिकेट प्रतियोगिता नहीं, बल्कि जीवन, मानवता और जीवन के दूसरे अवसर का उत्सव है। इसके माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा कि अंग प्रत्यारोपण के बाद भी व्यक्ति स्वस्थ, सक्रिय और उपलब्धियों से भरपूर जीवन जी सकता है। मोहन फाउंडेशन जयपुर सिटिजन फोरम (एमएफजेसीएफ) भी इस आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग दे रहा है। संस्था लंबे समय से प्रदेश में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करने का कार्य कर रही है।

अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरणा

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले वर्ल्ड ट्रांसप्लांट गेम्स में विभिन्न देशों के अंग प्रत्यारोपण प्रा/ र्ता और पात्र जीवित अंगदाता भाग लेते हैं। भारत में ऑर्गन इंडिया इसकी आधिकारिक प्रतिनिधि संस्था है। अगस्त 2027 में बेल्जियम में आयोजित होने वाले वर्ल्ड ट्रांसप्लांट गेम्स के लिए राजस्थान के खिलाड़ियों को तैयार करना भी इस आयोजन का उद्देश्य है। स्टार और रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3056 ने आमजन से अपील की है कि वे 25 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक जयपुर डिवीजन स्पोर्ट्स एसोसिएशन क्रिकेट ग्राउंड पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और अंगदान जागरूकता अभियान का हिस्सा बनें। लोगों से परिवार और मित्रों के बीच अंगदान पर चर्चा कर संकल्प लेने की भी अपील की गई है।

भारत में 29 लाख अतिरिक्त अस्पताल बेड की दरकार

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार दुनिया में लोगों की औसत आयु बढ़ रही है, लेकिन स्वस्थ जीवन की अवधि उसी अनुपात में नहीं बढ़ रही। कैंसर, मधुमेह और डिमेंशिया जैसी गैर-संचारी बीमारियों का बोझ लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करना बड़ी चुनौती बन गया है। अमेरिकी निवेश संस्था सीबीआरई की रिपोर्ट के अनुसार एशिया-प्रशांत क्षेत्र में हेल्थ केयर सेक्टर तेजी से विकसित हो रहा है, लेकिन भारत में अस्पतालों और बेड की उपलब्धता अभी भी वैश्विक मानकों से काफी कम है।

अस्पताल बेड की कमी

रिपोर्ट के मुताबिक भारत में प्रति एक हजार लोगों पर केवल 1.6 अस्पताल बेड उपलब्ध हैं, जबकि वैश्विक औसत 3.3 बेड प्रति हजार व्यक्ति है। इस अंतर को पूरा करने के लिए भारत को करीब 29 लाख अतिरिक्त अस्पताल बेड और लगभग 260 करोड़ वर्गफीट अस्पताल क्षेत्र विकसित करने की आवश्यकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि स्वास्थ्य



सेवाओं का विस्तार केवल बड़े शहरों के बड़े अस्पतालों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। देश के छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी मजबूत अस्पताल नेटवर्क तैयार करना जरूरी है।

छोटे शहरों में इलाज की चुनौती

सीबीआरई रिपोर्ट के अनुसार मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड जैसे राज्यों में हृदय रोग, कैंसर और मधुमेह के मरीजों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन अस्पताल और बेड की उपलब्धता सीमित है। इससे मरीजों को समय पर इलाज मिलने में परेशानी होती है।

बढ़ सकती है स्वास्थ्य सुविधाएं

रिपोर्ट में अस्पतालों की कमी दूर करने के लिए बिल्ट-टू-सूट मॉडल अपनाने पर जोर दिया गया है। इसमें अस्पतालों की जरूरतों के अनुसार भवन तैयार किए जाते हैं, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होती है। इसके अलावा लीज पर जमीन और भवन लेकर अस्पताल शुरू करने का चलन भी बढ़ रहा है।

हेल्थ नेटवर्क की जरूरत

देश में वर्तमान में सरकारी और निजी क्षेत्र मिलाकर 69 हजार से अधिक अस्पताल हैं तथा लाखों डॉक्टर स्वास्थ्य सेवाओं में कार्यरत हैं। इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सकों और सुविधाओं की कमी बनी हुई है। ताइवान, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर जैसे देशों की स्वास्थ्य व्यवस्था से सीख लेते हुए भारत को आधुनिक तकनीक, पर्याप्त बेड और मजबूत चिकित्सा नेटवर्क विकसित करने की जरूरत है, ताकि गुणवत्तापूर्ण इलाज हर नागरिक तक पहुंच सके।

सोयाबीन का आटा और बेसन बढ़ाएंगे प्रोटीन, पालक-मेथी से मिलेगा स्वाद के साथ अतिरिक्त पोषण

गेहूं की रोटी को बनाएं पौष्टिक, आटे में मिलाएं ये चीजें

रोटी भारतीय भोजन का अहम हिस्सा है। देश के अधिकांश घरों में गेहूं के आटे से बनी रोटियां रोजाना खाई जाती हैं। ऐसे में यदि सामान्य रोटी को थोड़ा अधिक पौष्टिक बना दिया जाए तो यह शरीर को जरूरी पोषक तत्व उपलब्ध कराने में मदद कर सकती है। इसके लिए आटे में कुछ आसान और स्वास्थ्यवर्धक चीजों को मिलाकर मल्टीग्रेन आटा तैयार किया जा सकता है।

सोयाबीन और बेसन से बढ़ेगा प्रोटीन : घर पर पौष्टिक मल्टीग्रेन आटा तैयार करने के लिए 10 किलो गेहूं के आटे में 1 किलो सोयाबीन का आटा और 1 किलो बेसन मिलाया जा सकता है। दोनों चीजों को अच्छी तरह मिलाकर रखने के बाद इससे तैयार रोटियां रोजाना के भोजन को अधिक पौष्टिक बना सकती हैं। सोयाबीन को प्रोटीन का अच्छा स्रोत माना जाता है, जबकि बेसन में भी प्रोटीन, फाइबर और अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं। गेहूं के आटे के साथ इनका मिश्रण करने से रोटी में पोषण बढ़ाने में मदद मिल सकती है। साथ ही स्वाद और बनावट में



भी हल्का बदलाव आता है।

हरी सब्जियों से बढ़ाएं रोटी की गुणवत्ता : रोटी को और अधिक पौष्टिक बनाने के लिए आटे में पालक, मेथी या अन्य हरी पत्तेदार सब्जियां भी मिलाई जा सकती हैं। इन सब्जियों में फाइबर, विटामिन और खनिज तत्व पाए जाते हैं, जो संतुलित आहार का हिस्सा बन सकते हैं। हालांकि, आटे में सब्जियों की मात्रा सीमित रखनी चाहिए। अधिक मात्रा में सब्जियां मिलाने से आटा गूंथने और रोटी बेलने में परेशानी आ सकती है। उचित मात्रा में मिलाने पर रोटी का स्वाद भी बेहतर होता है और पोषण भी बढ़ता है।

प्रोटीन और फाइबर का बेहतर विकल्प : सोयाबीन, बेसन और हरी सब्जियों के मिश्रण से तैयार रोटियां शरीर को प्रोटीन और फाइबर उपलब्ध कराने में सहायक हो सकती हैं। प्रोटीन मांसपेशियों के रखरखाव और शरीर की सामान्य कार्यप्रणाली के लिए जरूरी होता है, जबकि फाइबर पाचन तंत्र को बेहतर बनाए रखने और लंबे समय तक पेट भरा महसूस कराने में मदद करता है।

स्वस्थ जीवनशैली में उपयोगी बदलाव : रोजाना के भोजन में छोटे-छोटे बदलाव करके खानपान को अधिक संतुलित बनाया जा सकता है। गेहूं की सामान्य रोटी को सोयाबीन, बेसन और हरी सब्जियों के साथ मिलाकर तैयार करने से स्वाद के साथ पोषण भी बढ़ाया जा सकता है। यह तरीका परिवार के सभी सदस्यों के लिए रोजाना के भोजन को अधिक स्वास्थ्यवर्धक बनाने का आसान विकल्प हो सकता है।

सफाई व्यवस्था बेपटरी; सब्जी मंडी चौक में गंदगी का अंबार, अतिक्रमण और आवारा पशुओं से व्यापार ठप

सीमा सन्देश# घड़साना

कस्बे के हृदय स्थल माने जाने वाले सब्जी मंडी चौक में इन दिनों अव्यवस्थाओं और गंदगी का बोलबाला है। ह्यस्वच्छ भारत मिशनह्ल के दावों की धज्जियां उड़ाती इस बदहाली ने स्थानीय व्यापारियों और आम जनता का जीना मुहाल कर दिया है। दुकानों के ठीक सामने सड़ते कचरे के ढेर, चारों तरफ बिखरी पॉलीथिन, गंदगी में मुंह मारते बेसहारा पशु और संकरी सड़कों पर बेतरतीब अतिक्रमण ने पूरे इलाके को नरक बना दिया है। बाजार में लगातार फैल रही दुर्गंध और जाम के कारण ग्राहकों ने सब्जी मंडी चौक की तरफ रुख करना कम कर दिया है। त्योहारी और सामान्य दिनों में जहां बाजार में पैर रखने की जगह नहीं होनी चाहिए, वहां सन्नाटा पसरा रहता है। आलम यह है कि नगरपालिका की लापरवाही के चलते टैक्स भरने वाले दुकानदार खुद अपनी दुकानों के आगे झाड़ू लगाकर कचरा समेटने को मजबूर हैं। एक ओर सड़कों पर अवैध रूप से लगी रेहड़ियों और सामानों के फैलाव से रास्ता बाधित है, तो दूसरी ओर कचरे के ढेरों पर बेसहारा गोवंश और आवारा पशुओं का जमघट लगा रहता है। ये पशु न केवल गंदगी फैला रहे हैं, बल्कि आपस में लड़कर आए दिन राहगीरों और वाहन चालकों को चोटिल कर रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि नगरपालिका नई मंडी घड़साना को कई बार मौखिक और प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन प्रशासन किसी बड़े हादसे या संक्रामक बीमारी के फैलने का इंतजार कर रहा है। सफाई बजट आखिर कहां खर्च हो रहा है, यह यक्ष प्रश्न बना हुआ है।



रतनगढ़: बालाजी मंदिर में भामाशाह विकास कुमार मालू हुए सम्मानित



सीमा सन्देश # रतनगढ़।

शहर के प्रसिद्ध तालवाले बालाजी मंदिर में शनिवार रात्रि भामाशाह विकास कुमार मालू और उनकी पत्नी दिव्या मालू का मंदिर कमेटी द्वारा विशेष अभिनंदन किया गया। मालू दंपती ने बालाजी महाराज के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान श्याम मंदिर कमेटी व तालवाले बालाजी सेवा समिति के सदस्यों ने उन्हें मंदिर में पिछले 55 वर्षों से निरंतर चल रहे अखंड कीर्तन तथा अन्न क्षेत्र की व्यवस्थाओं से अवगत कराया। धार्मिक व सामाजिक योगदान के लिए मालू दंपती के साथ-साथ राजस्थान ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष केशरीचंद शर्मा एवं सालासर के पुजारी हंसराज शर्मा का भी साफा व माला पहनाकर स्वागत किया गया। पुजारी धनराज इंदौरिया व पवन इंदौरिया ने पंडित नवीन, हर्षित एवं अजय इंदौरिया के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई। इस धार्मिक और सामाजिक सद्भाव से परिपूर्ण कार्यक्रम में श्यामसुंदर धड़ई, गिरधारीलाल बाजोरिया, प्रह्लाद धड़ई, रघुनंदन धड़ई, मनोज जोशी, सांवरमल सोनी, महेश सीमार, गिरीश माटोलिया, मुरारीलाल पारीक और पुजारी मनोज इंदौरिया सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

घड़साना: कालूवाला गोदारा इंडेन गैस एजेंसी राज्य में प्रथम



सीमा सन्देश # घड़साना

बीकानेर जिले के खाजूवाला की कालूवाला गोदारा इंडेन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी ने राजस्थान के 660 इंडेन गैस वितरकों में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जयपुर स्थित इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के राजस्थान राज्य कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में एजेंसी के प्रोपराइटर जितेंद्र सिंह गोदारा को कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख मनोज गुप्ता और महाप्रबंधक आशीष कुमार ने स्मृति चिन्ह व सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया। एजेंसी ने शहरी और ग्रामीण दोनों श्रेणियों के कुल 660 इंडेन गैस वितरकों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। इस सफलता का श्रेय जितेंद्र सिंह गोदारा के अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना को दिया जा रहा है। वे भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं और सेना में मिले अनुशासन व ईमानदारी के संस्कारों को उन्होंने अपने व्यवसाय में भी अपनाया है। जितेंद्र सिंह गोदारा इससे पहले भी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राज्य स्तर पर कई बार सम्मानित हो चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि से खाजूवाला, बीकानेर और आसपास के क्षेत्रों में खुशी का माहौल है। समारोह में इंडियन ऑयल के वरिष्ठ अधिकारी राजेश भाटी, मंडल एलपीजी बिक्री प्रबंधक सहित प्रदेशभर के गैस वितरक उपस्थित रहे।

स्काउट प्रशिक्षण शिविर का समापन



सीमा सन्देश # पदमपुर

भारत स्काउट एवं गाइड के तत्वावधान में पीपीएम पब्लिक स्कूल में आयोजित सात दिवसीय यूनिट लीडर एवं गाइड कैप्टन आवासीय बेसिक प्रशिक्षण शिविर का समापन लोक संस्कृति, देशभक्ति और सामाजिक सरोकारों की प्रस्तुतियों के साथ हुआ। संभागियों ने गीत-संगीत, लोकनृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय परंपराओं की विविधता को जीवंत किया। अध्यक्षता सीओ इंद्राज सुथार ने की। मुख्य अतिथि वरिष्ठ शिक्षाविद् राजाराम बिश्नोई, सीओ गाइड मोनिका यादव, संघ प्रधान नत्थूराम वर्मा, प्रधानाचार्य सम्पूणानंद कौशिक सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। शिविर सहसंचालक डॉ. राजपाल जोईया और रुचि रानी ने बताया कि आजादी के बाद पदमपुर क्षेत्र में यह पहला बड़ा प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ, जिसमें श्री सुखमनी सेवा समिति सहित विभिन्न संस्थाओं का सहयोग मिला। राजाराम बिश्नोई ने कहा कि ऐसे शिविर शिक्षकों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सेवाभाव विकसित करते हैं। इंद्राज सुथार ने स्काउट-गाइड गतिविधियों को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का प्रभावी माध्यम बताया। कार्यक्रम में सर्वधर्म सभा के माध्यम से विद्यार्थियों को सेवा कार्यों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

डब्ल्यूसीआईईसी ऑर्गेनाइजेशन ने किया चेयरमैन व पार्षदों का अभिनंदन, शहर के विकास को लेकर जताई उम्मीदें

सूरतगढ़: नवनिर्वाचित पालिका जनप्रतिनिधियों का सम्मान, विकास कार्यों में भागीदारी का आह्वान

सीमा सन्देश # सूरतगढ़



डब्ल्यूसीआईईसी ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में सूरतगढ़ नगर पालिका के नवनिर्वाचित चेयरमैन एवं पार्षदों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था पदाधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन करते हुए शहर के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। समारोह में ऑर्गेनाइजेशन अध्यक्ष प्रदीप कुमार तिवाड़ी ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। इस दौरान नगर पालिका चेयरमैन ज्योति कंवर के पति सुरेंद्र सिंह राठौड़ को माल्यार्पण एवं सम्मान प्रतीक भेंट कर सम्मानित किया गया। ऑर्गेनाइजेशन के राजस्थान सीईओ सचित तिवाड़ी ने नवनिर्वाचित पार्षद प्रेम प्रकाश सिंह राठौड़, प्रदीप चौहान, किशन स्वामी, हरिराम एवं शिव का सम्मान किया। वहीं, टैगोर पीजी महाविद्यालय सूरतगढ़ के डायरेक्टर सचिन जेतली ने विकासदीप गाबा, जितेंद्र सिंह राठौड़, कृष्णा छिम्पा और विनोद सारस्वत को माल्यार्पण कर सम्मान प्रतीक प्रदान किए। समारोह के समापन अवसर पर भाजपा के पूर्व युवा मोर्चा महामंत्री विनोद सारस्वत एवं प्रेम प्रकाश सिंह राठौड़ ने सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नई पालिका बोर्ड को शहर के विकास के लिए नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच के साथ कार्य करना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि शहरवासियों को नवनिर्वाचित बोर्ड से स्वच्छता व्यवस्था, जल निकासी, सड़क सुविधाओं और शिक्षा क्षेत्र में बेहतर सुधारों की उम्मीद है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आमजन की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि डब्ल्यूसीआईईसी ऑर्गेनाइजेशन पिछले कई वर्षों से सूरतगढ़ क्षेत्र में शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। संस्था का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और नगर विकास में जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। समारोह में नगर के गणमान्य नागरिक, संस्था कार्यकर्ता और अन्य लोग उपस्थित रहे।

रामलीला में सेवादारों की निष्ठा भी रचती है इतिहास



गजसिंहपुर। रामलीला केवल भगवान श्रीराम की लीलाओं के मंचन का नाम नहीं, बल्कि आस्था, परंपरा और सेवा-संस्कृति से जुड़ा ऐसा आयोजन है, जिसमें अनेक लोग बिना किसी अपेक्षा के अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। इन्हीं समर्पित सेवादारों में एक नाम है भूपेंद्र सुथार भागा प्रधान का, जो पिछले 25 वर्षों से महावीर ड्रामाट्रिक क्लब, गजसिंहपुर में आरती की थाली की सेवा निरंतर निष्ठा और श्रद्धा के साथ निभा रहे हैं।

रावण का दहन होगा

गजसिंहपुर। कस्बे में मंगलवार को दशहरा पर्व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। महावीर ड्रामाट्रिक क्लब, गजसिंहपुर के तत्वावधान में पदमपुर मार्ग पर बस स्टैंड के सामने स्थित कलोनी मैदान में 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। दशहरा पर्व के अवसर पर रावण दहन से पूर्व श्रीराम और रावण की सेनाएं आमने सामने होंगी।

आरपीएस कनिष्ठ वेतन श्रृंखला में अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी

राजस्थान पुलिस में 52 निरीक्षकों को पदोन्नति का तोहफा, आरपीएस बने

सीमा सन्देश # जयपुर

राजस्थान पुलिस में नियमित पदोन्नति की प्रक्रिया को गति देने के लिए किए जा रहे प्रयासों के तहत राज्य सरकार ने राजस्थान पुलिस सेवा (आरपीएस) की कनिष्ठ वेतन श्रृंखला में 52 पुलिस निरीक्षकों को पदोन्नति प्रदान की है। नवरात्रि के दुर्गाष्टमी पर्व पर जारी आदेश से पुलिस विभाग में खुशी का माहौल है। यह पदोन्नति वर्ष 2026-27 की रिक्तियों के विरुद्ध राजस्थान पुलिस सेवा नियम, 1954 के नियम 28 के अंतर्गत गठित नियमित विभागीय पदोन्नति समिति की 18 सितंबर 2026 को हुई बैठक की अनुशंसाओं के आधार पर दी गई है। अधिकारियों का चयन वरिष्ठता-सह-योग्यता के आधार पर किया गया।

डीजीपी ने दी बधाई, बेहतर कार्य की उम्मीद : डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने पदोन्नत सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नई जिम्मेदारी के साथ अधिकारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण से कार्य करें। उन्होंने विश्वास जताया कि पदोन्नत अधिकारी राजस्थान पुलिस की कार्यप्रणाली और छवि को और मजबूत करेंगे तथा आमजन की सुरक्षा और सेवा के लिए तत्पर रहेंगे।

इन अधिकारियों को मिली पदोन्नति : पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों में चंपाराम बारड़, रामनिवास मीणा, बृजेश कुमार मीणा, रामखिलाड़ी मीणा, धर्मवीर सिंह मीणा, बृजेश कुमार निगम, भंवर लाल वैष्णव, शब्बीर खान, श्याम सिंह चारण, मनोज कुमार सोनी, रमेश खिड़िया, संजय चौहान, राकेश कुमार खटीक, राज कुमार सामरिया, कर्ण सिंह राठौड़, देवेश भारद्वाज, रणजीत सिंह, अनिल कुमार मूण्ड, लाखन सिंह खटाना, चैनाराम वेड़ा, राधारमन गुप्ता, गंगाराम, चक्रवर्ती सिंह, दर्शन सिंह राठौड़ सहित कई अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा कृष्ण कुमार, घनश्याम सिंह देवड़ा, महावीर सिंह, कमलेश कुमार वर्मा, सुभाषचंद्र, करण सिंह, सज्जन सिंह कविया, वीरेन्द्र सिंह, महेंद्र दत्त शर्मा, नवीन खंडेलवाल, गजेंद्र सिंह राठौड़, सुमेर सिंह गुर्जर, प्रेमेन्द्र कुमार रावत, मांगीलाल डांगी, अभिषेक पारीक, हरिपाल सिंह, विजय कुमार राय और सत्येंद्र कुमार को भी पदोन्नति मिली है।

न्यायालयीन प्रकरणों के अंतिम निर्णय के अधीन आदेश: जारी आदेश के अनुसार यह पदोन्नति न्यायालयों में लंबित सभी प्रकरणों के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगी। पदोन्नत अधिकारी अग्रिम आदेश तक अपने वर्तमान पदों पर ही कार्य करते रहेंगे। पुलिस विभाग ने इसे अधिकारियों के मनोबल और कार्यक्षमता को बढ़ाने वाला कदम बताया है।

सूरतगढ़ में कांग्रेस में बगावत के संकेत

सूरतगढ़। श्रीविजयनगर पंचायत समिति के जोन नं. 14 बुगिया से प्रत्याशी चयन में कांग्रेस ने प्रदेश सचिव गगन विडिंग को झटका देते हुए उनकी माता को टिकट नहीं दिया है। पार्टी ने नरेंद्र शर्मा की पत्नी वीना शर्मा को उम्मीदवार घोषित किया है। विधायक जनसेवा केंद्र में विधायक डूंगरराम गेदर ने वीना शर्मा के नाम की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि गगन विडिंग पिछले दो विधानसभा चुनावों से टिकट की दावेदारी भी कर रहे थे। उन्होंने टिकट के लिए वरिष्ठ नेताओं की सिफारिश भी करवाई। ऐसे में पंचायत समिति चुनाव में उनकी माता का टिकट कटना राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया है। विडिंग ने कहा कि उन्होंने विधानसभा चुनाव में गेदर की मदद की थी और अब उन्हें उसी का इनाम मिला है। निर्दलीय चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि समर्थकों से चर्चा की जा रही है।



प्रकाश पर्व को लेकर निकाली प्रभात फेरी

सीमा सन्देश # अनूपगढ़। गुरुद्वारा श्री गुरु रामदास दरबार विश्वकर्मा दरबार में श्री गुरु रामदास जी के प्रकाश पर्व को समर्पित प्रभात फेरियों की कड़ी में सोमवार को दूसरे दिन की प्रभात फेरी राजेंद्र सिंह के निवास पर पहुंची। बीबी मनमीत कौर और बलदेव सिंह ने गुरबाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। निशान साहिब की सेवा मनदीप सिंह संभाल रहे हैं। खालसा सेवा ग्रुप की ओर से चाय-पानी की व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जोगा सिंह, हेड ग्रंथी पवित्र सिंह, बलविंदर सिंह सहित अन्य सेवादार शामिल रहे। प्रभात फेरियां 25 अक्टूबर तक चलेंगी। 24 अक्टूबर को शाम 4 बजे संध्या फेरी निकाली जाएगी तथा 25 अक्टूबर को सुबह 10 बजे समापन होगा।



आयोजन | नगरपालिका चेयरमैन, उपाध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित पार्षदों का हुआ सम्मान

लंका दहन से गूंजा रामलीला मैदान, मीर जुल्फिकार ने बांधा समां

सीमा सन्देश# खाजूवाला

श्री रामलीला समिति खाजूवाला द्वारा आयोजित भव्य रामलीला मंचन के आठवें दिन कलाकारों ने शबरी प्रसंग, सुग्रीव मैत्री, बाली वध एवं भव्य लंका दहन का शानदार मंचन किया। कलाकारों के बेहतरीन अभिनय और आकर्षक मंच सज्जा ने दर्शकों का मन मोह लिया। विशेष रूप से लंका दहन के प्रसंग ने दर्शकों में उत्साह भर दिया और रामलीला मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।हनुमान जी की वीरता, साहस और प्रभु श्रीराम के प्रति अटूट भक्ति को कलाकारों ने शानदार तरीके से प्रस्तुत किया।



आकर्षक मंचीय प्रस्तुति और कलाकारों के अभिनय ने आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के दौरान समिति द्वारा खाजूवाला नगरपालिका चेयरमैन मंगलसिंह, उपचेयरमैन अनीता मिमानी सहित सभी नवनिर्वाचित पार्षदों का दुपट्टा ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। जी टीवी के लोकप्रिय शो सा रे गा मा पा में टॉप-12 में स्थान सुनिश्चित कर चुके खाजूवाला के कलाकार मीर जुल्फिकार भी कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने अपनी शानदार गायकी से दर्शकों का मन मोह लिया। समिति द्वारा मीर जुल्फिकार को सम्मानित भी किया गया।

रामलीला आयोजन में सहयोग देने वाले भामाशाहों एवं गणमान्य व्यक्तियों में पुरुषोत्तम सारस्वत, रमेश तावनियां एवं राजकुमार सिहाग सहित अन्य सहयोगकताओं का सम्मान कर आभार व्यक्त किया गया। मंच संचालन कृष्ण कारगवाल ने किया।

चूरू क्षेत्र में कांग्रेस ने कसी पंचायती राज चुनाव की कमर



सीमा सन्देश # चूरू

शहर में पंचायती राज चुनाव-2026 को लेकर जिला कांग्रेस ने जैन गेस्ट हाउस में जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एवं सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने की। बैठक में जिला ऑब्जर्वर सारिका चौधरी, जिला सहप्रभारी दिनेश कस्वां, तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया, रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, प्रदेश उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया, पूर्व विधायक कृष्णा पूनिया, हाजी मकबूल मंडेलिया और भीमराज जाखड़ सहित कई नेता मौजूद रहे। बैठक में पंचायत समिति एवं जिला परिषद चुनावों की रणनीति, संभावित प्रत्याशियों के चयन और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई। नेताओं ने कार्यकताओं से गांव-गांव सक्रिय रहकर जनसंपर्क बढ़ाने और आमजन की समस्याएं उठाने का आह्वान किया। साथ ही, चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों से आवेदन लेने की प्रक्रिया पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक के बाद कांग्रेस कार्यकताओं ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन भी किया। संचालन लीलाधर चुलेट व जमील चौहान ने किया।

पंचायत समिति क्षेत्र के चुनाव को लेकर काँग्रेस की बैठक



सीमा सन्देश # सरदारशहर

भानीपुरा पंचायत समिति क्षेत्र के चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को गांव साईसर में हुई। इसमें पंचायत समिति सदस्य पद हेतु दावेदारी जताने वाले 46 तथा जिला परिषद सदस्य पद के 3 कार्यकर्त्ताटों से आवेदन प्राप्त हुए। बैठक में तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया, सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा, ऑब्जर्वर धर्मेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान रामकुमार मेघवाल और दुर्गाराम पारीक व अन्य नेताओं ने चुनावी तैयारियों और उम्मीदवारों के चयन को लेकर चर्चा की। दोनों विधायकों ने कहा कि पंचायत चुनाव में सफलता के लिए सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर काम करना होगा। भानीपुरा, सरदारशहर और सरदारशहर पूर्व पंचायत समिति क्षेत्र में कांग्रेस का बोर्ड बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। बैठक में केसरीचंद शर्मा, किशनलाल सींवर, राजेश पारीक, पवन सारण, प्रशांत चाहर, भूराराम तालणिया, हरिराम मेघवाल, अमीलाल चंदेल, ओमप्रकाश भांभू, हरिराम सारण, हरिराम मेघवाल और ओमकार मेघवाल व अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ऑल इंडिया ब्राह्मण फेडरेशन की कार्यकारिणी घोषित

सीमा सन्देश # सरदारशहर



ऑल इंडिया ब्राह्मण फेडरेशन की नवगठित राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष पं. केशरी भंवरलाल शर्मा को पुनः राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और कुलदीप शर्मा को युवा प्रकोष्ठ में राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय महासचिव यशपाल तिवारी द्वारा जारी सूची के बाद समाजबंधुओं में हर्ष का माहौल है। पं. केशरी भंवरलाल शर्मा लंबे समय से सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय हैं। वहीं, कुलदीप शर्मा पूर्व में भी युवा प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। वे वर्तमान में राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश महामंत्री और कंज्यूमर कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया की राजस्थान शाखा में प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं। साथ ही, वे कृषि गतिविधियों से भी जुड़े हुए हैं। समाज के लोगों ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं।

चूरू में पिपलेश्वर महादेव मंदिर का लोकार्पण



मंदिर का पुनर्निर्माण

सीमा सन्देश # चूरू

रेलवे स्टेशन के आगे नवनिर्मित पिपलेश्वर महादेव मंदिर का लोकार्पण विधायक हरलाल सहारण, भाजपा नेता पराक्रम राठौड़ और नगर परिषद सभापति विनय गोयनका ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। सड़क के बीच डिवाइडर बनने के कारण यातायात सुगम बनाने और आवाजाही को बेहतर करने के उद्देश्य से करीब 40 वर्ष पुराने इस मंदिर को नगर परिषद द्वारा नए स्थान पर स्थानांतरित कराया गया है। लोकार्पण समारोह में विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि मंदिर हमारी आस्था के केंद्र हैं और भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र में सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। सभापति विनय गोयनका ने कहा कि इससे यातायात व्यवस्था में सुधार होगा। इस अवसर पर उपसभापति ओमप्रकाश इंदौरिया, मोहनलाल गढ़वाल, विमला गढ़वाल, सुरेश सारस्वत, पार्षद नरेंद्र सैनी, सुनीता प्रजापत, आकाश सैनी, अशोक पाल सिंह, फारूख रहमान, दयानंद बेनीवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

वर्ग पहली क्रमांक 7954



बायें से दायें:- 1) विशेषज्ञ, 4) संभव है, 7) बाढ़ग्रस्त, 9) ज्ञात, 11) यदि, 12) अवैध *(संतान)*, 14) मुखस्राव, 15) विष्ठा, 16) चौपट, 17) पानी का जहाज़, 19) पूँछ, 21) धब्बा, 22) परिवर्तित, 25) घूमताफिरता 29) मोहक, 30) रोज़ी रोटी; काम-धाम, 31) कलहप्रिय देवर्षि.

ऊपर से नीचे:- 2) समयघोष, 3) पेंदा, 4) कवि, 5) अस्थमा, 6) एक मिठाई, 8) सामर्थ्य, 10) कटे हाथवाला, 11) पूर्वज; बड़ा भाई, 13) लोकमत, 15) निर्वाचक, 18) झूठा, 20) नौकाघाट, 23) भटकना, 24) शर्मनाक, 26) महारानी, 27) इकट्ठा, 28) एक चर्मवाद्य.

(उत्तर: अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर

पू	र्ण	वि	रा	म	■	त	र	की	ब
■	■	शा	■	त	स	ल्ली	■	■	ल्ला
अ	दा	ल	त	■	म	न	मु	टा	व
ल	■	■	न	या	■	■	क़ा	■	■
ग	प	क	ना	■	ध	■	ब	ग	ला
■	ह	ल्ल	■	म	न	च	ला	■	प
रे	ला	■	मुँ	ह	■	र	■	गु	र
डि	■	चं	■	ज़	ह	म	त	■	वा
यो	ग	दा	न	■	म	■	क	ल	ह

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 20 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ-

1995 - संयुक्त राष्ट्र महासभा का विशेष स्वर्ण जयंती अधिवेशन आरम्भ।

1998 - मालदीव के राष्ट्रपति अब्दुल गयूम पांचवी बार पुनः राष्ट्रपति पद पर निर्वाचित।

2002 - दुनिया की सबसे गहरी पाइप लाइन ब्लू स्ट्रीम को तुर्की में खोला गया और प्राकृतिक गैस के परिवहन के लिए इसका इस्तेमाल शुरू हुआ।

2003 - बेटिकन सिटी में जीवन पर्यन्त दबे-कुचले वर्ग के लिए संघर्ष करने वाली गरीबों की मसीहा मदर टेरेसा को रोमन कैथोलिक चर्च की सर्वोच्च सत्ता पोप जॉन पाल द्वितीय का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

2004 - बांग्लादेश में 3 पूर्व सेनाधिकारियों को मौत की सजा मिली। ब्रिटेन का प्रतिष्ठित साहित्य सम्मान एलन होलिंघर्स्ट को मिला।

2007 - अली लारीजानी के त्यागपत्र के बाद ईरान के विदेश उपमंत्री सईद जलाली नये प्रमुख परमाणु वातार्कार बने। अमेरिका के राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने म्यांमार के सैन्य शासकों के खिलाफ नये प्रतिबन्ध लगाने की घोषणा की।

2008- आरबीआई ने रेपो दर में एक प्रशिशत की कटौती की।

2019 - भारत के प्रसिद्ध पहलवानों में से एक दादू चौगुले दत्तात्रेय का निधन।

2020 - आइसलैंड के दक्षिण पश्चिम हिस्से में 5.6 तीव्रता का भूकंप का झटका आया, जिससे राजधानी रेक्जाविक की इमारतें हिल गयी।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एनएनएस) बुधवार अश्विन सुदी दशमी को जौ, गेहूं, जई, ढैंचा, देशी चना, मसूर, मोठ, राजमा चित्रा, काबुली चना, मटर, ग्वार, ग्वार गम, सरसों व सभी खाद्य तेलों में, लोबिया, महुआ फूल, हल्दी, अजवायन, जावित्री, अमचूर, पिस्ता, धनिया, कॉपर, पीतल, देशी घी, लाल मिर्च, दूध पाउडर, द्राख में लाभ तथा ज्वार, तुवर, मूंग, बिनौला, गोला, किशमिश, इमली, जीरा, लौंग, चीनी, वनस्पति घी, शक्कर, लाल मिर्च, अंजीर, बादाम, पारा, गुड़, जायफल, काजू, सोना-चांदी में हानि की संभावना है। **भाग्यांक 2-3-5-9 है। यात्रा विचार- दक्षिण दिशा की ओर 9.13 बजे पूर्वार्द्ध से पहले यात्रा करना लाभप्रद होगा।**

आज का राशिफल

20 अक्टूबर मंगलवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

आश्विन शुक्ल नवमी/दशमी, नक्षत्र-श्रवण, योग-शूल, करण-कौलव, दिशाशूल-उत्तर, सूर्योदय 6.25 बजे, सूर्यास्त 6.25

ग्रह स्थिति : चंद्रमा मकर राशि में, सूर्य बुध राशि में, शुक्र तुला राशि में तथा गुरु और मंगल कर्क राशि में राहू- कुंभ, केतु-सिंह राशि, शनि- मीन संचार कर रहे हैं।

मेष: आज आपका मन खुश और मिलनसार महसूस होगा। आपको प्रोफेशनली आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे।

वृषभ: आज छोटे-छोटे फैसलों से काम और घर पर साफ प्रोग्रेस होगी। प्यार से बात करें।

मिथुन: आज के दिन आपको नए आइडिया आ सकते हैं। दूसरों से बात करें, मददगार विचार शेयर करें।

कर्क : आज के दिन फोकस और प्रैक्टिकल प्लान आपको अपने काम को लगातार पूरा करने में मदद करेंगे।

सिंह: आज के दिन किसी दोस्त या सहकर्मी के साथ अपने आइडिया शेयर करें। एक छोटी सी बातचीत उपयोगी योजना बनाएगी।

कन्या: आज रूटीन को स्टेबल रखें। आज उठाया गया एक जरूरी कदम भविष्य को बेहतर बना सकता है।

तुला: आज के दिन जब दूसरे असहमत हों तो धैर्य रखें। हल्के बदलाव आपके दायरे को बढ़ाते हैं।

वृश्चिक: आज दोस्त आपकी सलाह पर प्रतिक्रिया देंगे। रूटीन को आसान रखें और थकने पर आराम करें।

धनु: आज रूटीन, धैर्य और ईमानदारी से किया गया काम प्रोग्रेस देगा। आज आपका दिमाग तेज काम करेगा।

मकर: आज नए प्लान सामने आ सकते हैं। अपने आइडिया को स्मार्ट तरीके से शेयर करें।

कुंभ: आज ऐसे लोगों से कनेक्ट करें, जो आपके विजन और स्किल को महत्व देते हैं। धन में वृद्धि होगी।

मीन: पैसे के मामले आज स्थिर दिख रहे हैं। दोस्ताना एनर्जी आपको नई चीजें आजमाने में मदद करेगी।

'सपनों की उड़ान-असंभव कुछ भी नहीं' कार्यक्रम में युवाओं से किया संवाद

नशामुक्त युवा ही विकसित भारत के सारथी : मुख्यमंत्री

जयपुर।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सामर्थ्यवान, संस्कारवान और नशामुक्त युवा ही विकसित भारत के सच्चे सारथी हैं। उन्होंने युवाओं से संकल्प, अनुशासन, परिश्रम और नवाचार को जीवन का आधार बनाकर अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री सोमवार को 'सपनों की उड़ान-असंभव कुछ भी नहीं' कार्यक्रम में युवाओं से संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में शामिल है और युवा शक्ति राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया और अटल इनोवेशन मिशन जैसी योजनाओं ने युवाओं के लिए नवाचार, उद्यमिता और स्वरोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं। उन्होंने कहा कि 'माय भारत' प्लेटफॉर्म से राजस्थान के 26 लाख से अधिक युवा और 1,700 से अधिक संस्थाएं जुड़ चुकी हैं।

नशामुक्ति और कौशल विकास पर विशेष जोर : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश के 350 से अधिक महाविद्यालयों, इंजीनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक कॉलेजों में 'नई किरण' नशामुक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं, जबकि जिला अस्पतालों में 'राज सवेरा' के तहत नशामुक्ति वार्ड विकसित किए जा रहे हैं। नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य कौशल नीति-2025 के तहत अब तक 3.70 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया गया है। 144 राजकीय आईटीआई में स्मार्ट क्लासरूम स्थापित किए गए हैं तथा 21 नए राजकीय पॉलिटेक्निक, 76 राजकीय महाविद्यालय और 220 सरकारी कॉलेज भवन विकसित किए गए हैं।

रोजगार, स्टार्टअप और खेलों को बढ़ावा : मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 5,000 से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हैं और 65 आई-स्टार्ट लॉन्चपैड नेस्ट स्थापित किए गए हैं। मुख्यमंत्री युवा संबल योजना के तहत चार लाख लाभार्थियों को 1,643 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 1.93 लाख सरकारी नियुक्तियां दी जा चुकी हैं, 1.18 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है तथा 70 हजार से अधिक नए पदों पर भर्ती शुरू की जाएगी। निजी क्षेत्र में भी पांच लाख युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। खेलों को बढ़ावा देने के लिए 17 नए खेलो इंडिया केंद्र, सभी 41 जिला मुख्यालयों पर 'एक जिला-एक खेल' योजना के तहत खेल अकादमियां तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल मैदान विकसित किए जा रहे हैं।

युवाओं ने जताया आभार : कार्यक्रम में पैरा खिलाड़ी विक्रम कुमार मीणा, शिवम वैष्णव, मनीषा गोस्वामी, निकिता और हीरालाल महावर सहित कई युवाओं ने विभिन्न सरकारी योजनाओं से मिले लाभ के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद के संदेश 'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको' को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि राज्य सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए हर कदम पर उनके साथ खड़ी है।

दुष्कर्म, भ्रष्टाचार और गोहत्या पर हो कड़ा दंड : स्वामी रामदेव

नवरात्र समापन पर कन्या पूजन में योगगुरु ने फास्ट ट्रैक अदालतों और सख्त कार्रवाई की मांग की

सीमा सन्देश # हरिद्वार।



योगगुरु स्वामी रामदेव ने दुष्कर्म, भ्रष्टाचार और गोहत्या जैसे अपराधों पर कठोर कार्रवाई की आवश्यकता बताते हुए दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसे गंभीर मामलों की सुनवाई फास्ट ट्रैक अदालतों में कर जल्द न्याय सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

नारी सम्मान भारतीय संस्कृति का मूल भाव : नवरात्र की पूणार्हुति पर पतंजलि योगपीठ में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में स्वामी रामदेव ने कहा कि सनातन संस्कृति की मूल भावना समस्त सृष्टि में भगवती के दर्शन करना और नारी का सम्मान करना है। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति के मन में हर स्वरूप के प्रति श्रद्धा और पवित्रता का भाव होता है, वह दुराचार और अनैतिक प्रवृत्तियों से दूर रहता है। उन्होंने छोटी बच्चियों के साथ होने वाली दुष्कर्म की घटनाओं और समाज में बढ़ती अश्लीलता पर चिंता जताते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नवरात्र में देवी की आराधना तभी सार्थक होगी, जब समाज महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएगा।

दुष्कर्म की घटनाओं पर जताई चिंता : स्वामी रामदेव ने कहा कि भारत में वर्ष में दो बार नवरात्र के दौरान कन्याओं और देवी शक्ति की पूजा की जाती है, लेकिन बच्चियों के साथ होने वाली आपराधिक घटनाएं समाज के लिए शर्मनाक हैं। उन्होंने ऐसी व्यवस्था बनाने का आह्वान किया, जिसमें किसी भी मां-बेटी को भय और असुरक्षा का सामना न करना पड़े।

भ्रष्टाचार और गोहत्या पर भी सख्ती की मांग : योगगुरु ने कहा कि दुष्कर्म, भ्रष्टाचार और गोहत्या जैसी बुराइयों को समाप्त करने के लिए कठोर कानून और प्रभावी कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने गोहत्या रोकने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय को मां का दर्जा दिया गया है। उन्होंने समाज से नैतिक मूल्यों को मजबूत करने और अपराधों के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया।

भीतर का रावण जलाएँ, जीवन में राम प्रकट करें



MAAsterG की क्लास

किश्त सं. 39

आज दशहरा है। तो आज किसका वध हुआ? रावण यानी मायावी रावण का, जिससे माया का अंत हुआ, माया का वध हुआ और सत्य की जीत हुई। श्री राम सत्य हैं पर रावण को असत्य क्यों कहा गया? क्योंकि रावण कहीं भी कर्ता भाव के सिवाय कुछ नहीं था, उसमें अहंकार फूट-फूट कर भरा था। उसे सब वरदान भी भगवान से मिले फिर भी वो भगवान के ही विरुद्ध खड़ा हो गया। भगवान से उसे सब कुछ मिला। उसके पास अपना कुछ भी ऐसा नहीं था, जो उसका खुद का हो। सब उसने परमात्मा से माँगा और परमात्मा ने ही दिया, फिर भी वो परमात्मा के ही विरुद्ध खड़ा हो गया।

तुमको भी सब कुछ किससे मिला है? तुम कहते हो, मेरा घर, मेरी माँ, मेरे पिता, मेरा भाई, मेरी बहन, मेरी दौलत और मेरा ये शरीर है। जो भी है, तुम्हें किससे मिला है? तुमने अपनी इन आँखों को, इन कानों को, नाक को, मुँह को और पाँव को कहाँ से खरीदा है? ये किसके कारण चलते हैं? तुमने सब कुछ उस परमात्मा से पाया, परंतु तुम्हारे पास भी वही अहंकार है। आज एक रावण मर गया और वो हर साल मरता है और जलता है, क्योंकि रावणों की कोई कमी नहीं है। सिर्फ एक रावण नहीं जलता, अगर वो एक असली रावण जल जाए, तो हर साल एक नया राम पैदा होता दिखाई दे। राम लीलाएँ चल रही हैं, ये सब राम की ही लीला चल रही है।

रावण बहुत विद्वान था। उसका तप और उसका जप पूरी एकाग्रता से होता था। उसका धर्म और कर्म भी सात्विक था। परंतु उसमें अहंकार आ गया, उसने सत्य का श्रेय लेते हुए अपने को ही कर्ता मान लिया। पर तुम तो रावण भी नहीं हो, फिर भी तुम्हारे अंदर अहंकार है, कर्ता भाव है। तुम बाहर अपने आपको साधु दिखाते हो और अंदर से असाधु हो। बाहर तुम खुद को भक्त कहते हो, बाहर तुम अपने आपको आस्तिक, ज्ञानी कहते हो, पर अंदर तुम्हारे कचरा पड़ा है। तुम बाहर से 'ओम नमः शिवाय, हरे राम, हरे राम' करते हो, पर अंदर परिवर्तन कोई नहीं होता।

तुम बाहर जाकर रावण फूँकते हो, पर अपने अंदर के रावण को नहीं फूँकते। रामलीलाएँ देखना, बाहर के रावण फूँकना और बाहर के दशहरे मनाना, ये सब बाहरी खेल हैं। जैसे बच्चे खिलौनों से खेलते हैं, वैसे ही तुमने राम और रावण को भी खिलौना बना दिया है। धनुष-बाण वाले श्री राम जी और तलवार वाला रावण, पर असली युद्ध तो तुम्हारे अंदर है। तुम्हारे अंदर अहंकार है, कर्ता भाव है। जो परमात्मा का है, उस पर अपना कब्जा करते ही जीवन में दुख आ जाता है। हमें परमात्मा का जो कुछ भी है, उसे परमात्मा को ही सौंप देना है। 'तन, मन, धन तुझको अर्पण क्या लागे मेरा'- यही सच्चा दशहरा है। आज अपने अंदर के रावण को जलाओ, अपने अहंकार को जलाओ, तुम्हारा राम प्रकट हो जाएगा। आज ही तुम्हारे जीवन में दीये जल जाएँगे। इसलिए 'असत्य पर सत्य' की जीत ही दशहरा है। अगर तुम अपने अंदर के रावण को जला दोगे, अपने अहंकार को समाप्त कर दोगे, उसी दिन तुम्हारे जीवन में राम प्रकट हो जाएँगे। वही सच्ची विजयादशमी होगी।

MAAsterG का अनमोल एवं आलौकिक ज्ञान उनके यूट्यूब चैनल 'MAAsterG' पर निशुल्क उपलब्ध है।

गंगनहर का वरीयताक्रम

20 अक्टूबर 2026, मंगलवार [सम्भावित]



पेयजल व छीजत	250	खुलने का समय	बंद होने का समय
एमके	348 (8)	13 अक्टूबर रात्रि 12 बजे	20 अक्टूबर प्रात : 9 बजे
एच	655 (7)	14 अक्टूबर प्रातः 6 बजे	21 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
वाई	686 (7)	14 अक्टूबर सायं 6 बजे	22 अक्टूबर प्रातः 3 बजे
जैड	841 (7)	14 अक्टूबर सायं 6 बजे	22 अक्टूबर प्रातः 3 बजे
डी-भागसर	859 (7)	14 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	22 अक्टूबर प्रातः 6 बजे
बीआईएफ+जे	900 (7)	14 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	22 अक्टूबर प्रातः 6 बजे
पीएस	1060 (7)	15 अक्टूबर प्रातः 6 बजे	22 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
समेजा	1262 (4)	17 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	25 अक्टूबर दोपहर 12 बजे
आरबी	1532 (3)	18 अक्टूबर रात्रि 12 बजे	26 अक्टूबर सायं 3 बजे
एचएच	1567 (2)	19 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	26 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
रिडमलसर	1578 (2)	19 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	26 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
फार्म	1639 (2)	19 अक्टूबर सायं 3 बजे	26 अक्टूबर रात्रि 12 बजे
जीजी	1840		
हिरणावाली	1862		
नेतेवाला	1883		
एमएल	1943		
एमएलए	1984		
बीबी	2182		20 अक्टूबर प्रातः 3 बजे
ईईए	2242		16 अक्टूबर सायं 3 बजे
एलएनपी	2519		16 अक्टूबर सायं 3 बजे
केके	2532		16 अक्टूबर दोपहर 12 बजे
एफ	3035		14 अक्टूबर सायं 6 बजे
करणीजी	3365		14 अक्टूबर दोपहर 12 बजे

नोट : गंगनहर में सोमवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1887 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	7644	साहवा	451
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	460	कंवरसैन	540
रावतसर	673	बिरधवाल हैड से नीचे	6402
सूरतगढ़	निल		
जोरावरपुरा	निल		
खेतेवाली	निल		

सोमवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 19.10.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1632.66
पानी की आवक - 10950 क्यूसेक, निकासी- 13020 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1362.09
पानी की आवक- 5393 क्यू., निकासी- 9540 क्यू., बीकानेर - 2040

सार्दुल ब्रांच 895, करणीसिंह ब्रांच- 305, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

12 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक रहेगा प्रभावी

हरिपुरा	37	नाथवाना	1188
दीनगढ़	50	रतनपुरा	1200
सूरतपुरा	59	भाखरांवाली	1205
मोडिया	314	करनीसिंह	1535
लोंगवाला	549	मम्मड़खेड़ा	1730
पीलीबंगा	674	जोड़कियां	1810
अमरपुरा	790	सूरतगढ़	1930
रोड़ांवाली	803	भगतपुरा	1968
नवां-सतीपुरा	814	संगरिया	1974
मोरजण्डा	1027	नगराना	1982
प्रतापपुरा	1157	लीलांवाली	2222

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : सरसों 8635-6450 (आ. 412 क्विं.), मूंग 8505-7400 (आ. 1574 क्विं.), ग्वार 7965-7200 (आ. 129 क्विं.), नरमा 9350-9101 (आ. 2176 क्विं.), कपास 8954 (आ. 15 क्विं.), मक्का 2525 (आ. 12 क्विं.), **रायसिंहनगर :** ग्वार 8151, गेहूं 2780-2600, नरमा 9246-9116, कपास 8651, सरसों 8502-8157, मूंग 8581-7600, **घड़साना :** मूंग 8650-7280, नरमा 9300-8855, सरसों 8631-7950, ग्वार 7765-5500, पीली सरसों 7610-7600, **श्रीबिजयनगर :** मूंग 8450-7980, नरमा 9128-8951, ग्वार 8100-7905, सरसों 8184-8071, बाजरी 2660-2616, **जैतसर :** सरसों 8257-8144, मूंग 8700-7940, ग्वार 8260-7850, नरमा 9288-8800, कपास 8900-8881, गेहूं 2650, बाजरी 2660, धान 3749-3550, **गजसिंहपुर :** सरसों 8503-7900, ग्वार 8000-7750, चना 6680, मूंग 8496-7005, नरमा 9329-9011, गेहूं 2631, कपास 8550, **करणपुर :** नरमा 9500-9470, मूंग 2265-8198, ग्वार 8250, **सबमंडी यार्ड रीको :** गेहूं 2890-2100, सरसों 8750-5500, पीली सरसों 8830-6200, ग्वार 8405-6500, मूंग 8650-5000, नरमा 9441-8000, बाजरी 2550-2000

किरयाना

किरयाना : धनिया 18500-22000, हल्दी 20000-24500, जीरा 28500-29000, अजवाइन 19500-20000, सौंफ 13000-23000, मेथी 8200, खोपरा 1900, गट गोला 475 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 3000-3200, मिर्च एमपी 20000-24000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 22000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1440, आटा (45 किग्रा.) 1430, सूजी 1530, बेसन 9400, चावल टुकड़ी 3500-3700, चावल डबल छनाई 3800-4400, चावल सेला 3900, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10900, मूंग छिल्का 10500, उड़द धुली 12500-13500, उड़द साबुत 11500-12000, अरहर दाल 13000-13500, दाल मसूर 7900-8000, दाल चना 8900, देशी चना 7500, सिंगल डालर चना 9000-9500, सिंगल डॉलर चना 9000-9600, डबल डालर चना 10500, काला चना 8400-9000

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5800, गुड़ पेड़ी 5450, गुड़ शिवलिंग 6300, गुड़ बर्फी 6200, चीनी महाराष्ट्र 5900, चीनी एल 6250, चीनी एम 6000, चीनी श्रीगंगानगर 6400।

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 160 रु., तेल रिफाइंड 125-130 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 9800-10300 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 550 -650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 9800 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 550 रु., पंजाब किंग : 9400रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 530 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 650 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 590 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली, सूचकांक एक प्रतिशत से ज्यादा टूटे

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को चौतरफा बिकवाली के दबाव में प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक टूट गए। बीएसई का सेंसेक्स 876.37 अंक (1.17%) गिरकर 73,852.90 अंक और एनएसई का निफ्टी-50 257.20 अंक (1.11%) फिसलकर 22,888.95 अंक पर बंद हुआ। वृहत बाजार में निफ्टी मिडकैप 1.28% और स्मॉलकैप 1.08% नीचे आए। सार्वजनिक बैंकों को छोड़कर वित्त, आईटी, एफएमसीजी और रियल्टी समेत सभी सेक्टर लाल निशान में रहे। सेंसेक्स की 30 में से 25 कंपनियों के शेयर टूटे, जिनमें एक्सिस बैंक 3.85% गिरकर शीर्ष नुकसान में रहा। एशियाई व यूरोपीय बाजारों से मिले कमजोर संकेतों ने भी धारणा प्रभावित की।

आधार में कुछ बदलने के लिए दस्तावेज जरूरी

नई दिल्ली। आधार कार्ड में नाम, पता या जन्मतिथि अपडेट कराने के लिए पहले आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी लेना जरूरी है। आधार जारी करने वाली संस्था की वेबसाइट पर अपडेट के लिए मान्य दस्तावेजों की सूची उपलब्ध है। ऑनलाइन पता बदलने और दस्तावेज अपडेट करने की सुविधा भी दी गई है। इसके लिए आधार से मोबाइल नंबर लिंक होना आवश्यक है। उपयोगकर्ता संबंधित पोर्टल पर लॉगिन कर जरूरी जानकारी भरकर दस्तावेज जमा कर सकते हैं। आवेदन करने से पहले दस्तावेजों की वैधता और सही जानकारी सुनिश्चित करना जरूरी है।

पारले-जी फैक्टरी में आग

जबलपुर। रिछाई औद्योगिक क्षेत्र स्थित पारले-जी बिस्कुट फैक्टरी में आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और आठ से अधिक दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का काम शुरू किया। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। एफएसएल जांच के बाद आग के वास्तविक कारणों का पता चलेगा। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

न्यूज इन ब्रीफ

मोबाइल चोर गिरोह का खुलासा

जयपुर। सिंधी कैंप थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय मोबाइल चोर गिरोह का पदार्फाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी के 19 मोबाइल, वारदात में प्रयुक्त स्विफ्ट कार और दो अन्य मोबाइल बरामद किए हैं। आरोपी चोरी के मोबाइल मेवात में बेचते थे, जिनका इस्तेमाल साइबर फ्रॉड में किया जाता था। पुलिस के अनुसार गिरोह अब तक करीब 150-200 मोबाइल हरियाणा भेज चुका है।

'भाजपा पंचायत चुनाव में जीतेगी'

उदयपुर। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव आते ही वे विरोध प्रदर्शन शुरू कर देते हैं। उन्होंने एसआईआर और वोट चोरी के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि हार की निराशा में ऐसे बयान दिए जा रहे हैं। दीया ने दावा किया कि पंचायती राज चुनाव में भाजपा भारी बहुमत से जीतेगी। उन्होंने आहड़ संग्रहालय और नारी निकेतन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा प्रदेश के 10 संग्रहालयों को आधुनिक बनाने की बात कही।

भारत विरोधी प्रस्ताव खारिज

नई दिल्ली। भारत ने ओआईसी की बगदाद बैठक में पारित भारत विरोधी प्रस्तावों को दुर्भावनापूर्ण और झूठा बताते हुए खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग हैं तथा कोई भी दुष्प्रचार वास्तविकता नहीं बदल सकता। मंत्रालय ने आरोप लगाया कि ये प्रस्ताव पाकिस्तान प्रायोजित हैं। भारत ने ओआईसी से पाकिस्तान के एजेंडे से दूर रहने और अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने की अपील की।

राठौड़ ने राहुल पर साधा निशाना

जयपुर। राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने राहुल गांधी पर विदेशी ताकतों के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि भारत की प्रगति से परेशान कुछ विदेशी शक्तियां देश को अस्थिर करने के लिए फंडिंग कर रही हैं। राठौड़ ने कहा कि पहले राहुल गांधी पर दांव लगाया गया, लेकिन भाजपा मजबूत होने पर अन्य चेहरों को आगे किया गया। उन्होंने राहुल गांधी और 'कॉकरोच जनता पार्टी' के संस्थापक अभिजीत दीपके पर भी निशाना साधा। हालांकि, इन आरोपों के समर्थन में फिलहाल कोई स्वतंत्र या आधिकारिक साक्ष्य सार्वजनिक नहीं हुआ है।

हादसे में चाचा-भतीजे की मौत

मोगा। पंजाब के मोगा जिले के गांव बुटर कलां के निकट सोमवार सुबह सड़क हादसे में एक व्यक्ति और उसके 10 वर्षीय भतीजे की मौत हो गई, जबकि परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ, जब परिवार हरियाणा से शादी समारोह में शामिल होकर ऑल्टो कार से लौट रहा था।

रिश्वत मांगने के आरोप में सरकारी कर्मचारी की जांच से पहले अनुमति जरूरी नहीं: सुप्रीम कोर्ट

पीसी एक्ट की धारा 17ए का संरक्षण केवल आधिकारिक फैसलों और सिफारिशों से जुड़े मामलों में लागू होगा

नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला देते हुए कहा है कि किसी सरकारी कर्मचारी पर रिश्वत मांगने के आरोपों की जांच के लिए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत पूर्व अनुमति लेना जरूरी नहीं है। अदालत ने स्पष्ट किया कि रिश्वत मांगना सरकारी कर्तव्यों के निर्वहन का हिस्सा नहीं है, इसलिए ऐसे मामलों में कानून का संरक्षण उपलब्ध नहीं होगा। जस्टिस एस.वी.एन. भट्टी और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की पीठ ने 16 अक्टूबर को यह फैसला सुनाते हुए राजस्थान पुलिस के कांस्टेबल तेजाराम की अपील खारिज कर दी। तेजाराम ने अपने खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप तय किए जाने को चुनौती दी थी।

राजस्थान हाई कोर्ट के फैसले को रखा बरकरार : सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाई कोर्ट के उस निर्णय को बरकरार रखा, जिसमें हाई कोर्ट ने तेजाराम के खिलाफ पीसी एक्ट की धारा 7 के तहत आरोप तय करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था। पीठ ने कहा कि पीसी एक्ट की धारा 17ए के तहत पूर्व अनुमति की आवश्यकता केवल उन मामलों में होती है, जहां किसी सरकारी कर्मचारी द्वारा अपने आधिकारिक कार्यों या कर्तव्यों के दौरान कोई निर्णय लिया गया हो या सिफारिश की गई हो।

राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले को रखा बरकरार

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाई कोर्ट के उस निर्णय को बरकरार रखा, जिसमें हाई कोर्ट ने तेजाराम के खिलाफ पीसी एक्ट की धारा 7 के तहत आरोप तय करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था। पीठ ने कहा कि पीसी एक्ट की धारा 17ए के तहत पूर्व अनुमति की आवश्यकता केवल उन मामलों में होती है, जहां किसी सरकारी कर्मचारी द्वारा अपने आधिकारिक कार्यों या कर्तव्यों के दौरान कोई निर्णय लिया गया हो या सिफारिश की गई हो।

कहा कि पीसी एक्ट की धारा 17ए के तहत पूर्व अनुमति की आवश्यकता केवल उन मामलों में होती है, जहां किसी सरकारी कर्मचारी द्वारा अपने आधिकारिक कार्यों या कर्तव्यों के दौरान कोई निर्णय लिया गया हो या सिफारिश की गई हो।

रिश्वत लेना धारा 17ए के दायरे में नहीं : सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गबन, धोखाधड़ी, विश्वासघात, खातों में हेराफेरी और रिश्वत लेने जैसे अपराध धारा 17ए के संरक्षण में नहीं आते हैं। अदालत ने कहा कि इस प्रावधान का उद्देश्य ईमानदारी से काम करने वाले लोक सेवकों को अनावश्यक अभियोजन से बचाना है, लेकिन इसे हर भ्रष्टाचार मामले में लागू नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि धारा 17ए तभी लागू होगी, जब आरोप किसी सरकारी कर्मचारी द्वारा अपने आधिकारिक कार्यों के दौरान लिए गए निर्णय या की गई सिफारिश से जुड़ा हो।

कांस्टेबल पर डेढ़ लाख रुपये मांगने का आरोप : मामले के अनुसार, तेजाराम सिरोही में पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय में तैनात थे। उनके साथी कांस्टेबल देवेंद्र कुमार ने 22 अप्रैल 2021 को शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया था कि तेजाराम ने पुलिस अधीक्षक के नाम पर 1.5 लाख रुपये की मांग की। इसके बाद 4 जून 2021 को पीसी एक्ट की धारा 7ए और भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी के तहत एफआईआर दर्ज की गई। तेजाराम को 1 सितंबर 2021 को गिरफ्तार किया गया।

अभियोजन स्वीकृति मिलने के बाद जनवरी 2024 में आरोप पत्र दाखिल किया गया। पाली की विशेष अदालत ने 12 सितंबर 2024 को पीसी एक्ट की धारा 7 के तहत आरोप तय किए थे। हाई कोर्ट ने मार्च 2025 में उनकी याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद तेजाराम ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी।

बांग्लादेश जैसे हालात पैदा करने की कोशिश कर रहे कम्युनिस्ट व 'कॉकरोच'



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को वामदलों और 'कॉकरोच' पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वे भारत में बांग्लादेश जैसे अशांति के हालात पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने ऐसी गतिविधियों का विरोध करने की अपील की। दुर्गा पूजा पंडालों के पास वामपंथी दलों के पुस्तक स्टॉल में कथित तोड़फोड़ को लेकर विवाद के बीच उनका बयान आया है। अधिकारी ने कहा कि कम्युनिस्ट पूजा-पाठ नहीं करते, पवित्र धागा नहीं बांधते और तिलक नहीं लगाते। वहीं, सीपीआई (एम) और अन्य वाम दलों ने आरोप लगाया कि उनके पुस्तक स्टॉलों पर हमला किया गया। अधिकारी ने कांथी स्थित आवास पर दुर्गा पूजा के दौरान पुष्पांजलि अर्पित कर सभी के कल्याण की प्रार्थना की।

2029 तक ड्रग्स मुक्त भारत का लक्ष्य, रोडमैप तैयार : अमित शाह

नई दिल्ली। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के तीन साल में भारत को ड्रग्स की समस्या से मुक्त करने के बयान को भले ही पंजाब विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा हो, लेकिन केंद्र सरकार इसे दीर्घकालिक अभियान के रूप में आगे बढ़ा रही है। शाह ने दिसंबर 2029 तक ड्रग्स मुक्त भारत के लक्ष्य का रोडमैप पहले ही तैयार कर लिया था।

एंटी नारकोटिक्स नेटवर्क को किया मजबूत : इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों के साथ राज्यों के डीजीपी और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के प्रमुखों की बैठकें की जा चुकी हैं।

शाह ने कहा है कि यह लक्ष्य कठिन जरूर है, लेकिन देश के भविष्य की सुरक्षा के लिए इसे पूरा करना जरूरी है। गृह मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, ड्रग्स तस्करी रोकने के लिए जिलों से लेकर केंद्र स्तर तक नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेशन सेंटर (एनकोर्ड) बनाए गए हैं। तस्करी के रूट की मैपिंग, तस्करों का डाटा बेस और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क पर कार्रवाई के लिए एजेंसियों के बीच समन्वय बढ़ाया गया है।

तस्करी नेटवर्क पर लगातार कार्रवाई : अधिकारियों का कहना है कि मुंद्रा पोर्ट पर हजारों करोड़ रुपये की ड्रग्स बरामदगी से लेकर हालिया समुद्री अभियानों तक एजेंसियों को बड़ी सफलताएं मिली हैं। विदेशों में छिपे ड्रग्स कार्टेल से जुड़े लोगों की पहचान कर उन्हें भारत लाने की कार्रवाई भी तेज की गई है। केंद्र का दावा है कि लगातार कार्रवाई और मजबूत व्यवस्था से ड्रग्स नेटवर्क को खत्म करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है।

3 साल में 90 किलो सोने की खरीद का मामला

डीआरआई जांच में 100 करोड़ से अधिक के सोने का पता लगा, पिता-पुत्र की जमानत याचिका खारिज

इंदौर। इंदौर के प्रसिद्ध सराफा बाजार से जुड़े कथित सोना तस्करी मामले में डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है।

जांच एजेंसी के अनुसार, सराफा कारोबारी दीपक खंडेलवाल और उनके बेटे नकुल खंडेलवाल से जुड़े मामले में पिछले तीन वर्षों के दौरान करीब 90 किलो सोने की खरीद का पता चला है। इस सोने की अनुमानित कीमत 100 करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। डीआरआई को आशंका है कि यह सोना विदेश से तस्करी के जरिए भारत लाया गया और बाद में ज्वेलरी कारोबार के माध्यम से बाजार में खपाया गया। हालांकि, आरोपों की पुष्टि न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही होगी। दोनों आरोपितों ने तस्करी के सोने की खरीद से किसी भी तरह का संबंध होने से इनकार किया है।



बैंक लॉकर में रखा सोना।

कार की सीट के नीचे मिला था 4.72 करोड़ का सोना: डीआरआई को सूचना मिली थी कि कुछ लोग महाराष्ट्र से सोना लेकर इंदौर आ रहे हैं। इसके आधार पर 14 अगस्त 2026 को एजेंसी ने एक कार की जांच की। तलाशी के दौरान कार की आगे वाली सीट के नीचे रखे बॉक्स से सोने के तीन बिस्किट बरामद किए गए। इनकी कीमत करीब 4.72 करोड़ रुपये आंकी गई। कार में मौजूद रोमेल और यश लालवानी को डीआरआई ने गिरफ्तार किया था। पूछताछ में सामने आई जानकारी के आधार पर एजेंसी को संदेह हुआ कि बरामद सोना इंदौर के सराफा कारोबारी दीपक खंडेलवाल को बेचा जाना था। इसके बाद जांच का दायरा बढ़ाया गया।

कोटा से गिरफ्तार हुए थे पिता-पुत्र : जांच के दौरान डीआरआई ने 19 अगस्त को दीपक खंडेलवाल और उनके बेटे नकुल खंडेलवाल को राजस्थान के कोटा से गिरफ्तार किया था। एजेंसी का दावा है कि निखिल लालवानी के माध्यम से पिछले तीन वर्षों में करीब 90 किलो सोने की खरीद की जानकारी सामने आई है। डीआरआई को आशंका है कि सोने का स्रोत अवैध हो सकता है और इसे सराफा कारोबार के जरिए बाजार में पहुंचाया गया।

आरोपितों ने आरोपों से किया इनकार: विशेष न्यायालय में जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान दीपक और नकुल खंडेलवाल ने कहा कि उनका तस्करी के सोने से कोई संबंध नहीं है।

उन्होंने बताया कि वे करीब 20 वर्षों से सराफा कारोबार से जुड़े हैं और कभी अवैध सोना नहीं खरीदा। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायालय ने पिता-पुत्र की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। मामले में आगे की जांच जारी है।

सीएम के घर के बाहर शव रखकर धरना

इम्फाल। मणिपुर में सोमवार को जंगल से जलाऊ लकड़ी लेने गए तीन लोगों की कथित रूप से उग्रवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना इंफाल पूर्व और कांगपोकपी जिलों की सीमा पर हुई, जहां लकड़ी इकट्ठा कर रहे लोगों के समूह पर हमला किया गया। इस गोलीबारी में तीन अन्य लोग घायल हुए हैं, जबकि तीन लोग लापता बताए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान अरुबम रोनिल (35), लैरेनलाकपम इनाओबी (51) और क्षेत्रिमायुम सुशील (32) के रूप में हुई है। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री आवास के बाहर दो शव रखकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मई 2023 से जारी हिंसा को लेकर नाराजगी जताई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। इसके बाद सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई और कई क्षेत्रों में बाजार व दुकानें बंद रहीं।

उदयपुर यूनिवर्सिटी के शोध से कैंसर दवा में नई उम्मीद, नैनो तकनीक को मिला पेटेंट

उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने कैंसर उपचार को आसान बनाने की दिशा में अहम उपलब्धि हासिल की है। फार्मेसी विभाग की प्रो. डॉ. गरिमा जोशी और रिसर्चर शेख शाहनवाज कादिर ने नैनोटेक्नोलॉजी आधारित ऐसा फॉर्मूलेशन विकसित किया है, जिससे कैंसर की दवा मुंह के जरिए दी जा सकेगी।

इस तकनीक को भारत सरकार से पेटेंट मिल चुका है। शोध में अग्नाशय कैंसर की दवा के अवशोषण में सामान्य दवा की तुलना में 165 प्रतिशत से अधिक सुधार पाया गया। परीक्षणों में कैंसर कोशिकाओं पर 31.4 प्रतिशत तक एपोप्टोटिक प्रभाव भी दर्ज किया गया। यह शोध 2021 में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत शुरू हुआ था। हालांकि, तकनीक अभी लैब और पशु परीक्षण स्तर पर है तथा मानव परीक्षणों के बाद ही इसके उपचार में उपयोग की पुष्टि होगी।

राजस्थानी रामलीला में लक्ष्मण मूर्छा प्रसंग का मंचन



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। शहर के हनुमान चौक स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में राजस्थानी रामलीला के आठवें दिन वीरता, भक्ति और लोकसंस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। 'भासा है संजीवणी...' संदेश के साथ राजस्थानी भाषा में मंचित रामलीला के दौरान लक्ष्मण के मूर्छित होने और हनुमानजी द्वारा संजीवनी बूटी के लिए पूरा पहाड़ उठा लाने के दृश्य पर 'जय बजरंग बली' और 'जय राजस्थानी' के नारों से पूरा चौक गूंज उठा। रामलीला की शुरूआत वरिष्ठ चिकित्सक व समाजसेवी डॉ. राहुल छाबड़ा और पूनम कुमावत ने भगवान श्रीराम की आरती कर की। मंचन के दौरान रावण दरबार, विभीषण शरणागति, समुद्र से मार्ग मांगना, लक्ष्मण मूर्छा, हनुमानजी द्वारा सुखेन वैद्य को लाना, कालनेमि छल, लक्ष्मण पुनर्जीवन और श्रीराम-कुंभकरण युद्ध सहित 11 प्रसंगों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। देव भारती ने ख्याल लोकनाट्य शैली में राजस्थानी गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

आयोजन समिति के पृथ्वीराज स्वामी व मनोज कुमार स्वामी ने अतिथियों को सेनाणी भेंट कर सम्मानित किया। निर्देशक मनोज कुमार स्वामी के संयोजन में राम की भूमिका आर्य स्वामी, रावण व बड़ी मां देव भारती, कुंभकरण सीताराम शर्मा, हनुमानजी संजय बिश्नोई, लक्ष्मण प्रदीप जसूजा, अंगद राजकमल, सुग्रीव विनोद ओझाईया, सुखेन वैद्य उत्तम कुमार स्वामी, विभीषण सोनू जोगिया व राक्षस तपेश स्वामी ने निभाई। बैकस्टेज का जिम्मा रेणूबाला स्वामी ने संभाला। पिछले आठ वर्षों से इस रामलीला का 16 देशों में लाइव प्रसारण निदेशक अशोक कुमार स्वामी के संयोजन में किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ सदस्य ओम इंदौरिया ने आभार जताया।

अभिनेता सनी देओल; दमदार संवाद व देशभक्ति के जज्बे से बनाई पहचान



मुंबई। दमदार अभिनय, बुलंद आवाज और आक्रामक संवाद अदायगी के लिए मशहूर अभिनेता सनी देओल ने चार दशक से अधिक लंबे फिल्मी सफर में अपनी अलग पहचान बनाई है।

19 अक्टूबर 1957 को जन्मे सनी को अभिनय की विरासत पिता धर्मेंद्र से मिली। फिल्मी माहौल में पले-बढ़े सनी ने इंग्लैंड के ओल्ड बेव थिएटर से अभिनय की शिक्षा ली और वर्ष 1983 में फिल्म 'बेताब' से करियर की शुरूआत की।

'बेताब' की सफलता के बाद सनी ने कई फिल्मों में काम किया, लेकिन वर्ष 1985 की फिल्म 'अर्जुन' ने उन्हें नई पहचान दिलाई। इसके बाद उनकी छवि एंग्री यंग मैन के रूप में स्थापित हो गई। 'घायल', 'दामिनी', 'बॉर्डर' और 'गदर : एक प्रेम कथा' जैसी फिल्मों में उनके अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा। फिल्म 'घायल' के लिए सनी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार और राष्ट्रीय पुरस्कार मिला, जबकि 'दामिनी' के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। वर्ष 2001 में आई 'गदर' उनके करियर की सबसे बड़ी सफल फिल्मों में शामिल हुई। सनी देओल ने अब तक 100 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया है।

वर्ष 2023 में प्रदर्शित 'गदर-2' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता हासिल की। अभिनय के साथ वे राजनीति में भी सक्रिय हैं और गुरदासपुर से सांसद रह चुके हैं। आज भी सनी देओल अपनी ऊर्जा और दमदार अंदाज के साथ फिल्मों में सक्रिय हैं।

आज भारी बारिश व आंधी का अलर्ट

नई दिल्ली। मौसम विभाग ने 20 अक्टूबर के लिए देश के 13 राज्यों में भारी बारिश, तेज आंधी और कुछ स्थानों पर गरज-चमक की चेतावनी जारी की है। उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में मौसम बिगड़ने की संभावना है। राजस्थान के कई जिलों में 60 से 70 किमी प्रति घंटे व कुछ क्षेत्रों में 80 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

गहलोत ने कानून-व्यवस्था और सूखे के हालात पर सरकार को घेरा : जैसलमेर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भरतपुर में पूर्व विधायक अतर सिंह भड़ाना की हत्या मामले में राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गंभीर घटना के बाद कार्रवाई में तीन दिन की देरी क्यों हुई। केवल निलंबन और एपीओ से सरकार जिम्मेदारी से नहीं बच सकती।

कार्यालयः-सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सॉसायटी, राजकीय उपजिला चिकित्सालय, सरदारशहर

क्रमांकः खुली निविदा/2026-27/1792 दिनांकः 19/10/2026

-: खुली निविदा- ई निविदाः-

राजकीय उप जिला चिकित्सालय, सरदारशहर में विभिन्न योजनाओं के तहत खुली ई-निविदा जारी की गई है रजिस्टर्ड संवेदक/फर्मों/सेवाप्रदाताओं से खुली-ई-निविदा के माध्यम से ऑन-लाइन ई-प्रोक्यूरमेन्ट साइट प्रक्रिया द्वारा दो रूपों में ई-निविदा प्रस्ताव-तकनीकी निविदा प्रस्ताव एवं वित्तीय निविदा प्रस्ताव आमन्त्रित किये जाते हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी व शर्तें इत्यादि वेबसाइट sppp.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन/डाउनलोड/ अपलोड कर सकते है। [MHS2627GSOB04249]

- (डॉ. चन्द्रभान) सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी राजकीय उपजिला चिकित्सालय, सरदारशहर

श्रॉफ फायरिंग मामला : हमले के बाद नेपाल भागने की थी योजना, पुलिस पूछताछ में साजिश से जुड़े कई खुलासे

कोटा में पकड़े गए तीन संदिग्ध, बिश्नोई गैंग से कनेक्शन की जांच

कोटा। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर मुंबई के जुहू में हुई फायरिंग के मामले



में राजस्थान की कोटा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस से मिले इनपुट के बाद कोटा पुलिस ने ट्रेन में तलाशी अभियान चलाकर महज 15 मिनट में आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार, तीनों आरोपी वारदात के बाद राजस्थान के रास्ते दिल्ली और फिर नेपाल भागने की तैयारी में थे। कोटा पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में हरियाणा के



पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग के सिलसिले में संदिग्धों की गिरफ्तारी के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।

सोनीपत निवासी रेहान उर्फ सुक्का, बिहार के बेगूसराय निवासी ऋतिक कुर्मी उर्फ रोशन और एक नाबालिग शामिल है।

पुलिस का दावा है कि मुख्य आरोपी रेहान ने ही टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग की थी। आरोपियों को आगे की जांच के लिए मुंबई पुलिस को सौंपा जा रहा है।

मुंबई से सूरत होते हुए पकड़ी ट्रेन : पूछताछ में सामने आया कि फायरिंग के बाद आरोपी बाइक से अंधेरी रेलवे स्टेशन पहुंचे और वहां से ट्रेन के जरिए सूरत पहुंचे। इसके बाद उन्होंने पुणे-जयपुर एक्सप्रेस पकड़ी। उनका प्लान जयपुर उतरकर दिल्ली और फिर नेपाल जाने का था। कोटा जंक्शन पर पुलिस ने ट्रेन की तलाशी लेकर उन्हें पकड़ लिया। पुलिस को आरोपियों के पास हथियार नहीं मिले हैं।

विदेश में बैठे गैंगस्टर से संपर्क की जांच : पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी कथित रूप से लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े लोगों के संपर्क में थे। पुलिस के अनुसार, वारदात के पीछे विदेश में बैठे अनिल पंडित की भूमिका की जांच की जा रही है। आरोपियों ने बातचीत के लिए सामान्य कॉलिंग की जगह एक विशेष ऐप का इस्तेमाल किया था। पुलिस अब हथियारों और अन्य सहयोगियों की तलाश कर रही है।

सोशल मीडिया से युवाओं को जोड़ने का आरोप : जांच एजेंसियों के अनुसार, गैंग नए युवाओं को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए अपने साथ जोड़ने की कोशिश करता है। पुलिस का कहना है कि रील्स और वीडियो के माध्यम से युवाओं को प्रभावित कर उन्हें अपराध की दुनिया में लाने के मामले सामने आए हैं। वारदात से पहले शूटरों को हथियार, वाहन और अन्य संसाधन उपलब्ध कराने की जानकारी भी जांच में सामने आई है।

लुधियाना में बस पर पथराव, यात्री सुरक्षित

खन्ना। हरियाणा के करनाल में बस पर हमले के 24 घंटे बाद पंजाब के लुधियाना जिले के दोराहा में उसी ट्रांसपोर्ट कंपनी की बस पर पथराव किया गया। दिल्ली से श्रीनगर जा रही बस पर रविवार देर रात अज्ञात लोगों ने पत्थर फेंके, जिससे खिड़की का शीशा टूट गया।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/सामान्य, उ. प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता : http://www.ireps.gov.in, 2. ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय** : 30.10.2026 को 15:00 बजे तक, **3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय :** 30.10.2026 को 15:00 बजे के बाद, **निविदा सं. :** 04-इलेक्ट/बीकेएन/ई-निविदा/26-27आर, **कार्य का विवरण :** Electrical work in c/w augmentation of PF shelter at 13 Nos. NSG-5 stations (Keshrisinghpur, Lunkaransar, Mahajan, Napasar, Nohar, Rajaldesar, Raman, Sadulsahar, Sangaria, Satnali, Sri Dungargarh, Sri Karanpur, Tehsil Bhadra) of Bikaner Division (Total 64 Bays at 22 PFs). **अनुमानित लागत :** ₹ 2,41,93,552/-, **धरोहर रूपये :** ₹ 4,83,900/-, **निविदा दस्तावेज लागत :** Nil

1495-DO/26

लॉग ऑन करें /NWRailways NWRailways पर फॉलो करें

NORTH WESTERN RAILWAY

रजिस्ट्री सं.डी.एल.-33004/99 REGD. No. D.L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-आर.जे.-अ-12102026-277068
CG-RJ-E-12102026-277068
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3 उप-खण्ड (ii)
PART II-Section3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 5358] नई दिल्ली, शुक्रवार, अक्तूबर 9, 2026/आश्विन 17, 1948
No. 5358] NEW DELHI, FRIDAY, OCTOBER 9, 2026/ASVINA 17, 1948

रेल मंत्रालय

[(गति शक्ति इकाई) उत्तर पश्चिम रेलवे]

अधिसूचना

जयपुर, 9 अक्तूबर, 2026

का.आ. 5570 (अ).- केन्द्रीय सरकार ने रेलवे 2008 अधिनियम (अमेंडमेंट) (जिसे इसमे इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है की धारा (2) के खंड (क 7) द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस अधिनियम के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से नीचे दी गई सारणी के स्तम्भ) 4 जिले के संबंध में राजस्थान राज्य में ("श्री गंगानगर श्री : गंगानगर स्टेशन पर (एसजीएनआर) कोच रखरखाव सुविधाओं का विकास-चरण) I)" की विशेष रेल परियोजना के निष्पादन,) और संचालन के लोक प्रयोजन के लिए स्तम्भ, प्रबंधन, अनुरक्षण 2 में उल्लेखित अधिकारी को उक्त अधिनियम के अधीन (ऐसे प्राधिकारी के रूप में कृत्यों का निर्वहन करने के लिए सक्षम प्राधिकारी के रूप में प्राधिकृत करती है।

सारणी

क्र.सं.	सक्षम प्राधिकारी	तहसील	जिला
1	2	3	4
1	उप खण्ड अधिकारी, श्रीगंगानगर	श्रीगंगानगर	श्रीगंगानगर

[फा. सं. उपरेव. स/मुख्यालय/ नि/443599200 भाग-26]
मुरारी लाल मीना, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आरएसपी

1497-DO/26

न्यूज इन ब्रीफ

थालड़का जीएसएस से जुड़े दो फीडरों पर तीन घंटे बिजली कटौती कल

सीमा सन्देश # थालड़का। स्थानीय 33 केवी सब स्टेशन थालड़का से जुड़े गोकुलपुरा फीडर और टोपारिया फीडर पर मंगलवार, 20 अक्टूबर को विद्युत रखरखाव कार्य के चलते तीन घंटे बिजली कटौती रहेगी। इस दौरान सुबह 8 बजे से 11 बजे तक दोनों फीडरों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। विद्युत विभाग की ओर से फीडरों के रखरखाव एवं आवश्यक मेंटेनेंस कार्य को लेकर यह कटौती की जाएगी। बिजली आपूर्ति बंद रहने से संबंधित फीडरों से जुड़े गांवों और क्षेत्रों में विद्युत उपभोक्ताओं को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समय को ध्यान में रखते हुए बिजली से संबंधित आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लें, ताकि कटौती के दौरान परेशानी से बचा जा सके।

तीन महीने बाद सियाराम पार्क में शुरू हुआ नया बोरवेल

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जंक्शन की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के वार्ड नंबर 4 स्थित सेक्टर 6 के सियाराम पार्क में करीब तीन महीने बाद नया बोरवेल शुरू किया गया। इससे पार्क के पेड़-पौधों को नियमित पानी मिल सकेगा। पार्षद गुरदीप सिंह चहल ने बताया कि सेक्टर 8 में मेनका और मुलखराज के घर के सामने स्थित दो पार्कों की मोटरों की मरम्मत भी करवाई गई है। इससे पार्कों में हरियाली बनाए रखने में मदद मिलेगी। इस मौके पर पार्क प्रधान करनैल सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

लोकार्पण में नहीं बुलाने पर भड़के पार्षद चहल

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। नगर परिषद की ओर से ऑटो टिपर शुरू करने के कार्यक्रम में वार्ड नंबर 4 के पार्षद गुरदीप सिंह चहल को आमंत्रित नहीं करने पर विवाद खड़ा हो गया। चहल ने इसे जनप्रतिनिधि और वार्डवासियों की अनदेखी बताया। उन्होंने कहा कि कॉलोनी में ऑटो टिपर लगाने के लिए कई बार अनुरोध किया था, लेकिन लोकार्पण के समय उन्हें नहीं बुलाया गया। चहल ने आरोप लगाया कि राजनीतिक श्रेय लेने के उद्देश्य से ऐसा किया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में भेदभावपूर्ण कार्यप्रणाली दोहराने पर इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

सम्मान कार्यक्रम होगा

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। श्री करणी राजपूत सर्वहितकारणी समिति की ओर से 20 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे टाउन स्थित श्री करणी राजपूत विश्राम गृह में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समिति महासचिव भागीरथ सिंह शेखावत ने बताया कि समारोह में महाराजा गंगासिंह और महाराव शेखाजी की जयंती भी मनाई जाएगी। इस दौरान राजपूत समाज के मेधावी विद्यार्थियों, राजकीय सेवाओं में चयनित युवाओं और निकाय चुनावों में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को शिक्षा, रोजगार और सामाजिक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है।

आईजीएनपी में मिले कारोबारी और बेटी के शव, पत्नी की तलाश जारी

ऐलनाबाद से तीन दिन पहले बाइक पर निकला था परिवार | डबली कलां में बेटी के शव से कुछ ही दूरी पर मिला पिता का शव



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। हरियाणा के सिरसा जिले के ऐलनाबाद से तीन दिन पहले लापता हुए परिवार के मामले में दर्दनाक घटनाक्रम सामने आया है। टिब्बी क्षेत्र में इंदिरा गांधी नहर से इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबारी भरत सिंह सहारण और उनकी 24 वर्षीय बेटी लता के शव बरामद हुए हैं। वहीं, भरत सिंह की पत्नी मंजू की तलाश जारी है। तलवाड़ा झील थाना पुलिस गोताखोरों की मदद से नहर में खोज अभियान चला रही है। परिवार के दो सदस्यों की मौत से ऐलनाबाद में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, ऐलनाबाद की ढाणी शेरांवाली निवासी भरत सिंह सहारण 16 अक्टूबर को दोपहर करीब डेढ़ बजे अपनी पत्नी मंजू और बेटी लता के साथ बाइक पर घर से निकले थे। भरत सिंह की ऐलनाबाद में नोहर रोड पर इलेक्ट्रॉनिक्स की पुरानी दुकान है। करीब एक घंटे बाद तीनों मसीतांवाली हेड पर लगे सीसीटीवी कैमरों में नजर आए थे। इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चला। तीनों के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने ऐलनाबाद पुलिस थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई थी। परिजन उनकी तलाश में जुटे थे और नहर के आसपास लोगों से पूछताछ कर रहे थे। मसीतांवाली हेड पर मिली सीसीटीवी फुटेज को उनकी आखिरी लोकेशन पाई गई। रविवार शाम करीब साढ़े छह बजे टिब्बी क्षेत्र के गांव डबली कलां के पास इंदिरा गांधी नहर में एक युवती का शव बहता दिखाई दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने शव की पहचान 24 वर्षीय लता के रूप में की। गोताखोरों की मदद से शव को नहर से बाहर निकाला गया। इसके कुछ समय बाद भरत सिंह का शव भी नहर से बरामद हो गया। दोनों शव मिलने के बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू की। परिजनों की पहचान के बाद शवों को ऐलनाबाद ले जाया गया और पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया। सोमवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई।

बीबीए की पढ़ाई कर रही थी लता, परिवार में इकलौती बेटी थी

परिजनों के अनुसार, भरत सिंह सहारण दो भाई हैं और दोनों ढाणी शेरांवाली में साथ रहते हैं। उनकी पत्नी मंजू गृहिणी हैं, जबकि बेटी लता बीबीए की पढ़ाई कर रही थी। लता परिवार की इकलौती बेटी थी। पिता और बेटी के शव मिलने की खबर से परिजन और परिचित सदमे में हैं।

मंजू की तलाश जारी

भरत सिंह और लता के शव मिलने के बाद अब पुलिस और गोताखोरों की टीम मंजू की तलाश में जुटी हुई है। प्रारंभिक आशंका जताई जा रही है कि परिवार बाइक सहित नहर में गिरा हो सकता है, लेकिन घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। परिजनों के बयान दर्ज करने और अन्य साक्ष्यों की पड़ताल के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घटना की वास्तविक वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है।

आज सजेगा 26वां विशाल दशहरा लोक महोत्सव

सीमा सन्देश # भादरा। श्री रामलीला समिति के तत्वावधान में मंगलवार, 20 अक्टूबर को शाम 6:15 बजे 26वां विशाल दशहरा लोक महोत्सव आयोजित होगा। समिति अध्यक्ष एवं नगर पालिका अध्यक्ष मांगीलाल गोयल के नेतृत्व में आयोजन को भव्य बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समिति सचिव हरिप्रकाश शर्मा ने बताया कि महोत्सव में 10 से 15 हजार लोगों के जुटने की संभावना है। हरियाणा व उत्तर प्रदेश के कलाकारों द्वारा रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के 50-50 फीट ऊंचे पुतले तैयार किए गए हैं। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर की रंग-बिरंगी आतिशबाजी, जैसलमेर, जोधपुर व शेखावाटी के कलाकारों के अग्नि नृत्य, भवाई और डांडिया नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। राम-रावण सेना की झांकियां रामलीला मैदान से मुख्य बाजार होते हुए दशहरा स्थल तक पहुंचेंगी। बाजार को सजाने के साथ दर्शकों के लिए जलपान व व्यंजनों की स्टॉल भी लगाई जाएंगी। अध्यक्ष मांगीलाल गोयल ने कहा कि यह आयोजन भादरा की सांस्कृतिक परंपरा और लोक संस्कृति का प्रतीक है। आयोजन संयोजक अनिल चाचाण ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि सांसद राहुल कस्वां, अध्यक्षता विधायक संजीव बेनीवाल तथा विशिष्ट उपस्थिति भामाशाह सुशील गुप्ता की रहेगी। विशिष्ट अतिथियों में नगर पालिका उपाध्यक्ष नंदलाल सैनी, पूर्व संसदीय सचिव जयदीप डूडी और पूर्व विधायक डॉ. सुरेश चौधरी शामिल होंगे।

मैदान में आज मनेगा दशहरा उत्सव

टिब्बी में डंपिंग यार्ड बने पुराने खेल मैदान की बदली तस्वीर



सीमा सन्देश # टिब्बी। कस्बे के पुराने खेल मैदान की तस्वीर बदलने लगी है। डंपिंग यार्ड में तब्दील हो चुके मैदान की सफाई और समतलीकरण का कार्य नगरपालिका मंडल की ओर से पिछले पांच दिनों से करवाया जा रहा है। पालिकाध्यक्ष देवीलाल मेघवाल, वाइस चेयरमैन पूनम शेखावत और पार्षद मौके पर रहकर कार्य की निगरानी कर रहे हैं। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि पहले चरण में कचरे और मलबे का निस्तारण करवाया गया है। इसके बाद मैदान का सौंदर्यीकरण कर इसे व्यवस्थित रूप दिया जाएगा। पार्षदों ने बताया कि नगरपालिका मंडल की पहली साधारण सभा में मैदान की दशा सुधारने का मुद्दा उठाया गया था। अभियान में स्थानीय नागरिक भी ट्रैक्टर और कराहे से मिट्टी डालकर सहयोग कर रहे हैं। मंगलवार शाम इसी मैदान में दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

स्टेट लेवल पर योगेश ने लहराया परचम

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। भरतपुर में आयोजित राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में गोलूवाला स्थित सरस्वती स्कूल के खिलाड़ी योगेश कुमार पुत्र प्रदीप कुमार ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-17 वर्ग में योगेश ने 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक और 200 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। योगेश की इस उपलब्धि से विद्यालय, परिजनों और क्षेत्र के खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। उनकी सफलता को नियमित अभ्यास, कड़ी मेहनत और मार्गदर्शन का परिणाम बताया जा रहा है। स्थानीय खेल प्रेमियों और शुभचिंतकों ने योगेश को बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं।



24 अक्टूबर को बारिश के आसार

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राजस्थान में मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार, वर्तमान में वायुमंडल के ऊपरी स्तरों पर दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान से उत्तर-पूर्वी अरब सागर तक टर्फ लाइन बनी हुई है। इसके प्रभाव से पिछले 24 घंटों के दौरान पूर्वी राजस्थान में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। इस दौरान करौली जिले के सपोटरा में सर्वाधिक 28 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के अनुसार, 20 अक्टूबर को उदयपुर, कोटा, अजमेर और जयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। वहीं, एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 24 अक्टूबर को बीकानेर संभाग और आसपास के क्षेत्रों में मौसम बदलने के आसार हैं।

38.932 किलो डोडा पोस्त जब्त



सीमा सन्देश # ढाबां। हनुमानगढ़ जिले में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत संगरिया पुलिस ने वार्ड नंबर 7, ढाबां स्थित एक रिहायशी मकान से 38 किलो 932 ग्राम अवैध डोडा पोस्त छिलका जब्त किया है। पुलिस ने लखविन्द्र सिंह उर्फ लाली पुत्र बलौर सिंह निवासी वार्ड नंबर 7, ढाबां के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देश पर 18 अक्टूबर को गश्त के दौरान यह कार्रवाई की गई। मामले की जांच संगरिया थानाधिकारी अमर सिंह कर रहे हैं। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद, वृत्ताधिकारी शंकरलाल छाबा और थानाधिकारी अमर सिंह के निर्देशन में हुई। पुलिस टीम में उप निरीक्षक केशव शर्मा सहित संगरिया थाने का स्टाफ शामिल रहा। मामले में अनुसंधान जारी है।

खेतों में चोरों का आतंक, मोटर की तारें काटकर ले जा रहे चोर, किसान परेशान

10-15 दिन में दोबारा वारदात, आधा दर्जन खेतों को बनाया निशाना

सीमा सन्देश # मिर्जावाली मेर। क्षेत्र की रोही में लगातार हो रही चोरी की वारदातों से किसान चिंतित हैं। मौसम की मार और कीट प्रकोप की आशंकाओं के बीच अब खेतों में लगी ट्यूबवेल की मोटर की तारें चोरी होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। किसानों का आरोप है कि पिछले माह से चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। किसानों के अनुसार, 4 या 5 अक्टूबर की रात चोरों ने आधा दर्जन किसानों के खेतों को निशाना बनाते हुए ट्यूबवेल की मोटरों की तारें चोरी कर ली थीं। इसके बाद बीती रात चक 4 एमजेडडब्ल्यू के खेतों में ट्यूबवेल की मोटर की तारें काटकर चोरी कर ली गईं। इससे पहले चक 13 एजी में भी मोटर की तारें चोरी होने की वारदात सामने आई थी। महज 10 से 15 दिनों के अंतराल में दोबारा हुई चोरी की घटना से किसानों में रोष है। किसानों का कहना है कि खेती पहले ही मौसम और कीट प्रकोप जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, ऐसे में मोटर की तारें चोरी होने से आर्थिक नुकसान के साथ सिंचाई व्यवस्था भी प्रभावित होती है। किसानों ने प्रशासन से रात के समय गश्त बढ़ाने, चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

नहरों का वरीयताक्रम तय, 20 से 28 तक रहेगा प्रभावी

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जल संसाधन भाखड़ा-सिद्धमुख रेगुलेशन खण्ड की ओर से सोमवार को भाखड़ा प्रणाली की नहरों का साप्ताहिक वरीयताक्रम जारी किया गया। यह वरीयताक्रम 20 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगा। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रत्येक नहर आठ दिन पूरी चलाने के बाद बंद की जाएगी। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार भाखरांवाली (बीकेडब्ल्यू) नहर में 50 क्यूसेक, करनीसिंह (केएसडी) में 405, मम्मड़खेड़ा (एमएमके) में 660, जोड़कियां (जेआरके) में 780, सूरतगढ़ (एसटीजी) में 900, भगतपुरा (बीजीपी) में 938, संगरिया (एसएनजी) में 944, नगराना (एनजीडी) में 952, लीलांवाली (एलएलडब्ल्यू) में 1200, रतनपुरा (आरटीपी) में 1211, नाथवाना (एनटीडब्ल्यू) में 1239, प्रतापपुरा (पीटीपी) में 1344, हरिपुरा (एचआरपी) में 1357, दीनगढ़ (डीएनजी) में 1370, सूरतपुरा (एसटीपी) में 1379, मोडिया (एमओडी) में 1539, पीलीबंगा (पीबीएन) में 1774, लोंगवाला (एलजीडब्ल्यू) में 1889, अमरपुरा (एएमपी) में 1982, रोड़ांवाली (आरआरडब्ल्यू) में 1995, नवां-सतीपुरा (एनडब्ल्यूएन) में 2006 व मोरजण्डा (एमजेडी) नहर में 2216 क्यूसेक पानी प्रवाहित होगा। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार नहरों में पानी के उतार-चढ़ाव को देखते हुए अगर किसी नहर के रेगुलेशन में बदलाव करना पड़ा तो भाखड़ा सिद्धमुख रेगुलेशन खंड व जल संसाधन खंड प्रथम/द्वितीय के अधिशाषी अभियंता से विचार-विमर्श के बाद व्यवस्था की जाएगी। वास्तविक पानी संबंधित अधिशाषी अभियन्ता की मांग अनुसार चलाया जा रहा है, यह कभी भी कम किया जा सकता है।

उड़ते हुए हनुमान जी का दृश्य देखकर रोमांचित हुए दर्शक



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जंक्शन की भट्ठा कॉलोनी स्थित स्वामी विवेकानंद रंगमंच पर स्वामी विवेकानंद रंगमंच सेवा समिति की ओर से आयोजित रामलीला के बारहवें दिन रावण-अंगद संवाद, लक्ष्मण मूर्छा और मेघनाथ-कुंभकर्ण से जुड़े प्रसंगों का प्रभावशाली मंचन किया गया। कलाकारों ने सजीव अभिनय और दमदार संवादों के माध्यम से रामायण के युद्ध प्रसंगों को मंच पर जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में परितोष सारस्वत, वतन बंसल, उज्ज्वल बंसल, सतपाल बंसल, सागर शर्मा सहित कई अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। अतिथियों ने समिति की ओर से धार्मिक एवं सांकृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के प्रयासों की सराहना की। बारहवें दिन के मंचन में भगवान श्रीराम की ओर से अंगद को रावण के दरबार में दूत बनाकर भेजने का प्रसंग प्रस्तुत किया गया।

मां दुर्गा के जयकारों से गूंजे घर और मंदिर

हनुमानगढ़। शारदीय नवरात्र की नवमी पर सोमवार को शहर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने घरों और मंदिरों में कन्या पूजन कर नवरात्र महोत्सव का समापन किया। सुबह से ही कन्याओं को भोजन करवाने का सिलसिला शुरू हुआ।

आयोजन : कंजक पूजन कर दिया समानता और शिक्षा का संदेश

वंचित वर्ग की बालिकाओं के साथ मनाया नवरात्रि पर्व



सीमा सन्देश# रावतसर। कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक घरों में नवरात्र के पावन अवसर पर कन्याओं को पूजन कर प्रतिभोज करवाया गया। सीडब्ल्यूसी बेंच मजिस्ट्रेट जितेन्द्र गोयल ने वंचित वर्ग की बालिकाओं के साथ नवरात्रि पर्व मनाकर सामाजिक समरसता, समानता और बालिका सम्मान का संदेश दिया। इस अवसर पर समाज की अंतिम पंक्ति में खड़ी बालिकाओं को कंजक के रूप में पूजकर भोजन प्रसाद करवाया गया। साथ ही उन्हें उपहार स्वरूप शैक्षणिक सामग्री एवं स्वच्छता किट प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। उन्होने कहा कि नवरात्रि में कन्या पूजन तभी सार्थक होगा, जब हम समाज की प्रत्येक बालिका को सम्मान, सुरक्षा, शिक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध करवाएं। बालिकाएं समाज और राष्ट्र का भविष्य हैं।

बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य व विकास प्रभावित न हो

आर्थिक एवं सामाजिक परिस्थितियों के कारण किसी भी बालिका की शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास प्रभावित नहीं होना चाहिए। समाज के सक्षम लोगों को वंचित वर्ग के बच्चों की मदद के लिए आगे आना चाहिए, ताकि वे भी आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार कर सकें। बालिकाओं को केवल पर्व-त्योहारों पर पूजने तक सीमित रहने के बजाय उनके प्रति सम्मान और संवेदनशीलता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना जरूरी है। शिक्षा बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है, वहीं स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता उनके बेहतर भविष्य की आधारशिला है। इस दौरान गोयल के निवास रॉयल सिटी पर लक्ष्मणदास गोयल अध्यापिका रेणुबाला , सीमा भारत भूषण गोयल,नीरू नरेंद्र गोयल,विश्वास, भविष्य गोयल, लक्ष्य गोयल ,सुरेंद्र सहारण,राधेश्याम सहित प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

महोत्सव संपन्न, हवन में दी आहुतियां

सीमा सन्देश # थालड़का। ग्राम पंचायत भगवान की मुख्य चौपाल स्थित मां ब्रह्माणी मंदिर में सोमवार को नौ दिवसीय नवरात्रि महोत्सव श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। नवरात्रि के दौरान मंदिर में मां दुर्गा की अखंड ज्योत प्रज्वलित रही। ज्योत के दर्शन और माता रानी के पूजन के लिए नौ दिनों तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे तथा परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। महोत्सव के तहत अष्टमी पर मंदिर परिसर में यज्ञ एवं हवन का आयोजन किया गया। इसमें विधि-विधान के साथ जोड़ों को बैठाकर पूजा-अर्चना करवाई गई। मंदिर के पुजारी की देखरेख में ग्रामीणों ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर क्षेत्र की सुख-शांति और खुशहाली की कामना की। हवन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा। नवरात्रि के अवसर पर गांव के घरों में भी मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर माता रानी की आराधना की और परिवार की सुख-समृद्धि की मंगलकामना की। नौ दिनों तक गांव में धार्मिक उत्साह और भक्तिमय वातावरण बना रहा।

दो दशक पहले आठ कन्याओं से शुरू हुई परंपरा बनी सामाजिक-धार्मिक आयोजन की मिसाल, नवरात्रा अष्टमी पर हुआ भव्य पूजन

आस्था से सेवा तक का सफर, कंदोई परिवार का कन्या पूजन पहुंचा 325 कन्याओं तक

संगरिया। आस्था जब परंपरा का रूप ले लेती है तो उसका प्रभाव पीढ़ियों तक दिखाई देता है। शहर के प्रतिष्ठित कंदोई परिवार का कन्या पूजन इसी धार्मिक आस्था और सेवा भावना की ऐसी मिसाल बन गया है, जहां करीब दो दशक पहले आठ कन्याओं से शुरू हुआ आयोजन अब 315 कन्याओं तक पहुंच चुका है। नवरात्रा की अष्टमी पर आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति और कन्या सम्मान का अनूठा संगम देखने को मिला।

ज्योति निवास में सजा भक्ति का माहौल

नवरात्रा अष्टमी के अवसर पर कंदोई परिवार के ज्योति निवास में कन्या पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। मुख्य द्वार को रंग-बिरंगे ध्वजों और आकर्षक सजावट से सजाया गया था। फूलों की खुशबू और स्वागत की तैयारियों के बीच परिवार के सदस्य कन्याओं के सत्कार में जुटे रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक कन्या का तिलक लगाकर विधि-विधान से पूजन किया गया। इसके बाद उन्हें श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया और आकर्षक उपहार भेंट किए गए। बड़ी संख्या में पहुंची कन्याओं से ज्योति निवास में उत्साह और चहल-पहल का माहौल बना रहा।



माता रानी की कृपा से संभव होता है आयोजन

कंदोई परिवार की प्रमुख एवं समाजसेवी सुमन कंदोई ने बताया कि इतनी बड़ी संख्या में कन्याओं के पूजन और भोजन की व्यवस्था माता रानी की कृपा से ही संभव हो पाती है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के पीछे परिवार की भावना है कि समाज, शहर, प्रदेश और देश में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली बनी रहे। उन्होंने कहा कि परिवार को माता रानी पर अटूट विश्वास है और इसी श्रद्धा के साथ यह परंपरा लगातार निभाई जा रही है।



आठ कन्याओं से शुरू हुई थी परंपरा

कंदोई परिवार में नवरात्रा की अष्टमी पर कन्या पूजन की परंपरा पहले आठ कन्याओं के पूजन और भोजन से शुरू हुई थी। करीब 20 वर्ष पहले परिवार ने इस आयोजन को विस्तार देते हुए 108 कन्याओं के पूजन की शुरूआत की। इसके बाद हर वर्ष कन्याओं की संख्या लगातार बढ़ती गई। पिछले वर्ष 251 कन्याओं का पूजन किया गया था, जबकि इस बार यह संख्या बढ़कर 315 तक पहुंच गई। यह केवल आयोजन के विस्तार की कहानी नहीं है, बल्कि परिवार की धार्मिक आस्था, सेवा भावना और परंपरा के प्रति समर्पण को भी दर्शाती है।

कन्या सम्मान के साथ सामाजिक संदेश

परिवार के सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता मोतीलाल कंदोई ने बताया कि नवरात्रा के दौरान कन्याएं स्वयं ज्योति निवास पहुंचती हैं। परिवार उन्हें देवी स्वरूप मानकर पूजन करता है, भोजन कराता है और सम्मानपूर्वक विदा करता है। इस बार कन्याओं को टिफिन, कॉपी, पेंसिल, फल और खाद्य सामग्री के पैकेट उपहार स्वरूप दिए गए। परिवार ने प्रत्येक कन्या के स्वागत, पूजन और सत्कार की विशेष व्यवस्था की। कंदोई परिवार की यह परंपरा धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सरोकारों को भी जोड़ती है। आठ कन्याओं से शुरू होकर 315 कन्याओं तक पहुंचा यह आयोजन संदेश देता है कि श्रद्धा और सेवा भाव से निभाई गई परंपराएं समय के साथ और अधिक मजबूत होती जाती हैं। ज्योति निवास में संपन्न हुआ यह कन्या पूजन आस्था, सेवा और कन्या सम्मान की प्रेरणादायी मिसाल बन गया।

न्यूज इन ब्रीफ

समस्याओं के समाधान पर चर्चा

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (विद्यालय शिक्षा) की खंड हनुमानगढ़ की मासिक बैठक सोमवार को एमजीजीएस नंबर 1 विद्यालय में जिलाध्यक्ष मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर समाधान की मांग उठाई गई। नोहर व रावतसर में बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन केंद्र खोलने, जीपीएफ भुगतान समय पर करने, नोशनल लाभ प्राप्त शिक्षकों के वेतन में कटौती रोकने तथा हितकारिणी निधि की कटौती स्वैच्छिक रखने की मांग की गई। ऑनलाइन एप की अनिवार्यता और रैंकिंग के नाम पर शिक्षकों को परेशान करने पर भी चिंता जताई गई। खंड अध्यक्ष केवल कृष्ण ने लंबित प्रकरणों की जानकारी संगठन को देने का आग्रह किया।

बदलते मौसम से सांस की बीमारियों का खतरा

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। बदलते मौसम और सर्दी के आगमन के साथ हृदय व सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ. सुरेश बाजिया ने युवाओं को धूम्रपान से दूर रहने और रोजाना 30 से 40 मिनट व्यायाम करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि शारीरिक गतिविधियों की कमी और तनाव हृदय स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। छाती में दर्द, सांस फूलना, ठंडा पसीना आना या दर्द का हाथ व जबड़े तक फैलना हार्ट अटैक के संकेत हो सकते हैं।

लक्ष्मण मूर्छा का मंचन देख भावुक हुए श्रद्धालु

हनुमानगढ़। श्री रामलीला समिति की ओर से रामलीला महोत्सव के 13वें दिन लक्ष्मण मूर्छा और हनुमानजी के संजीवनी बूटी लाने की लीला का मंचन किया गया। लक्ष्मण के मूर्छित होने का दृश्य देखकर श्रद्धालु भावुक हो उठे, जबकि हनुमानजी के संजीवनी लेकर लौटने पर जयकारे गूंज उठे। समिति अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार, 20 अक्टूबर को टाउन के बाइपास स्थित दशहरा ग्राउंड में दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान रावण, मेघनाद और कुंभकरण के 50-50 फीट ऊंचे पुतलों का दहन किया जाएगा।

हनुमानगढ़ : जिला परिषद के 37 वार्डों के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू, 23 अक्टूबर तक जमा किये जाएंगे नामांकन पत्र

पंचायत समिति सदस्यों के लिए 10 ने दाखिल किए 11 नामांकन

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत जिला परिषद हनुमानगढ़ के 37 निर्वाचन क्षेत्रों और तृतीय चरण अंतर्गत जिले की 6 पंचायत समितियों के 130 सदस्यों के चुनाव के लिए सोमवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। इसके लिए लोक सूचना जारी की गई। पहले दिन जिला परिषद सदस्य के लिए किसी भी अभ्यर्थी ने नामांकन दाखिल नहीं किया, जबकि 6 पंचायत समितियों के सदस्य पदों के लिए 10 अभ्यर्थियों ने कुल 11 नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। जिला परिषद सदस्यों के नामांकन के लिए जिला कलक्ट्रेट परिसर में अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई हैं। अभ्यर्थी 23 अक्टूबर तक किसी भी कार्यदिवस पर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित कक्षों में व्यक्तिगत रूप से नामांकन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। सार्वजनिक अवकाश के दिन नामांकन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निर्वाचन क्षेत्रों के अनुसार नामांकन जमा कराने के लिए तीन स्थान निर्धारित किए गए हैं। वार्ड संख्या 1 से 13 तक के अभ्यर्थी अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) के कार्यालय में प्रथम तल स्थित कमरा नंबर 210 में नामांकन जमा करवा सकेंगे।



अभ्यर्थियों के लिए सहायता केन्द्र की स्थापना

वार्ड संख्या 14 से 25 तक के लिए कलक्ट्रेट के भूतल पर कमरा नंबर 120 तथा वार्ड संख्या 26 से 37 तक के लिए प्रथम तल पर कमरा नंबर 206 निर्धारित किया गया है। संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के समक्ष नामांकन पत्र व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत करने होंगे। कलक्ट्रेट के मुख्य भवन के सामने वाहन पार्किंग स्थल पर जीए-55 की रसीद जारी करने, अभ्यर्थियों एवं प्रस्तावकों के नाम मतदाता सूची में जांचने और नामांकन पत्रों की प्रारंभिक जांच के लिए कार्मिकों की व्यवस्था की गई है। नामांकन पत्र प्राप्त करने और पूछताछ के लिए अलग काउंटर तथा अभ्यर्थियों की सहायता के लिए सहायता केन्द्र भी स्थापित किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. खुशाल यादव और उप जिला निर्वाचन अधिकारी उम्मेदी लाल मीना ने सोमवार को व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। नामांकन कक्ष में अभ्यर्थी सहित अधिकतम पांच व्यक्ति ही उपस्थित रह सकेंगे। वाहनों की पार्किंग कलक्ट्रेट परिसर के बाहर निर्धारित की गई है।

6 पंचायत समितियों के सदस्यों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

तृतीय चरण में शामिल हनुमानगढ़ जंक्शन, पीलीबंगा, नोहर, पल्लू, भादरा और राजपुरा (8 बीएचडी) पंचायत समितियों के सदस्यों के चुनाव के लिए भी सोमवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। नामांकन की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 24 अक्टूबर को तथा नाम वापसी 26 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक होगी। नाम वापसी के बाद चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। इन पंचायत समितियों के लिए मतदान 3 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। **पहले दिन पंचायत समिति सदस्य पद के लिए 11 नामांकन:** भादरा पंचायत समिति सदस्य के लिए एक अभ्यर्थी ने एक नामांकन पत्र दाखिल किया। हनुमानगढ़ जंक्शन में दो अभ्यर्थियों ने दो नामांकन पत्र दाखिल किए। नोहर में कोई नामांकन दाखिल नहीं हुआ। पल्लू में कोई नामांकन दाखिल नहीं हुआ। पीलीबंगा पंचायत समिति सदस्य के लिए चार अभ्यर्थियों ने पांच नामांकन पत्र दाखिल किए। राजपुरा (8 बीएचडी) पंचायत समिति सदस्य के लिए तीन अभ्यर्थियों ने तीन नामांकन पत्र दाखिल किए।

6 पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों के सरपंच और पंच के चुनाव की लोक सूचना भी जारी

जिले की सभी 325 ग्राम पंचायतों में सरपंच, उपसरपंच और पंच पदों के लिए दो चरणों में चुनाव होंगे। तृतीय चरण में शामिल छह पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों में सरपंच और पंच पदों के चुनाव के लिए सोमवार को लोक सूचना जारी की गई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 4 नवंबर को सुबह 8 से 11 बजे तक नामांकन पत्र प्रस्तुत किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की संवीक्षा सुबह 11.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगी। इसके बाद दोपहर 2 बजे से नाम वापस लिए जा सकेंगे। नाम वापसी के बाद चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे और अभ्यर्थियों की सूची प्रकाशित होगी। इन पदों के लिए मतदान 5 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। मतगणना मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय पर की जाएगी। उपसरपंच का चुनाव 6 नवंबर को होगा।

अभ्यर्थियों के लिए चुनाव खर्च की सीमा निर्धारित

चुनाव के दौरान वाहनों, लाउडस्पीकरों, कटआउट, होर्डिंग, पोस्टर और बैनर के प्रदर्शन सहित प्रचार संबंधी गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए प्रतिबंध निर्धारित किए गए हैं। लाउडस्पीकर के उपयोग के लिए जिला मजिस्ट्रेट, उपखंड मजिस्ट्रेट या सक्षम अधिकारी से लिखित अनुमति लेना आवश्यक होगा। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। निर्धारित अधिकतम चुनाव खर्च सीमा के अनुसार जिला परिषद सदस्य के लिए 3 लाख रुपए, पंचायत समिति सदस्य के लिए 1.50 लाख रुपए और सरपंच पद के लिए 1 लाख रुपए खर्च किए जा सकेंगे।

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के सत्संग आश्रम में मां भगवती का गुणगान

नवरात्र आत्मशक्ति जागरण और बुराइयों पर विजय का पर्व : साध्वी सविता भारती

सीमा सन्देश # संगरिया।

विशेष महापर्व नवरात्र के उपलक्ष्य में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से कृषि विज्ञान केंद्र के निकट भक्तपुरा रोड स्थित सत्संग आश्रम में आद्यशक्ति महेश्वरी मां भगवती का महिमा गुणगान किया गया। कार्यक्रम में गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सविता भारती ने नवरात्र के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह समय भारतीय संस्कृति के प्रमुख पर्वों नवरात्र, विजयादशमी और दीपावली के कारण विशेष महत्व रखता है। ये पर्व जीवन में उमंग, उत्साह और नवीन चेतना का संचार करते हैं। साध्वी सविता भारती ने कहा कि नवरात्र के नौ दिनों में मां दुर्गा और महिषासुर सहित आसुरी शक्तियों के बीच हुए युद्ध तथा दसवें दिन देवी की विजय की कथा सभी को ज्ञात है। लेकिन इस कथा का सूक्ष्म आध्यात्मिक पक्ष यह है कि यह संग्राम केवल किसी विशेष समय तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक मनुष्य के भीतर भी निरंतर चलता रहता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के हृदय में मौजूद बुरी प्रवृत्तियां और विकार प्रतीकात्मक रूप से महिषासुर का प्रतिनिधित्व करते हैं। वहीं, इन प्रवृत्तियों का नाश करने वाली देवी शक्ति भी मनुष्य के भीतर विद्यमान है। जब तक यह आंतरिक शक्ति सुप्त अवस्था में रहती है, तब तक व्यक्ति अपनी बुरी प्रवृत्तियों के सामने कमजोर पड़ता रहता है। आत्मशक्ति के जागरण से ही इन विकारों पर विजय प्राप्त की जा सकती है।



ब्रह्मज्ञान से जागृत होती है आत्मशक्ति : साध्वी

कार्यक्रम के दौरान साध्वी सुनीता भारती ने कहा कि आत्मशक्ति को जागृत करने का माध्यम पूर्ण सतगुरु से ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति है। उन्होंने बताया कि जब मनुष्य के भीतर प्रकाश स्वरूपा देवी शक्ति जागृत होती है, तो उसकी दुष्प्रवृत्तियों का क्षय होने लगता है। इस प्रकार नवरात्र केवल बाहरी उत्सव नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, आंतरिक शुद्धि और सकारात्मक परिवर्तन का भी संदेश देता है।

कारोबार प्रभावित

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। धर्मशालाओं के व्यावसायिक उपयोग और कथित अवैध मैरिज पैलेसों के संचालन के विरोध में हनुमानगढ़ टेंट डीलर्स एसोसिएशन ने सोमवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन ने धर्मशालाओं के संचालन, भूमि आवंटन की शर्तों और आवश्यक स्वीकृतियों की जांच करवाने की मांग की। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि कुछ धर्मशालाएं निजी ठेकेदारों के माध्यम से विवाह-शादी और पार्टियों के लिए संचालित हो रही हैं। इससे टेंट कारोबारियों के व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। एसोसिएशन ने मनोरंजन एवं इंडस्ट्रीज भूमि सहित अन्य स्थानों पर नियम विरुद्ध संचालित मैरिज पैलेसों की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान अध्यक्ष भीम सिंह शेखावत, सूरज सारस्वत, अशोक रेवाड़, सुनील कामरा सहित अन्य मौजूद रहे।

विजयादशमी उत्सव पर भव्य पथ संचलन



सीमा सन्देश # टिब्बी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में दुर्गाष्टमी के पावन अवसर पर विजयादशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन के उपलक्ष्य में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संतों का सान्निध्य, अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति तथा स्वयंसेवकों का उत्साह देखने को मिला। पूर्ण गणवेश में अनुशासित कदमताल करते स्वयंसेवकों ने नगर में राष्ट्रभक्ति, संगठनात्मक एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। कार्यक्रम में पूज्य संत राघवानंद महाराज का सान्निध्य प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मांगीलाल छिंपा उपस्थित रहे। वैदिक परंपराओं के अनुरूप शस्त्र पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उपस्थित जनसमूह ने भारतीय संस्कृति, परंपराओं और राष्ट्रसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शांतिप्रसाद ने अपने बौद्धिक उद्बोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कार्यपद्धति, विचारधारा और राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की उन्नति के लिए समाज का संगठित, जागरूक और कर्तव्यनिष्ठ होना आवश्यक है। समाज में आपसी सद्भाव, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण राष्ट्र को सशक्त बनाने के महत्वपूर्ण आधार हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे अपने दैनिक जीवन में सेवा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के भाव को आत्मसात करें तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं।

25 करोड़ की हेरोइन जब्त: परिवार की महिलाओं की आड़ में तस्करी करने वाले 4 गिरफ्तार

हनुमानगढ़। जिले की गोलूवाला थाना पुलिस ने ह्यऑपरेशन चक्रव्यूहह्ल के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए भारत-पाकिस्तान सीमा पार से तस्करी कर लाई गई 9 किलो 821 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी अनुमानित कीमत करीब 25 करोड़ रुपए है। पुलिस के अनुसार, यह जिले के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी है। मौके से दो लग्जरी गाड़ियां और 1.85 लाख रुपए नकद जब्त कर दो महिलाओं सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सीआईडी जोन श्रीगंगानगर से मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने रोही अयालकी में एमओडी नहर के पास खड़े दो संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली, जहां 19 पैकेटों में छिपाकर रखी गई यह खेप पकड़ी गई।

अन्य सदस्यों की पड़ताल में जुटी पुलिस

गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य सरगना हासम अली (29), उसकी पत्नी रवीना (20), मां गुलजारा (50)–तीनों निवासी हांसलिया (गोलूवाला)–और पंजाब से हेरोइन लेने पहुंचा बलविंद्र सिंह (34, जालंधर) शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक बी आदित्य ने बताया कि हासम अली नाकाबंदी और चेकिंग से बचने के लिए परिवार की महिलाओं को साथ रखकर तस्करी करता था। जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपियों का पाकिस्तानी हैंडलर से सीधा संपर्क था। हेरोइन की खेप खाजूवाला-घड़साना बॉर्डर क्षेत्र में ड्रोन या अन्य माध्यम से ड्रॉप कराई गई थी, जिसे हासम अली एक दिन पहले उठाकर लाया था। इसे पंजाब और हरियाणा में सप्लाई किया जाना था। एसपी के अनुसार, परिवार का एक सदस्य पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट में जेल जा चुका है। कुछ सप्ताह पहले जंक्शन थाने में पकड़ी गई डेढ़ किलो हेरोइन के तार भी इसी नेटवर्क और तरनतारन रूट से जुड़े पाए गए हैं। एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस सीमा पार संपर्कों, वित्तीय लेन-देन और गिरोह के अन्य सदस्यों की पड़ताल में जुटी है।

डांडिया नाइट में बिखेरी रंगारंग छटा



हनुमानगढ़। गुड डे डिफेंस सैनिक स्कूल में डांडिया नाइट का आयोजन उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में डांडिया नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। कोरियोग्राफर सुरुचि के निर्देशन में विद्यार्थियों ने शानदार नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शाम 6 से रात 9 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्री गुरु गोबिंद सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ उनमें आत्मविश्वास, रचनात्मकता और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं।

अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क से जुड़े आरोपी की गिरफ्तारी

पाकिस्तान से आने वाली हेरोइन का सप्लायर गिरफ्तार

सीमा सन्देश # पीलीबंगा। नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत पीलीबंगा पुलिस ने हेरोइन तस्करी के आरोप में 21 वर्षीय अजमल उर्फ अज्जू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी पाकिस्तान सीमा और पंजाब के तरनतारन क्षेत्र से आने वाली हेरोइन की खेप आगे सप्लाई करने वाले नेटवर्क से जुड़ा हुआ है। पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नोहर गीता चौधरी और रावतसर वृत्ताधिकारी विक्रम चौहान के सुपरविजन में थानाधिकारी रायसिंह के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपी अजमल पुत्र हाकम अली, निवासी सरदारगढ़, जिला श्रीगंगानगर है। पुलिस के अनुसार, 25 सितंबर 2026 को हनुमानगढ़ जंक्शन थाना क्षेत्र में रांझा खां उर्फ रांझू खां को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 किलो 546 ग्राम हेरोइन, चीन निर्मित पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए थे। मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच पीलीबंगा थानाधिकारी को सौंपी गई थी।



ईनाम घोषित

जांच के दौरान संगठित अपराध से संबंधित भारतीय न्याय संहिता की धारा 111(2) भी जोड़ी गई। पुलिस इस मामले में हाकम उर्फ हाकू, सोहेल खां और अविनाश उर्फ गोंगलू को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। प्रकरण में वांछित राजन निवासी न्यू सूरतगढ़, अमीर खां निवासी उदयपुर गोदारान, जहीर खां निवासी बिरदवाला स्टेशन और मनदीप सिंह निवासी तरनतारन (पंजाब) पर दो-दो हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। गिरफ्तार अजमल से तस्करी नेटवर्क के अन्य सदस्यों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक राजेन्द्र कुमार, कांस्टेबल साहबराम और मनीष कुमार भी शामिल रहे। मामले की जांच जारी है।

दुर्गाष्टमी पर जिले भर के मंदिरों में हवन, कन्या पूजन और भंडारे हुए आयोजित



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन की मिथिला कॉलोनी और बरकत कॉलोनी स्थित मिथिला हनुमान मंदिर में श्री दुर्गा पूजा समिति की ओर से आयोजित 21वां दुर्गा पूजा महोत्सव धार्मिक श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। 10 अक्टूबर से शुरू हुए महोत्सव के अंतिम दिन सोमवार को विधि-विधान से हवन-यज्ञ, कन्या पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पहले रात्रि में हुए जागरण में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की महिमा का गुणगान किया। मंगलवार को मां दुर्गा की प्रतिमा का शोभायात्रा के साथ विसर्जन किया जाएगा

दुर्गा नवमी के पावन अवसर पर भाजपा नेताओं ने हनुमानगढ़ स्थित गौ-सेवा आश्रम पहुंचकर गौमाता की सेवा की। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एवं हनुमानगढ़ पंचायत चुनाव के जिला प्रभारी कैलाश चौधरी, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री निहालचंद, श्रीगंगानगर सांसद पद प्रत्याशी प्रियंका बैलान तथा भाजपा हनुमानगढ़ के जिला उपाध्यक्ष ओम सोनी ने गौमाता और गौवंश को हरा चारा व गुड़ खिलाकर सेवा कार्य किया। इस अवसर पर नेताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौमाता का विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। गौ-सेवा को समाज सेवा का महत्वपूर्ण अंग माना जाता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार गौ-सेवा के कार्यों में योगदान देना चाहिए। गौवंश की देखभाल, उनके लिए चारे-पानी की व्यवस्था तथा बेसहारा गोवंश की सहायता करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।



हनुमानगढ़। शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन नवमी पर श्रद्धालुओं ने घरों और मंदिरों में कन्या पूजन कर नवरात्र महोत्सव का समापन किया। इस अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालु मां दुर्गा की पूजा-अर्चना में जुटे रहे। धार्मिक परंपरा के अनुसार कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनके चरण धोए गए, तिलक लगाकर पूजन किया गया तथा श्रद्धापूर्वक भोजन करवाया गया। इसके बाद कन्याओं को दक्षिणा एवं उपहार भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया गया।

नवमी के अवसर पर शहर के विभिन्न मंदिरों और घरों में कन्या पूजन के दृश्य देखने को मिले। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को हलवा, पूरी एवं चने का प्रसाद खिलाया। पूरे वातावरण में भक्ति और श्रद्धा का भाव नजर आया। नवरात्र के नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन के साथ अनुष्ठान पूर्ण किए तथा परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलकामना के लिए प्रार्थना की।

भादरा। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सोमवार, 19 अक्टूबर को दुर्गाष्टमी के पावन अवसर पर मुख्य बाजार, भादरा स्थित प्राचीन श्री ठाकुर जी मंदिर में हवन, कन्या पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। श्री सेवा भारती संस्था के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में तारानगर निवासी एवं वर्तमान में औरंगाबाद प्रवासी भंवरलाल कंदोई का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान सेवा बस्ती की छोटी-छोटी बच्चियों ने मंदिर पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर बच्चियों को दक्षिणा एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन में श्रद्धा, सेवा और सामाजिक समरसता का भाव देखने को मिला। इस दौरान मंदिर कमेटी, मुख्य बाजार के समस्त व्यापारीगण, आसपास की मातृशक्ति तथा विश्व हिंदू परिषद, सेवा भारती एवं श्री राम रोटी सेवा समिति के कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।





टोपरियां। टोपरियां क्षेत्र के ढंढेला, भगवान, ढाणी लालखां और देईदास गांवों में रविवार और सोमवार को महाअष्टमी एवं नवमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने घरों में कन्या पूजन कर मां दुर्गा के स्वरूपों की आराधना की। कन्याओं को भोजन कराने के बाद दक्षिणा और उपहार भेंट कर आशीर्वाद लिया। नवरात्र के प्रथम दिन से व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर व्रत खोले। क्षेत्र के मंदिरों में सुबह से ही पूजा-पाठ और भजन-कीर्तन के कार्यक्रम हुए, जिनमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्री राधा-कृष्ण मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य गणेश शास्त्री ने बताया कि नवरात्र के आठवें दिन कन्या पूजन की विशेष धार्मिक मान्यता है।

ब्रह्माकुमारी केन्द्र में श्रद्धा और उल्लास से मनाई अष्टमी

टिब्बी। कस्बे के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में सोमवार को अष्टमी का पर्व श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर केन्द्र में धार्मिक एवं आध्यात्मिक माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्व की महत्ता को समझा। कार्यक्रम में बीके अनिता बहन एवं रावतसर केन्द्र प्रभारी बीके निलिमा बहन ने अष्टमी पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने आध्यात्मिक ज्ञान, सकारात्मक चिंतन और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता के माध्यम से मन को शांत रखकर जीवन में सुख, शांति और सद्भावना को बढ़ावा दिया जा सकता है। इस अवसर पर केन्द्र में आकर्षक सजीव झांकियां सजाई गईं, जिन्हें देखकर उपस्थित श्रद्धालु प्रभावित हुए। धार्मिक आयोजन के माध्यम से लोगों को आध्यात्मिक विचारों से जुड़ने और जीवन में अच्छे संस्कार अपनाने की प्रेरणा मिली।

पदमपुरः हनुमान ने उजाड़ी अशोक वाटिका, जलाई रावण की लंका



सीमा सन्देश # पदमपुर

नगर पालिका प्रांगण में श्री रामा नाटक क्लब की रामलीला में बीती रात हनुमान ने अशोक वाटिका को उजाड़ने और रावण की सोने की लंका दंहन का मंचन किया गया। हनुमान जी की ओर से सोने की लंका जलाने का दृश्य देखकर दर्शक रोमचित हो उठे। मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा। मंचन में दिखाया गया कि माता सीता की खोज में हनुमान लंका पहुंचते हैं। विभीषण से मुलाकात के बाद उन्हें अशोक शाटिका में माता सीता के होने की जानकारी मिलती है। हनुमान जी वाटिका में फल खाते हुए पेड़-पौधे उजाड़ देते हैं। रावण अपने पुत्र अक्षय कुमार को उनसे युद्ध करने भेजत है, जिसमें अक्षय कुमार मारा जाता है। इसके बाद मेघन्नाथ हनुमान जी को ब्रह्मपात से बांधकर रावण के दरबार में ले आता है। दशहरा उत्सव 20 अक्टूबर को शहीद कैप्टन नवपाल सिंह सिद्धू स्टेडियम में मनाया जाएगा । क्लब की ओर से 60 फीट ऊंचे रावण के पुतले का होगा। आंखों से रंगीन आतिशबाजी व चिंगारियां निकलेंगी। विक्की मदान (हनुमान) ललित हरवानी (रावण) कार्तिक बलाना (अंगद) रोहित जोशी (अक्षय कुमार) सहित अन्य कलाकारों के द्वारा अपने अधिनिय से दर्शकों का मनमोह रहे हैं।

चूनावढ़ : 50 फीट ऊंचे रावण के पुतले का होगा दहन



सीमा सन्देश # चूनावढ़

श्रीराम नाटक क्लब की ओर से आयोजित रामलीला में अशोक वाटिका उजाड़ने, लंका दहन, रावण-सीता संवाद और विभीषण के श्रीराम की शरण में जाने के प्रसंगों का मंचन किया गया। रामलीला कमेटी की ओर से पूर्व सरपंच राजेश चुघ को सम्मानित किया गया। हनुमान जी की भूमिका निभाने वाले कलाकार डॉ. प्रिंस सिडाना ने उन्हें प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। विभीषण की भूमिका दीपक चावला, सुग्रीव की कुलदीप ढिल्लों, मेघनाद की अमन, श्रीराम की भूमिका दीपक शर्मा, लक्ष्मण की संजीव कालड़ा, सीता की लविश पोपली, रावण की रोबिन गुंबर और हनुमान की भूमिका डॉ. प्रिंस सिडाना ने निभाई। श्रीराम नाटक क्लब के उपाध्यक्ष अनिल बेदी ने बताया कि मंगलवार शाम चार बजे के बाद राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में दशहरा पर्व मनाया जाएगा। इसमें 50 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन होगा।

श्री करणी माता का जागरण एवं भंडारण संपन्न



सीमा सन्देश # सादुलशहर

गांव धींगतानिया के श्री करणी माता मंदिर में रविवार रात्रि श्री करणी माता का जागरण एवं भंडारण संपन्न हुआ। दीप प्रज्ज्वलित कर जागरण का शुभारंभ किया गया। पूजा में मुख्य यजमान सादुलशहर नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप खीचड सहित जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इसके बाद भजनों के माध्यम से श्री करणी माता का गुणगान किया गया। अल सुबह आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। इस बीच चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप खीचड को आयोजन समिति द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष संदीप सिंगला, राधा कृष्ण कस्वां, सुनील, राजेंद्र, तेज सिंह राठौड, डॉ. राकेश, गो सेवक जीराज सिंह राठौड आदि मौजूद थे।

सादुलशहरः वार्षिक महोत्सव एवं जागरण संपन्न



सीमा सन्देश # सादुलशहर

गांव नूरपुरा में श्री दुर्गा मंदिर सेवा समिति द्वारा वार्षिक महोत्सव एवं जागरण का आयोजन रविवार को किया गया। धार्मिक कार्यक्रम अंतर्गत रविवार को सुबह सवा आठ बजे हवन यज्ञ, शाम सवा छह बजे भंडारा एवं रात्रि को मां दुर्गा का जागरण संपन्न हुआ। माता का गुणगान गुरसेवक गिल एंड पार्टी द्वारा भजनों के माध्यम से किया गया। देवी-देवताओं की झांकियां प्रदर्शित की गई। अल सुबह आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। पूजा श्री कृष्ण शास्त्री द्वारा करवाई गई। खास यह भी रहा कि इसमें काफी संख्या में बालक-बालिकाएं एवं महिलाएं भी शामिल हुई। यजमान पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड, नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप खीचड, वाइस चेयरमैन अषोक धमीजा, व्यापार मंडल के संरक्षक रतनलाल गोयल, अध्यक्ष संदीप सिंगला, सचिव पुनीत गुप्ता, पूर्व सरपंच रमनीक सिंह, परिदान सिंह, नरेश ओढ, राधाकृश्ण, दलीप सुथार, शंकरलाल पंवार, पवन कुमार, डॉ. पूर्ण सिंह, पार्षद रणजीत सहारण आदि मौजूद थे।

श्रीविजयनगर : दर्शकों को किया रोमांचित, 'जय श्रीराम' के जयकारों से गूंजा मंच

रामलीला में हनुमान की ऐतिहासिक उड़ान

सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर

शहर के डीके फैक्टरी स्थित निर्मल विजया रेजीडेंसी में श्री महावीर रामलीला युवा क्लब द्वारा आयोजित रामलीला में हनुमान जी की ऐतिहासिक उड़ान का भव्य मंचन किया गया। लंका प्रस्थान प्रसंग ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इस दौरान 'जय श्रीराम' और 'जय हनुमान' के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि देवेंद्र पाल कामरा पूर्व अध्यक्ष व्यापार मंडल एवं रामदयाल लखोटिया मौजूद रहे। व्यवस्थाओं में संरक्षक प्रीतू गाबा, अध्यक्ष मदन चुघ, डायरेक्टर सुशील अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनीष कुमार लड्ढू व दीपक अनेजा, महासचिव शिव लखोटिया, सचिव उमेश कच्छावा, कोषाध्यक्ष मनीष शर्मा, सीनरी डायरेक्टर शिव भगवान भाटी, संगठन मंत्री लख्मी चंद कटारिया व हरीश शर्मा, प्रचार प्रमुख जतिन सोनी, मंच संचालक बीएम शर्मा, मेकअप प्रभारी मुकेश कुमार व जीत पेंटर, वॉलंटियर अवतार संधू व लालजी चौहान, जलपान प्रभारी सोनू सैन तथा स्टोर प्रभारी वंश अरोड़ा व अरमान चौधरी जुटे रहे। क्लब ने दर्शकों से आगामी कार्यक्रमों में भी भाग लेने की अपील की है।





रावण, अंगद और मेघनाद संवाद का मंचन किया

सीमा सन्देश # गजसिंहपुर। रामलीला में रावण-अंगद संवाद, मेघनाद-लक्ष्मण युद्ध और लक्ष्मण के मूर्छित होने का प्रभावशाली मंचन किया गया। हनुमान द्वारा संजीवनी बूटी लाने और कालनेमि प्रसंग ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। वहीं, कृष्ण-सुदामा की मित्रता पर आधारित कोरियोग्राफी ने दर्शकों का मन मोह लिया। राम की भूमिका बालकिशन गिरधर, लक्ष्मण की दिनेश शर्मा, अंगद की गोपाल राम, सुषेण वैद्य की संदीप लिंबा, हनुमान की संजय जुनेजा, मेघनाद की ओम जुनेजा और कालनेमि की ललित काठपाल ने निभाई। कृष्ण-सुदामा कोरियोग्राफी में कृष्ण की भूमिका सतीश वधवा, सुदामा की राजकुमार गिरधर और द्वारपाल की भूमिका तन्मय वधवा ने निभाई।

सूरतगढ़ः उत्साह से मनेगा दशहरा, स्टेडियम सहित चार स्थानों पर होगा रावण दहन

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। शहर में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा उत्सव मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। नगरपालिका की ओर से स्टेडियम मैदान में मुख्य आयोजन होगा, जहां अनाज मंडी में पंजाब के कारीगरों द्वारा तैयार 40 फीट ऊंचे रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाएगा। पालिकाध्यक्ष ज्योति सुरेंद्र राठौड़ ने पार्षद प्रेमप्रकाश सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में निगरानी कमेटी गठित की है। पुतला दहन से पहले राष्ट्रीय उत्थान रामलीला क्लब की झांकी राम-रावण युद्ध का मंचन करेगी। वहीं, बालाजी रामलीला की ओर से जाल वाला मंदिर मैदान में 51 फीट ऊंचे रावण का दहन होगा। जगदंबा रामलीला क्लब के धानका मोहल्ला स्थित मैदान में रावण दहन के बाद भगवान श्रीराम का राजतिलक व भजन संध्या होगी। इसके अलावा शिव हनुमान रामलीला क्लब द्वारा आरसीपी मैदान में भी उत्सव मनाया जाएगा। सभी जगहों पर सुरक्षा, बेरिकेडिंग और आतिशबाजी के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।



किसानों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दी आंदोलन की चेतावनी

श्रीविजयनगरः करणीजी वितरिका में वरीयता क्रम यथावत रखने की मांग

सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर

जल वितरण समिति करणीजी वितरिका ने सिंचाई विभाग से करणीजी वितरिका का वरीयता क्रम यथावत रखने की मांग की है। समिति अध्यक्ष कुलविन्द्र सिंह हेयर के नेतृत्व में किसानों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को पत्र भेजकर चेतावनी दी है कि यदि वरीयता क्रम में बदलाव किया गया तो किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे। किसान नेताओं ने बताया कि गंगनहर परियोजना में करणीजी वितरिका का वरीयता क्रम आरएफ नहर से पहले निर्धारित है। आरएफ नहर के पूर्व सप्ताह में टूटने से करीब 10 घंटे का नुकसान हुआ था। ऐसे में यदि सिंचाई विभाग एफ नहर को अतिरिक्त पानी देना चाहता है तो पंजाब से पानी की उपलब्धता के अनुसार अतिरिक्त पानी की व्यवस्था की जाए। किसानों ने मांग की कि करणीजी वितरिका की निर्धारित वरीयता में किसी प्रकार की कटौती या बदलाव नहीं किया जाए, ताकि फसल बुवाई के समय किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सके। संयुक्त किसान मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि करणीजी वितरिका का वरियता क्रम तोड़कर किसानों के हितों की अनदेखी की गई तो क्षेत्र के किसान आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इसकी समस्त जिम्मेदारी सिंचाई विभाग और प्रशासन की होगी। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि फसल बुवाई के महत्वपूर्ण समय में सिंचाई पानी से छेड़छाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर किसान नेता कॉमरेड गुरुसेवक ग्रेवाल, सरपंच जगराज सिंह, वितरिका के अध्यक्ष जसवीर सिंह खैरा, जंग सिंह, गुरजिंदर भुल्लर, गोल्डी ढिल्लों, सरपंच प्रतिनिधि गोपाल मेघवाल,आदि किसान एकत्रित हुये।



ऑपरेशन चक्रव्यूह में पुलिस को सफलता, 4 किलो हेरोइन बरामद

सीमा सन्देश#रावला मण्डी

मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दीपक शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीगंगानगर एवं जयप्रकाश बेनीवाल वृताधिकारी अनूपगढ़ के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 18 अक्टूबर को श्री कैलाश जाखड़ कानि. पुलिस थाना सदर जिला श्रीगंगानगर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना रावला इलाके के 365 हैड पर पंजाब निवासी दो व्यक्ति पाकिस्तान से ड्रॉप हुई हेरोइन को लेने के लिए आए हुए हैं। सूचना पर पुलिस थाना रावला की टीम गिरधारी सिंह उपनिरीक्षक, अखिलेश कानि. ओमप्रकाश कानि. जेठाराम कानि. अनुसंधानिक किट के साथ रवाना हुई। कैलाश चन्द्र कानि. ने बताया कि रेकी शुरू की। दो व्यक्ति पंजाबी भाषा बोल रहे थे तथा बस में बैठने का इंतजार कर रहे थे। पुलिस टीम को देखकर दोनों व्यक्ति वहाँ से जाने लगे, जिनको पुलिस टीम द्वारा दस्तयाब कर चैक किया तो उनके कब्जे से 8 पैकेट में 4 किलो 132 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया।



पकड़े गए आरोपितों की पहचान जसविन्द्र सिंह (40 साल)पुत्र जागीर सिंह और जसवंत सिंह(40 साल) पुत्र नारायण सिंह निवासी चालावली पुलिस थाना अरनियावाला तहसील व जिला फाजिल्का पंजाब के रूप में हुई है। दोनों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकद्मा दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

घर-घर हुआ कंजक पूजन कार्यक्रम, भोजन करवाकर दिए उपहार


सादुलशहर


सूरतगढ़


रत्तेवाला

सीमा सन्देश # सादुलशहर

शारदीय नवरात्रा अंतर्गत सोमवार को धर्म पारायण महिलाओं द्वारा घर-घर कंजक पूजन कर कन्याओं को भोजन करवाया गया। मां दुर्गा की अराधाना की गई। इसी तरह श्री दुर्गा मंदिर में पुजारी जगदीश प्रसाद शर्मा, श्री नव दुर्गा मंदिर में पुजारी महेश शर्मा, श्री करणी माता मंदिर में पुजारी टीनू शर्मा के सान्निध्य में मां भवानी की विशेष पूजा-अर्चना कर महाआरती हुई। प्रसाद वितरित किया गया। चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप खीचड, उपाध्यक्ष अशोक धमीजा, डॉ. बीबी गुप्ता, डॉ. सुखमहेंद्र सिंह गिल, व्यापार मंडल के संरक्षक रतनलाल गोयल, अध्यक्ष संदीप सिंगला, सचिव पुनीत गुप्ता, महासचिव अमित तरड, उपाध्यक्ष कमल गोयल, पूर्व अध्यक्ष कृष्ण सिंगला, पार्षद रणजीत सहारण, मोहनलाल सहारण, पटवारी बृजमोहन बजाज, विजय वधवा, पूर्व पार्षद अशोक वधवा, राजेंद्र सुखीजा, भूप शाक्य, कुलदीप गोयल आदि भी पूजा कार्यक्रमों में शामिल हुए।

सूरतगढ़। शारदीय नवरात्रा की महाष्टमी पर क्षेत्र में मां दुर्गा की आराधना के साथ कंजक पूजन की धूम रही। घरों व मंदिरों में श्रद्धा व भक्ति का माहौल नजर आया। श्रद्धालुओं ने घरों में माता की आरती करने के साथ छोटी कन्याओं को देवी स्वरूप मान पूजन किया व कन्याओं को हलवा-पूरी व छोले का प्रसाद खिलाकर उपहार भेंट किए।


2 एफसी मुकन

बालिकाओं की टोलियां घर-घर पहुंचीं तो उनका श्रद्धाभाव से स्वागत व सत्कार किया गया। शहर के दुर्गा मंदिरों में हवन, भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजन हुए। इंदिरा सर्किल के पास स्थित श्री ब्रह्माणी धाम दुर्गा मंदिर में पं. बलदेव राज ठाकरानी के सान्निध्य में हवन हुआ। संजय व विनीता गोयल मुख्य यजमान रहे। इन दोनों मंदिरों व बाईपास रोड स्थित राजपूत क्षत्रिय समाज समिति के श्री करणी माता मंदिर में हवन व कंजक पूजन मंगलवार को होगा। पुजारी भगवती प्रसाद भोजक ने बताया कि मंदिर कमेटी सदस्य हवन व कंजक पूजन में शामिल होंगे। इसके अलावा शहर के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए।

2 एफसी मुकन। मां दुर्गा के नवरात्रों का उत्साह गांवों में भी दिखा। अष्टमी और नवमी पर घरों में कंजक पूजन किया गया। कंजक पूजन के साथ उपवास खोले और आशीर्वाद प्राप्त किया।

रत्तेवाला। अष्टमी और नवमी पर कंजकों की पूजा की गई। हलवा, पुरी और छोले का प्रसाद वितरित किया गया। मां दुर्गा की आराधना के बाद कंजकों से आशीर्वाद लिया गया।

विजयादशमी उत्सव पर व आरएसएस ने निकाला पथ संचलन

सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से सोमवार को विजयादशमी उत्सव एवं संघ के 101 वें वर्ष के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बीरबल चुग मुख्य अतिथि तथा सुरेंद्र गोयल मुख्य वक्ता रहे। मुख्य वक्ता गोयल ने बौद्धिक के माध्यम से राष्ट्र, समाज और संगठन के प्रति कर्तव्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। बौद्धिक के बाद स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में नगर के प्रमुख मार्गों से अनुशासित पथ संचलन निकाला। विजयादशमी उत्सव के माध्यम से राष्ट्रसेवा, सामाजिक समरसता, संगठन की मजबूती और समाज के प्रति कर्तव्यबोध का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



20 एमएलबी में कबड्डी प्रतियोगिता आज से

सीमा सन्देश # लाधुवाला। समीपस्थ चक 20 एमएलबी के खेल मैदान में गुरु तेग बहादुर कबड्डी क्लब द्वारा कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन 20 अक्टूबर से होगा। यह टूर्नामेंट 55 किलो वेट कैटेगरी में खेला जाएगा। प्रथम पुरस्कार 5100 रुपये, ट्रॉफी और द्वितीय पुरस्कार 3100 रुपये व ट्रॉफी रखा गया है। 20 अक्टूबर को सुबह 11 बजे तक ही एंट्री ली जाएगी। प्रो कबड्डी के नियम लागू होंगे। खिलाड़ियों के खाने-पीने की व्यवस्था 20 एमएल के गुरुद्वारा में की जाएगी। यह एक ग्रामीण प्रतियोगिता होगी जिसमें 2 खिलाड़ी बाहर से खेल सकते हैं। प्रदीप मान, सगनदीप मान, आलोक मान, जगदीप मान, संदीप मान, नवदीप बराड़, निर्मल गिल, हरमन ढिल्लों, गुरसेवक सिंह, मनप्रीत सिंह, सुरेन्द्र सिंह, अशवीर सिंह सहित विदेश से दविंदर बराड़ (कनाडा), नवराज बराड़ (यूके) और हैप्पी संधू (अमेरिका) से सहयोग कर रहे हैं।

न्यूज इन ब्रीफ

हनुमानगढ़। प्रियल एनी सारस्वत को जन्मदिन पर दादा - दादी सुशील इंदु सारस्वत, पापा - मम्मी सुमित निशा सारस्वत, ताऊ - ताई विक्की स्नेहा सारस्वत, चाचा - चाची विशु अंकिता सारस्वत, मासा - मासी पंकज मिश्रा पूजा शर्मा व भाई - बहन रिषभ प्रिंसी रक्षिता ,गर्विता ग्रेसी, कार्तिक व केशव की ओर से बधाई व शुभकामनाएं।



बींझबायला। हनिश गोदारा के जन्मदिन पर दादा लालचंद गोदारा, पापा-मम्मी कुलदीप गोदारा-कविता गोदारा, नानी सिलोचना भादू एवं समस्त गोदारा परिवार की तरफ से बधाई।



न्यूज इन ब्रीफ

'कांच केरी चिमनी' सॉन्ग सिंगर मनदीप रमाणा आज आएंगे

सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर। दशहरा पर्व के अवसर पर इस बार डीके फैक्टरी स्थित निर्मल विजया रेजीडेंसी में भव्य दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। 20 अक्टूबर को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में ह्यकांच केरी चिमनीह्न फेम मशहूर गायक मनदीप रमाणा अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में रावण, मेघनाथ एवं कुंभकर्ण के विशाल पुतलों का भव्य दहन, आतिशबाजी और अन्य आकर्षक प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण रहेंगी। सुबह से क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर श्रीरामचन्द्र की झांकी निकाली जाएगी। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर दशहरा महोत्सव का आनंद लेने की अपील की है। इस बार यहां दशहरा डीके फैक्टरी में खास अंदाज में मनाया जाएगा।



आज मनाया जाएगा दशहरा महोत्सव

सीमा सन्देश # अनूपगढ़। शहर में मंगलवार को दशहरा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। दशहरा आयोजन संस्था की ओर से महाराजा गंगासिंह मेला ग्राउंड में शाम सवा पांच बजे रावण दहन का कार्यक्रम होगा। इस दौरान रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतलों का दहन होगा। संस्था अध्यक्ष भजनलाल कामरा के नेतृत्व में कार्यकारिणी सदस्य महोत्सव की तैयारियों में जुटे हैं। संस्था सदस्य साहिल कामरा ने बताया कि इस बार रावण का पुतला करीब 75 फीट ऊंचा जबकि कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतलों की ऊंचाई करीब 60 फीट रखी गई है।

शोक समाचार

परमेश्वरी देवी गोयल के निधन पर शोक

सादुलशहर। नई धान मंडी के व्यवसायी एवं श्री खाटू श्याम मंदिर समिति के पूर्व अध्यक्ष गजानंद गोयल की माता परमेश्वरी देवी धर्म पत्नी स्व. हनुमान गोयल के निधन स्वरूप सोमवार दोपहर डेढ बजे श्रीराम कल्याण भूमि में अंतिम संस्कार कर दिया गया। व्यापार मंडल प्रवक्ता प्रवेश गोयल के अनुसार, शोक स्वरूप अपरान्ह तीन बजे तक जिंसों की बोली स्थगित रखी गई। निधन पर चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप खीचड, डॉ. बीबी गुप्ता, व्यापार मंडल के संरक्षक रतनलाल गोयल, अध्यक्ष संदीप सिंगला, सचिव पुनीत गुप्ता, महासचिव अमित तरड, उपाध्यक्ष कमल गोयल, राजेंद्र सुखीजा आदि ने शोक व्यक्त किया है।

ग्लोबल न्यूज

वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ऑफ द ईयर 2026 की विजेता तस्वीरें आईं सामने



'वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ऑफ द ईयर 2026' की विजेता तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की गई हैं। इनमें बाड़ से बंधे मृत प्यूमा, जेब्रा के समूह पर पानी छिड़कते हाथी के बच्चे और मृत शावक को ले जाते हाथी की तस्वीरें शामिल हैं। एक तस्वीर में थार रेगिस्तान के रेत के टीले में बिल बनाते बिच्छू को भी दिखाया गया है।

हिमस्खलन के बाद अलास्का की कड़ाके की ठंड में 50 घंटे अकेले रही डॉगी, ऐसे बचाई गई



10-अक्टूबर को पर्वतारोहियों संग अलास्का के चुगाच स्टेट पार्क में मौजूद पूडल-हस्की नस्ल की 4-वर्षीय डॉगी 'लू-लू' हिमस्खलन के बाद खो गई। इस दौरान 'लू-लू' ने करीब 50-घंटे कड़ाके की ठंड में अकेले बिताए। 'लू-लू' ने ट्रैकिंग में काम आने वाला एप्पल एयरटैग गले में पहना था जिसकी मदद से उसे खोजा गया। 'लू-लू' की एक उंगली और एक टूट गया है।

बच्चों के स्क्रीन इस्तेमाल पर अलग-अलग सलाह से माता-पिता में बढ़ सकता है तनाव



डीकिन यूनिवर्सिटी के नए शोध में पाया गया है कि बच्चों के स्क्रीन इस्तेमाल को लेकर दी जाने वाली अलग-अलग और विरोधाभासी सलाह माता-पिता में तनाव और अपराधबोध बढ़ा सकती है। शोध में 34 माता-पिता से बातचीत की गई। विशेषज्ञों के अनुसार, हर बच्चे और परिवार की परिस्थितियां अलग होती हैं इसलिए एक जैसी सलाह सब पर लागू नहीं होती।

नहाने का तौलिया तीन-चार बार इस्तेमाल के बाद धोएं: विशेषज्ञ



त्वचा रोग विशेषज्ञों के अनुसार, नहाने के तौलिए को हर 3-4 बार इस्तेमाल के बाद धोना चाहिए। गीला तौलिया बैक्टीरिया और फंगस पनपने का कारण बन सकता है। इस्तेमाल के बाद तौलिया फैलाकर सुखाएं, परिवार में हर सदस्य का अलग तौलिया रखें और बदबू आने पर तुरंत बदलें।

सपनों की लड़की से मिलने के लिए शख्स ने बेच दिया सब कुछ, 1,900 किमी का किया सफर



ब्राजील के 49-वर्षीय एक शख्स ने उस महिला से मिलने के लिए अपना सारा सामान बेच दिया और 1,900 किमी से अधिक की यात्रा की जिससे वह शादी करना चाहता था। हालांकि, उसे पता चला कि वह महिला एआई से बनाया गया एक किरदार थी। बकौल शख्स, वह पुरुषों के साथ रहने और आर्थिक मदद देने का वादा करती थी।

बिना काम किए 2 साल तक मिलती रही सैलरी, यूट्यूब-नेटफ्लिक्स से कमाए 2.6 करोड़



एक टेक कर्मचारी ने दावा किया है कि कंपनी में बड़े संगठनात्मक बदलाव के बाद उसे करीब दो साल तक कोई खास काम नहीं मिला, लेकिन सालाना 2.6 करोड़ की सैलरी मिलती रही। इस दौरान वह ऑफिस में 'यूट्यूब और नेटफ्लिक्स' देखता था और न्यूयॉर्क घूमता था। कर्मचारी के मुताबिक, उसे इस अवधि में 4.7 करोड़ से ज्यादा मिले।

इस देश में कुत्ते को मिला था कार चलाने का लाइसेंस, जानें क्या थी वजह



न्यूजीलैंड में 2012 में पोर्टर नामक कुत्ते ने कार चलाकर ड्राइविंग लाइसेंस हासिल किया था। इसके लिए उसे 8-हफ्तों तक ट्रेनिंग दी गई और एक मिनी कूपर को खास तौर पर मॉडिफाई किया गया था। यह पहल बचाए गए कुत्तों की क्षमताओं को दिखाने और लोगों को उन्हें गोद लेने के लिए प्रोत्साहित करने के मकसद से की गई थी।



पुतला निर्माण

दशहरा त्योहार से पहले कलाकार बड़े उत्साह से राक्षस राजा रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के विशाल पुतले तैयार कर रहा है। वह बांस की तीलियों, सुतली, पुराने कागजों और रंग-बिरंगे कपड़ों की मदद से इन पुतलों को आकार दे रहा है। पुतलों में आतिशबाजी भरी जाती है ताकि विजयादशमी के दिन उनका दहन किया जा सके। कलाकार का यह हुनर अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक इस त्योहार में नई उमंग भर देता है।

क्रिकेट का नया रिकॉर्ड : रणजी ट्रॉफी में दूसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाया

78 साल बाद रणजी में फिर बना इतिहास, 400 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने चिन्मय सुतार

सोविमा (नागालैंड)

भारतीय घरेलू क्रिकेट में मिजोरम के बल्लेबाज चिन्मय सुतार ने इतिहास रच दिया है। रणजी ट्रॉफी 2025-26 के प्लेट ग्रुप मुकाबले में नागालैंड के खिलाफ सुतार ने 400 रन की ऐतिहासिक पारी खेलकर एक ऐसा कारनामा किया, जो इससे पहले करीब 78 साल पहले देखने को मिला था। वह रणजी ट्रॉफी के इतिहास में एक पारी में 400 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले महाराष्ट्र के बीबी निंबलकर ने 1948-49 के सत्र में काठियावाड़ के खिलाफ नाबाद 443 रन बनाए थे। दीमापुर के सोविमा में खेले गए इस मुकाबले में मिजोरम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 581 रन बनाकर घोषित कर दी। चिन्मय सुतार ने नाबाद 400 रन की पारी में 46 चौके और सात छक्के लगाए।



फर्स्ट क्लास में लारा ने बनाए थे 501 रन : सुतार की यह उपलब्धि केवल रणजी ट्रॉफी तक सीमित नहीं है। वह फर्स्ट क्लास क्रिकेट के इतिहास में एक पारी में 400 या उससे अधिक रन बनाने वाले चुनिंदा बल्लेबाजों के खास क्लब में शामिल हो गए हैं। इस उपलब्धि को हासिल करने वाले खिलाड़ियों में ब्रायन लारा और डॉन ब्रैडमैन जैसे दिग्गजों के नाम भी शामिल हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है, जिन्होंने वारविकशायर की ओर से डरहम के खिलाफ नाबाद 501 रन बनाए थे।

बीबी निंबलकर ने बनाए थे 443 रन, पृथ्वी शॉ ने 279: चिन्मय सुतार अब रणजी ट्रॉफी के इतिहास में सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारियां खेलने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस सूची में शीर्ष स्थान पर बीबी निंबलकर हैं, जिन्होंने 1948-49 में नाबाद 443 रन बनाए थे। सुतार ने पृथ्वी शॉ के 379 रन के स्कोर को भी पीछे छोड़ दिया है। शॉ ने 2022-23 के सत्र में मुंबई की ओर से असम के खिलाफ यह पारी खेली थी। चौथे स्थान पर पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर हैं, जिन्होंने 1990-91 के सत्र में मुंबई के लिए हैदराबाद के खिलाफ 366 रन बनाए थे। वहीं, हैदराबाद के एमवी श्रीधर 344 रन की पारी के साथ पांचवें स्थान पर हैं।

सरफराज खान ने जड़ा शतक मुंबई को 258 रनों की बढ़त

रणजी ट्रॉफी: हिमाचल के खिलाफ स्थिति मजबूत

बिलासपुर

रणजी ट्रॉफी 2026-27 के ग्रुप डी मुकाबले में मुंबई ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ पहली पारी के आधार पर 258 रन की बढ़त हासिल कर ली। मैच के दूसरे दिन सरफराज खान के शानदार नाबाद शतक की बदौलत मुंबई ने चार विकेट पर 398 रन बना लिए। सरफराज खान ने 213 गेंदों पर 18 चौकों की मदद से नाबाद 139 रन बनाए। आकाश आनंद ने भी शानदार धैर्य दिखाते हुए 152 गेंदों पर छह चौकों की मदद से नाबाद 58 रन बनाए। मुंबई के कप्तान सिद्धेश लाड ने 188 गेंदों पर 87 रन बनाए। मुशीर ने 137 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से



57 रन बनाए। न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिलने के बाद सरफराज ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर अपनी क्षमता का परिचय दिया।

बीसीसीआई का बदलाव: प्रज्ञान ओझा भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम चयन समिति के नए अध्यक्ष नियुक्त, रमेश पोवार मेंबर बने

मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पुरुष क्रिकेट टीम की चयन समिति में बदलाव करते हुए पूर्व भारतीय स्पिनर प्रज्ञान ओझा को नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। वरिष्ठता के आधार पर ओझा को समिति की कमान सौंपी गई है। वह पूर्व अध्यक्ष अजीत अगरकर का स्थान लेंगे। वहीं, पूर्व क्रिकेटर रमेश पोवार को चयन समिति का नया सदस्य बनाया गया है। बीसीसीआई की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) के सदस्य अशोक



मल्होत्रा और जतिन परांजपे ने चयन प्रक्रिया पूरी करने के बाद रमेश पोवार



के नाम की सिफारिश की। अब पुरुष चयन समिति में प्रज्ञान ओझा (अध्यक्ष), शिव सुंदर दास, आरपी सिंह, अजय रात्रा और रमेश पोवार सदस्य के रूप में काम करेंगे।

ओझा और पोवर का अनुभव : प्रज्ञान ओझा ने भारत के लिए 24 टेस्ट, 18 वनडे और छह टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। टेस्ट क्रिकेट में उनके नाम 113 विकेट दर्ज हैं। वहीं रमेश पोवार ने भारत के लिए दो टेस्ट और 31 वनडे मैच खेले हैं और वह भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रह चुके हैं।

एशियाई पैरा गेम्स ; निशानेबाजी में मोना ने स्वर्ण, अवनि ने रजत जीता



वार्ता # नागोया (जापान)। भारत की मोना अग्रवाल ने सोमवार को एशियाई पैरा गेम्स की निशानेबाजी की आर 2 - महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं हमवतन अवनि लेखरा को रजत पदक मिला। मोना अग्रवाल (टॉप्स एथलीट) ने 250 स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने नया एशियाई पैरा गेम्स रिकॉर्ड भी बनाया (अवनि के 249.6 के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया)। अवनि लेखरा (टॉप्स एथलीट) ने 249.6 स्कोर के साथ रजत पदक मिला। अवनि ने लॉस एंजिल्स पैरालिंपिक 2028 के लिए भी कोटा जीता है।

राम कथा की नारियों को समर्पित नवरात्र शृंखला सम्पन्न

नवरात्र शृंखला- 11

दो तपस्वी द्वार पर खड़े थे... पूछा- कौन हो बेटा। रास्ता भटक गए क्या... कहां जाना है? मईया, मैं राम, और ये मेरा भाई लक्ष्मण। हम माता शबरी को खोज रहे हैं, कहां मिलेंगी हमारी माता। लीलाधारी राम जैसे निपट अंजान हों। शबरी जैसे जड़ होकर रह गई... आंखों से आंसू झरने लगे। पता नहीं एक उस क्षण में कितने युग बीते... इतने दिन से तैयारी कर रही, पर इस क्षण कुछ न सूझता। राम आ गए हैं... राम सचमुच आ गए हैं... बौराई सी शबरी, कभी आचमन के लिए जल देती, कभी प्रभू के चरणों में सर रख देती। कभी कुटिया के भीतर दौड़ती सी जाती, कि कुछ आसन ले आएं... फूल की टोकरी तो भीतर ही रह गई। कभी हँस पड़ती, तो कभी रो देती... राम बस मुस्कुराते जाते हैं। व्याकुल मन ने चिर प्रतीक्षा की थी, और शायद आगे भी चिर प्रतीक्षा करनी पड़े, इसके लिए मन तैयार भी था। और आज अचानक यह सुखद दृश्य? ओह... इस एक क्षण को युगों के लिए कैसे सहेज लूं राम... राम तुम सचमुच ही आ गए हो ना... विश्वास ही नहीं होता।

बहुत देर यह उपक्रम चलता रहा। आखिर राम ने शबरी की मुग्धता तोड़ी- 'माता, क्षमा करें, मुझे आने में देर हुई। आपको कष्ट हुआ। पर आज आपके हाथों से भोजन पाने की इच्छा है' शबरी कुछ कह नहीं पा रहीं... 'माता' संबोधन ने तो जैसे जन्मों के सम्बन्ध जोड़ लिए हों। 'मुझ भीलनी से इतना प्रेम राम? मेरा तो जन्म सफल हुआ। इसी स्थिति में किसी तरह भीतर गईं, और वह बेर उठा लाईं। भाव समर्पण था। मंत्रमुग्ध सी शबरी, राम को निहारती, एक-एक बेर चखती, मीठा वाला राम को देती, और खट्टा बेर फेंक देती। राम उस प्रेम का स्वाद ले रहे हैं। भक्ति का रस है। और भावों से पेट भर रहा था।

तुम भी खाओ लक्ष्मण, राम ने बेर बढ़ाए। पर उधर लखनलाल क्रोध में हैं- 'अरे!! चौदह भुवनों की निधियां जिन चरणों की दासी हैं। महालक्ष्मी स्वयं जिनके लिए छप्पन भोग बनाती हैं, उन्हें यह पगली सी वृद्धा, जूठे बेर खिला रही है।' अभी अपने शेष अवतार में होते तो धरती पलट देते। पर मर्यादा है। लक्ष्मण बोले- 'आप लीजिये भईया, मैं ऐसे ही ठीक हूं।' पर उनकी मुख-भंगिमा को देख, शबरी अचानक जैसे नींद



से जागी हों। राम को जूठे बेर देने का भान हुआ। वे राम के पैरों में गिर पड़ी। प्रभु, मैं न भक्ति जानती, और ना कोई सत्कार। मेरी इस भूल को क्षमा करें नाथ। मुझ दीन पर दया करें कृपा निधि। राम ने उन्हें उठाया और कहा- 'माता आप का यह प्रेम, मुझे आज अवध की अपनी माताओं का बोध करा रहा है। हे सुलक्षणे, भक्ति नवधा अर्थात् नौ प्रकारों की होती है। श्रवण (प्रभु कथाएं सुनना), कीर्तन (महिमा गुण गान), स्मरण (निरंतर भगवान का ध्यान), पद सेवा (ईश्वर के चरणों में आश्रय लेना), अर्चन (पवित्र सामग्रियों से पूजा), वंदन (गुरु, माता-पिता और हर जीव में भगवान स्वरूप देखकर उनका आदर और सेवा), दास्य (प्रभु को स्वामी मानना) सख्य (सखा भाव) और आत्म निवेदन (समर्पण)। मेरा कोई भक्त इनमें से किसी एक मार्ग पर भी निष्ठा, समर्पण और प्रेमपूर्वक चले, तो मुझे प्रिय हो जाता है. फिर आपने तो गुरु सेवा, निरंतर मेरा ध्यान, नाम-जप, आदि नवधा भक्ति के हर मार्ग का शीर्ष छू लिया है। हे माता, आप की भक्ति मुझे प्राणों से भी प्रिय है।'

राम के मीठे वचनों से शबरी ने संतोष पाया। राम-धुन में मगन हो कर बिताए ये वर्ष, आज पूर्ण हुए। भक्तवत्सल प्रेम मगन हैं, और शबरी भाव विह्वल। दोनों अपने-अपने सुखों में डूबते-उतराते हैं। पर अब मुक्ति का समय। शबरी, राम को बारंबार प्रणाम करती हुई, अब स्वर्ग की ओर चलीं। माता शबरी का चरित्र- वैभव आज भी सूर्य की तरह भक्ति के आकाश में चमकता है। वह भक्ति की विशालता भी हैं, और सूक्ष्मता भी। माता शबरी का वह भक्ति अंश, दुर्गा सा प्रखर, और ओज पूर्ण है।

माता शबरी को नमन के साथ आज हमारी भी यह शृंखला शेष हुई। राम कथा की इन नारियों में, अक्सर माता जगदम्बा के प्रतिबिंब उभरते हैं। कौशल्या का धैर्य, वात्सल्य और त्याग। सुनयना और चंद्रभागा में प्रेम और सामंजस्य। कैकई के मन की विशालता। सुमित्रा और शांता की दृढ़ता, और साहस। अहिल्या में निहित मन, वचन और कर्म की पवित्रता। माता अंजनी की कर्मठता। अनुसूया जैसी चरित्र की प्रखरता। त्रिजटा जैसा विपरीत परिस्थितियों को भी अपने अनुकूल करने की क्षमता, और भक्ति की भाव शुद्धि। मंदोदरी और सुलोचना जैसा सतीत्व का वैभव और अंत में शबरी की नवधा भक्ति। यह सब साक्षात् जगदम्बा तत्व ही तो हैं। जिन्हें इस नवरात्र श्रृंखला में हमने बारम्बार नमन किया। इन सब चरित्र के विस्तार, और गूढ़-सूक्ष्म भक्ति-अंश, हम सभी का जीवन प्रकाशित करें, मेरी यही मंगलकामनाएं है।



आकांक्षा प्रफुल्ल पाण्डेय (मुम्बई)

बीते दिनों से इस शृंखला के माध्यम से आप सब से जुड़ी रही। लिखित और फोन संदेशों के माध्यम से पाठकों और श्रोताओं का अनंत स्नेह पाया। यह निश्चय ही सियाराम कृपा है। बहुत से पाठकों ने सीता मां, उर्मिला, श्रुतकीर्ति, माण्डवी आदि के भी उल्लेख के लिए आग्रह किया। महादेव के आशीर्वाद से इन विषयों और अन्य प्रसंगों को साथ लेकर जल्द ही प्रस्तुत होने का फिर प्रयास करूंगी। आपके इस स्नेह और आशीर्वाद को विनम्रतापूर्वक शिरोधार्य करती हूं। इसी के साथ आप सब को नवरात्र, और दशहरे की शुभकामनाएं। **(समाप्त)**

हिरासत में लिए गए किसान रिहा, किसानों ने आज अहम बैठक बुलाई

सिंचाई मंत्री से वार्ता बेनतीजा: हेड पर जा रहे किसानों को पुलिस ने रोका





सीमा सन्देश # घड़साना।

सिंचाई पानी की मांग को लेकर चल रहे किसान आंदोलन के तहत जयपुर में जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत के साथ हुई वार्ता बेनतीजा रही। वार्ता विफल होने से आक्रोशित हजारों किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य वाहनों के साथ बिरधवाल हेड की ओर कूच कर गए। किसानों ने पूर्व घोषणा के अनुसार अनूपगढ़ शाखा के गेट खोलकर पानी छोड़ने की चेतावनी दी थी।

हालात को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए। भारी पुलिस जाब्ता तैनात कर किसानों को आगे बढ़ने से रोक दिया गया। रात के समय कुछ किसानों ने आगे बढ़ने का प्रयास किया, जिन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इसके विरोध में किसान रातभर वहीं डटे रहे। सुबह प्रशासन से वार्ता और रिहाई के समझौते के बाद किसान उपखंड कार्यालय स्थित धरना स्थल लौट आए। शाम को पुलिस ने हिरासत में लिए गए सभी किसानों को रिहा कर दिया।

किसानों ने आज 11 बजे आम बैठक बुलाई

धरना स्थल पर आयोजित आमसभा में वक्ताओं ने सरकार की दमनकारी नीतियों की कड़े शब्दों में निंदा की। 'खेत बचाओ किसान संघर्ष समिति' के नेताओं ने सभी राजनीतिक दलों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर किसानों की जायज मांगों के समर्थन में एकजुट होने की अपील की। किसान नेताओं ने मंगलवार सुबह 11 बजे आम बैठक बुलाई है, जिसमें आंदोलन को और तेज करने के लिए आगामी रणनीति तय की जाएगी। उनका कहना है कि मांगें माने जाने तक संघर्ष जारी रहेगा।

धरना स्थल पर तय होगी रणनीति

सीमा सन्देश # सूरतगढ़।

सिंचाई पानी की मांग को लेकर जयपुर में मंत्री से वार्ता विफल होने के बाद घड़साना से बिरधवाल हैड की ओर कूच करने के दौरान गिरफ्तार छह किसानों को जमानत मिल गई। रविवार देर शाम पुलिस ने किसानों को रोकने के दौरान शांति भंग की आंशका में उन्हें हिरासत लेकर सिटी थाना लाया गया। सोमवार को सभी 6 किसानों को उपखंड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें निजी मुचलके पर रिहा करने के आदेश हुए। गिरफ्तार किए गए किसानों में हरसुख पुत्र नारायण राम निवासी नई मंडी घड़साना, सुरेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी 5एमडी घड़साना, मांगीलाल पुत्र राजाराम निवासी 4एसटीआर घड़साना, गुरभेज सिंह पुत्र बक्शी सिंह निवासी 2एसी घड़साना, कालूराम पुत्र नंदलाल निवासी 2 केडब्ल्यूएम खाजूवाला व कमल पुत्र श्रवण कुमार निवासी घड़साना शामिल हैं।

बिरधवाल हैड से करीब दो किलोमीटर पहले पुलिस ने भारी जाब्ता लगाकर किसानों को रोक दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक हरिशंकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसके बाद किसानों ने सड़क पर धरना लगा दिया और पूरी रात वहीं बिताई। धरने के चलते यातायात भी प्रभावित रहा। सोमवार सुबह बिरधवाल हैड के पास प्रशासन व किसानों के बीच वार्ता हुई। समझाइश के बाद किसानों ने फिलहाल धरना समाप्त कर दिया, जिससे यातायात बहाल हो गया। किसानों ने बताया कि अब घड़साना स्थित धरना स्थल पर आंदोलन की आगामी रणनीति तय की जाएगी।

दोनों जिलों के जिला परिषद और 10 पंचायत समितियों के पैनल तैयार

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

भाजपा ने दो दिनों में बैठकों के लम्बे दौर चलाकर दोनों जिलों के जिला परिषदों और तीसरे चरण में जिन 10 पंचायत समितियों के डायरेक्टरों के चुनाव होने हैं, उनके जोन वाइज तीन-तीन नामों के पैनल तैयार कर दिए हैं। इस सम्बंध में रविवार को श्रीगंगानगर भाजपा कार्यालय में हुई बैठक में राजियासर, सूरतगढ़ एवं श्रीबिजयनगर पंचायत समितियों के पैनल के साथ ही जिला परिषद के लिए सभी जोन के पैनल तैयार कर दिए। पता चला है कि इन पैनलों को लेकर संगठन के पदाधिकारियों व विधानसभा चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों के बीच कुछ नामों को लेकर नौकझोंक भी हुई। हनुमानगढ़ में पैनल बनाने के लिए सोमवार को बैठक हुई। इसमें संभाग चुनाव प्रभारी कैलाश चौधरी, जिलाध्यक्ष प्रमोद डेलू, जिला चुनाव प्रभारी मधुसूदन भिंडा व दीपक पारीक, प्रदेश महामंत्री कैलाश मेघवाल, अजा मोर्चा अध्यक्ष निहालचंद मेघवाल, भाजपा के विधायक व विधानसभा चुनाव में उतरे अन्य चारों प्रत्याशी, पंचायत समिति प्रभारी रतन गणेशगढ़िया, आरती शर्मा व संजय महिपाल आदि तथा प्रियंका बेलान भी शामिल हुईं। इस बैठक में जिला परिषद के सभी जोन के पैनल के साथ ही हनुमानगढ़ जंक्शन, पीलीबंगा, पल्लू, नोहर, भादरा, राजपुर के पंचायत समिति डायरेक्टरों का पैनल भी तैयार किया गया। दोनों जिलों में शेष पंचायत समितियों के डायरेक्टरों के लिए पैनल अगले सप्ताह बनाया जाएगा। दो दिनों में श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ जिले के जिला परिषद व पंचायत समितियों के सदस्यों के लिए जो पैनल तैयार किए गए हैं, उन्हें लेकर जिला चुनाव प्रभारी जयपुर चले गये हैं। बुधवार को दोपहर प्रदेश भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ की उपस्थिति में होने वाली चुनाव समिति की बैठक में बीकानेर संभाग के नामों पर चर्चा कर प्रत्याशी तय कर दिए जाएंगे।



सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528